3 राजधानी
उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

6 अभिमत
स्वावलंबन के लिए रक्षा स्वदेशीकरण

9 राष्ट्रीय
असम में 1330 किलो हेरोइन जब्त, चार लोग गिरफ्तार

10 विदेश
रूस का लक्ष्य यूक्रेन के राष्ट्रपति को हटाना

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 257
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अक्षर पटेल का धमाल, भारत ने शृंखला जीती
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली

## कहा, मेरा निर्वाचन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब सपने देख सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्राचीन** परंपराओं एवं आधुनिक राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने के संकल्प के साथ द्रौपदी मुर्मू ने देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में सोमवार को शपथ ली। वह जनजातीय समुदाय से आने वाली देश की पहली राष्ट्राध्यक्ष और इस शीर्ष संवैधानिक पद को ग्रहण करने वाली दूसरी महिला हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में आज भारत के प्रधान न्यायाधीय एनवी रमण ने मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना, मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह भारत के प्रत्येक गरीब की उपलब्धि है। मेरा निर्वाचन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब सपने देख भी सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है। मुर्मू (64 वर्ष) देश की सबसे युवा राष्ट्रपति हैं और देश की पहली ऐसी राष्ट्रपति हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ हैं। उन्होंने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपनी जीवन यात्रा ओडिशा के एक छोटे से आदिवासी गांव से शुरू की थी और वह जिस पृष्ठभूमि से आती हैं, वहां उनके लिए प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना भी एक सपने जैसा ही था। उन्होंने कहा, लेकिन अनेक बाधाओं के बावजूद मेरा संकल्प दृढ़ रहा और मैं कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली बेटी बनी। मैं जनजातीय समाज से हूं, और वार्ड पार्षद से लेकर भारत की राष्ट्रपति बनने तक का अवसर मुझे मिला है। यह लोकतंत्र की जननी भारतवर्ष की महानता है, यह हमारे लोकतंत्र की ही शक्ति है। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचे। दोनों संसद के केंद्रीय कक्ष गए, जहां ड्रम बजाकर उनका स्वागत किया गया। मुर्मू को 21 तोपों की सलामी दी गई जिसके बाद उन्होंने शपथ पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान उपस्थिति गणमान्य लोगों द्वारा मेज थपथपाकर उनका अभिवादन किया। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि समारोह में शामिल हुए। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे जिनमें नवीन पटनायक, एकनाथ शिंदे, जयराम ठाकुर, योगी आदित्यनाथ, एन वीरेन सिंह आदि शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने कहा कि विविधताओं से भरे अपने देश में हम अनेक भाषा, धर्म, संप्रदाय, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों को अपनाते हुए एक भारत - श्रेष्ठ भारत के निर्माण में सक्रिय हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी और कहा कि उनका देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालना भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, खासकर गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत की उपलब्धियों पर जोर दिया और ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में शपथ ग्रहण के बाद गणमान्य लोगों का अभिवादन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे

# 100 करोड़ में राज्यपाल और रास सांसद बनवाने का झांसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में सीबीआई के ताबड़तोड़ छापे, चार गिरफ्तार
- आरोपी सीबीआई का वरिष्ठ अधिकारी बनकर उच्च पदस्थ लोगों से संबंध होने का करते थे दावा

**सीबीआई** ने हाईप्रोफाइल लोगों और राजनेताओं को 100 करोड़ रुपय में राज्यपाल, राज्यसभा सांसद एवं विभिन्न सरकारी संगठनों/संस्थाओं का अध्यक्ष बनवाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास करते अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस शातिर गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ लिया गया है। एक अभी फरार है। उन्होंने बताया कि जांच एजेंसी ने इस मामले में हाल ही में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में सात स्थानों पर छापेमारी कर गिरोह का पर्दाफाश किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर जिले के रहने वाले कमलाकर प्रेमकुमार बंदगर, कर्नाटक के बेलगाम निवासी रवींद्र विट्ठल नाइक और दिल्ली-एनसीआर के रहने वाले महेंद्र पाल अरोड़ा तथा अभिषेक बूरा को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान मोहम्मद एजाज खान नामक एक आरोपी सीबीआई अधिकारियों पर हमला कर फरार होने में कामयाब रहा। अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपी के खिलाफ जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में स्थानीय थाने में एक अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। एजेंसी ने मामले के सिलसिले में सभी पांचों आरोपियों को प्राथमिकी में नामजद किया है।

हालांकि, सीबीआई की एक विशेष अदालत ने एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी चार लोगों को जमानत दे दी है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि बंदगर खुद को एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के रूप में पेश करता था और उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ अपने संबंधों का हवाला देते हुए बूरा, अरोड़ा, खान और नाइक से कोई भी ऐसा काम लाने को कहता था, जिसे वह भारी-भरकम रकम के एवज में पूरा करवा सके। प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपियों ने राज्यसभा की सीट दिलवाने, राज्यपाल के रूप में नियुक्ति करवाने और केंद्र सरकार के ( शेष पेज 8 )

# महंगाई व जीएसटी पर हंगामा कांग्रेस के 4 सदस्य निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद सत्र**

- विपक्ष का आरोप, लोकसभा में आम जन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से बच रही सरकार
- सत्तापक्ष ने कांग्रेस के चार सांसदों के शेष सत्र से निलंबन को उचित ठहराया

**महंगाई** और जीएसटी के मुद्दे को लेकर सोमवार को सदन में तख्तियां दिखाकर प्रदर्शन करने और आसन की अवमानना करने के मामले में कांग्रेस के चार सदस्यों-मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, जोतिमणि और राम्या हरिदास को चालू सत्र की शेष अवधि के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के लगातार हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे बैठक पुन: शुरू हुई तो पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। उनके हाथों में तख्तियां भी थीं। शोर-शराबे के बीच ही कुछ सदस्यों ने नियम 377 के तहत अपने विषय रखे।

इसके बाद पीठासीन सभापति अग्रवाल ने कहा कि कुछ सदस्य निरंतर तख्तियां आसन के सामने दिखा रहे हैं जो सदन की मर्यादा के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने भी इस संबंध में सदस्यों को चेतावनी दी थी। अग्रवाल ने कहा कि आसन के पास इन सदस्यों के नाम लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सदस्य कृपया इस चेतावनी का ध्यान रखें और किसी तरह की तख्ती नहीं दिखाएं। उन्होंने कांग्रेस के चारों सदस्यों को सदन की कार्यवाही से निलंबित किए जाने की घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आसन से चारों कांग्रेस सांसदों के खिलाफ कार्यवाही करने का अनुरोध किया और इस संबंध में सदन में प्रस्ताव रखा। अग्रवाल ने इसके बाद सदन की कार्यवाही अपराह्न करीब 3:50 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले अपराह्न दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर शोर-शराबा करने वाले सदस्यों से अपने स्थान पर लौटने की अपील करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मेरी सहृदयता का अलग अर्थ नहीं निकालें। तीन बजे के बाद मैं सदन में चर्चा करवाने के लिए तैयार हूं। सरकार चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि लेकिन यदि तख्तियां ही दिखानी हैं तो तीन बजे बाद सदन के बाहर दिखाइएगा। बिरला ने कहा कि तीन बजे के बाद तख्तियां और नारे सदन के बाहर ही दिखा पाएंगे। ( शेष पेज 8 )

# एलएसी पर सड़कों का जाल हवाई पट्टियों का निर्माण तेज

- दो साल से चीन के साथ तनातनी को देखते हुए सीमा के पास आधारभूत ढांचा मजबूत कर रहा भारत, सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पिछले** दो साल से लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ गतिरोध को देखते हुए भारत ने पश्चिम में लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक एलएसी के साथ हवाई पट्टियां और हेलीपैड के निर्माण की गति तेज कर दी है। इसके अलावा, भारत ने सीमा पर सभी मौसम में संचालित होने वाली सड़कों और पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा (एलओसी) सहित बुनियादी ढांचे के निर्माण की भी गति बढ़ा दी है। पिछले पांच वर्षों के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब 3,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, जिस पर 20,700 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आया है।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पिछले पांच साल में चीन के मोर्चे पर 2,088.57 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है। इस प्रयास में 15, 477 करोड़ रुपये का खर्च आया। उन्होंने साथ यह भी कहा कि बीआरओ ने पाकिस्तान के मोर्चे से लगी सीमा से 1,336.09 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है जिस पर 4,242.38 करोड़ रुपये की लागत आई है। मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा कि इसी तरह भारत-म्यांमार सीमा पर 882.52 करोड़ रुपये की लागत से 151.55 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया बनाई गई। ( शेष पेज 8 )

# राजनीति में नहीं होती तो जीभ काट लेती: ममता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का विरोधियों पर तीखा हमला- आपके पास स्याही है तो मेरे पास तारकोल का भंडार
- स्कूल भर्ती घोटाले से ममता ने बनाई दूरी, कहा- यदि कोई दोषी है तो उम्र कैद मिले, पर तय समय-सीमा में हो जांच

**स्कूल** स्तर के भर्ती घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ मंत्री पार्थो चटर्जी की गिरफ्तारी के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने आक्रामक अंदाज में विरोधियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे उन पर स्याही फेंकना बंद नहीं करेंगे तो उनके पास भी तारकोल का भंडार है। ममता यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने और तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि वह राजनीति में नहीं होती तो मेरी छवि खराब करने वालों की जुबान काट देतीं। ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्ष एक आपराधिक और न्यायिक मुद्दे को राजनीति में घसीट कर मेरी और तृणमूल कांग्रेस की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि वह स्पष्ट कर देना चाहती हैं कि अपने शासन के दौरान किसी को भी भ्रष्ट आचरण की अनुमति नहीं देगी।

ममता मंत्रिमंडल में नंबर दो की हैसियत रखने वाले मंत्री पार्थो चटर्जी और उनकी करीबी सहयोगी व पार्ट टाइम अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ईडी को 22.90 करोड़ रुपये और बड़ी संख्या में संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज मिले थे। इसी के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपित मंत्री से दूरी बनाते हुए बनर्जी ने कहा कि यदि कोई दोषी साबित होता है तो उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाए, ( शेष पेज 8 )

## पार्थ को तत्काल अस्पताल में भर्ती की जरूरत नहीं: एम्स

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर/कोलकाता

**स्कूल** भर्ती घोटाले के संबंध में गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी को सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-भुवनेश्वर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि वह गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, लेकिन उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चटर्जी (69) को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 24 जुलाई को ईडी को चटर्जी को एयर एम्बुलेंस से भुवनेश्वर स्थित एम्स ले जाने का निर्देश दिया था। एम्स के कार्यकारी निदेशक आशुतोष विश्वास ने संवाददाताओं से कहा कि हमने चटर्जी की जांच की है। उन्हें कुछ गंभीर बीमारियां हैं, ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,000 | ↓ 306 | |
| निफ्टी | 16,631 | ↓ 88 | |
| सोना | 50,665 | ↑ 21 | /10g |
| चांदी | 54,925 | ↓ 206 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बाराबंकी में दो बसों की टक्कर में आठ यात्रियों की मौत


**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह दो बसों की टक्कर में आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बिहार से दिल्ली जा रही दो बसों की हैदरगढ़ क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्थित थाना लोनिकटरा के नरेंद्रपुर मदरहा गांव के पास टक्कर हो जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 16 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि बिहार से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस ने एक अन्य डबल डेकर बस को पीछे से टक्कर मार दी थी।

# लाल सागर की सतह पर तालाब, जहां पहुंचते ही मौत

- मियामी विवि के वैज्ञानिकों ने की अनूठी खोज, महासागरों के बनने का खुल सकता है रहस्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**लाल** सागर के तल में एक खतरनाक तालाब (ब्राइन पूल) है जहां किसी भी तैरने वाले जीव या जंतु की मौत हो जाती है। इसका कारण उस स्थान पर खारे पानी की अधिकता और ऑक्सीजन की कमी है। यह खुलासा मियामी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा की गई एक विचित्र खोज में किया गया है। मियामी विश्वविद्यालय की टीम ने ब्राइन पूल की खोज लाल सागर के तल 1,770 मीटर की गहराई पर आरओवी (दूर से संचालित पानी के वाहन) का उपयोग करके की है। आरओवी के 10 घंटे के गोता लगाने के अंतिम पांच मिनट के दौरान इसका पता चला। खोज में पाया गया कि समुद्र तल पर स्थित ब्राइन पूल में नमक की मात्रा बहुत अधिक है। यहां का पानी आसपास के महासागर की तुलना में लगभग तीन से आठ गुना अधिक खारा है।

इस खोज टीम का हिस्सा रहे प्रोफेसर सैम पुर्किस ने बताया कि ब्राइन पूल में ऑक्सीजन नहीं है, जिसका मतलब यह है कि यदि कोई मछली यहां तैरते हुए पहुंचती है तो उसे पानी में ऑक्सीजन की जगह घातक स्तर का खारापन मिलता है और इसके कारण वह मर जाती है। इनमें हाइड्रोजन सल्फाइड जैसे जहरीले रसायन भी होते हैं। लाइव साइंस से बात करते हुए वैज्ञानिक पुर्किस ने कहा कि इस तालाब की खोज से वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में भी मदद मिल सकती है कि लाखों साल पहले पृथ्वी के महासागर आखिर किस प्रकार बने थे।

शोधकर्ताओं ने बताया कि ब्राइन पूल में संरक्षित करने वाला तत्व मौजूद हैं, उन्होंने बताया कि यहां एक एक केकड़ा पाया गया, जिसकी आठ साल पहले मौत होने के बाद भी उसके टिश्यू (ऊतक) नरम थे। पुर्किस कहते हैं, इस क्षेत्र में तैरने वाली मछलियों के लिए यह घातक है क्योंकि यहां ऑक्सीजन नहीं होने से वे इसकी आसान शिकार बनकर दम तोड़ देती हैं। वह बताते हैं कि ब्राइन पूल बड़ी संख्या में रोगाणुओं (माइक्रोब्स) का घर हैं और जैव विविधता में आश्चर्यजनक रूप से समृद्ध हैं। यह तथ्य वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर और सौर मंडल में के कठोर वातावरण में जीवन की सीमाओं को समझने में मदद कर सकता है। पुर्किस इस बात पर भी जोर देते हैं कि ये खोजें इसलिए भी आवश्यक हैं क्योंकि वे यह निर्धारित करने में मदद करेंगी कि क्या दूसरे ग्रह किसी जीवित प्राणी प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। हालांकि अत्यधिक गहराई वाले समुद्र तल पर सामान्यत: अधिक जीवन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हमारी खोज पृथ्वी पर विषम वातावरण में जीवित रहने वाले रोगाणुओं के एक समृद्ध समुदाय के जीवन की सीमाओं का पता लगाने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही इसे हमारे सौर मंडल में और उसके बाहर कहीं और जीवन की खोज का पता लगाया जा सकता है।

# आज ईडी सोनिया गांधी से फिर कर सकती है पूछताछ

**नई दिल्ली ( भाषा )।** अखबार नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दूसरे दौर की पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि ईडी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए गांधी के 26 जुलाई को दोपहर में एजेंसी के समक्ष पेश होने की संभावना है। शुरुआत में एजेंसी ने उन्हें सोमवार को तलब किया था, लेकिन बाद में तारीख एक दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। गांधी (75) से 21 जुलाई को मामले में पहले दिन दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी, जहां उन्होंने एजेंसी के 28 सवालों के जवाब दिए। ईडी कांग्रेस द्वारा प्रवर्तित अखबार नेशनल हेराल्ड का मालिकाना हक रखने वाली यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022



# सावन के दूसरे सोमवार पर उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

## मंगलवार रात नौ बजे के बाद से चतुर्दशी का जलाभिषेक शुरू होगा, मंदिरों में तैयारी पूरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सावन मास के दूसरे सोमवार को जस्सीपुरा स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा। वहीं हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे शिवभक्तों ने भी अपने आराध्य को हाजिरी का जल चढ़ाया। बता दें कि मंगलवार रात नौ बजे के बाद से चतुर्दशी का जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। देर रात से ही मंदिर में भक्तों की लाइन जलाभिषेक के लिए लगनी शुरू हो गई थी। तड़के सुबह भगवान दूधेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया।

श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्यों द्वारा आशुतोष भगवान का अभिषेक किया गया व पंचामृत स्नान के उपरांत भोग लगाया। इसके बाद मंदिर के महंत व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी द्वारा शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद भक्तों के जलाभिषेक के लिए मंदिर के कपाट खोले गए। तड़के सुबह से शुरू हुए जलाभिषेक का सिलसिला दिन भर जारी रहा।

मंदिर में लाखों की संख्या में कांवड़ियां जलाभिषेक करते हैं। जिसे देखते हुए मंदिर परिसर पूरी तरह से तैयार है। सैंकड़ों की संख्या में कांवडियां मंदिर परिसर के आसपास आधार शिविर में ठहरे हुए हैं, जो चतुर्दशी पर जलाभिषेक करेंगे। इसके उपरांत ही उनकी कांवड़ यात्रा सम्पन्न हो सकेगी।

जीटी रोड को भी वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। गौशाला फाटक, जस्सीपुरा मोड़ पर बेरिकेट्स लगा दिए गए हैं, ताकि शिवभक्तों को किसी प्रकार की समस्या न हो। मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि भगवान शिव को श्रावण माह अतिप्रिय है।

श्रावण माह में किये गये पूजन, जप व अभिषेक का फल अनन्त गुणों में मिलता है। उन्होंने बताया कि श्रावण शिवरात्रि का मुख्य मेला 26 जुलाई से 27 जुलाई तक रहेगा। शिवरात्रि का व्रत बुधवार 27 जुलाई को होगा और इसी दिन लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवडियां हरिद्वार, गंगोत्री, गौमुख से गंगाजल लाकर भगवान दूधेश्वर का अभिषेक करेंगे। 26 जुलाई को ही भगवान दूधेश्वर की आठ प्रहर की विशेष पूजा भी आरम्भ होगी। महंत नारायण गिरी ने बताया कि चतुर्दशी का जल मंगलवार 26 जुलाई को शाम 9;15 से प्रारम्भ होकर 27 जुलाई शाम तक चलेगा एवं व्रत भी उसी दिन बुधवार को रहेगा।



### डीएम ने कांवड़ यात्रा का किया स्थलीय निरीक्षण, कांवड़ियों पर की गई फूलों की वर्षा

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहें है। इस दौरान कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा भी की जा रही है। कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं को लेकर जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने चीला बॉर्डर पर पहुंचकर लगभग 5 किलोमीटर पैदल कांवड़ यात्रा का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ यात्रियों की सुविधाओं का सभी अधिकारियों के द्वारा विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान डीसीपी पुलिस राजेश एस, अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं चीला बॉर्डर पर कमिश्नरेट पुलिस ने कांवडियों पर फूलों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर एडीसीपी रणविजय सिंह, एसीपी रजनीश वर्मा समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

### कप्तान व डीएम ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा और कावंडियों की सुविधा व सेवा के मद्देनजर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह व एसएसपी मुनीराज ने सभी कांवड़ मार्गों के अलावा कई थाना क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया। इस मौके पर दोनों आला अफसरों ने कांवड़ शिविरों और कंट्रोलरूम का निरीक्षण करने के साथ.साथ दुधेश्वरनाथ मंदिर पर की गई सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उनके साथ एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल, सीओ फर्स्ट स्वतंत्रदेव सिंह व एसएसपी आकाश पटेल के अलावा संबंधित थानों के एसएचओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बड़ी संख्या में लौट रहे स्थानीय और डाक कांवड़िये

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड कांवड़ मार्ग अब पूरी तरह से भगवा रंग में रंग चुका है। कांवड़ यात्रा अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। रोड के दोनों और सिर्फ कांवड़ियां ही नजर आ रहे हैं। सिर्फ स्थानीय कांवडिया ही नहीं, अब डाक कांवडियां भी बडी संख्या में अपने गंतव्य की ओर लौट रहे हैं।

डाक कांवड़ में युवाओं के ग्रुप में एक कांवड़िया दौड़ता है और बाकी वाहनों पर सवार कांवड़ियां उसके पीछे रहते हैं, निर्धारित दूरी के बाद दूसरा कांवडियां दौड़ने लगता है। हर साल सैंकड़ों डाक कांवड़ मेरठ रोड से निकलती हैं। शिवरात्रि का जलाभिषेक कल रात नौ बजे के बाद से शुरू होगा। ऐसे में हजारों की संख्या में कांवड़ियों के आने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

कोई कांवड़ का ग्रुप शिव परिवार की झांकी लेकर आ रहा है तो कोई कांवड़ियां मां शक्ति की झांकी के साथ अपनी कांवड़ लेकर लौट रहे हैं।

मेरठ रोड पर सिर्फ भगवा और बोल बम का जयघोष ही सुनाई दे रहा है। दिल्ली और स्थानीय कांवड़ियों की संख्या कांवड़ मार्ग पर सबसे अधिक है। वहीं पैदल चलने वाले शिवभक्तों को दिक्कतें न हो इसके लिए डाक कांवड़ियों के आने के लिए



दूसरे मार्ग पर व्यवस्था की गई है, ताकि डाक कांवड़ियां वहां से निकल सके। हरियाणा से लेकर दिल्ली व गाजियाबाद के डाक कांवडियां भी अपने निर्धारित समय को पूरा करने के लिए लगातार दौड़ रहे हैं।

मेरठ रोड पर वाहनों की आवाजाही को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न हो सके। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी अंतिम चरण में चल रही कांवड़ यात्रा को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद हैं।

जगह-जगह तैनात पुलिस कर्मी शिवभक्तों की यात्रा की व्यवस्था सम्भाले हुए हैं।

# आवारा कुत्तों का आतंक जारी एसडीएम को काटा, लगे 4 टंके

● सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-137 स्थित पारस टीएरा सोसायटी में सोमवार को आवारा आक्रामक कुत्तों ने हमला कर गाजियाबाद में तैनात एसडीएम गुंजा सिंह को काट लिया। मामले में कुत्तों के आक्रामक होने की सूचना मिलते ही सोसायटी में हंगामा मच गया।

सोसायटी निवासियों के अनुसार, एसडीएम सुबह टहलने के लिए घर से निकली थीं। इस दौरान सोसायटी में आक्रामक हुए कुत्ते ने पैर में काट लिया।

इसके बाद सोसायटी में सुबह दस बजे से तीन बजे तक प्रदर्शन होता रहा है। मामले की सूचना प्राधिकरण को मिलने के बाद दो गाड़ियां सोसायटी में भेजी गईं। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह के मुताबिक मामले की सूचना मिलने पर दो गाड़ियां भेजी गईं। इस दौरान एक गाड़ी आक्रामक हुए कुत्तों को पकड़ने के लिए तो दूसरी कुत्तों को शेल्टर होम लाकर नसबंदी के लिए भेजा गया।

इस पर पशु प्रेमियों ने जमकर विरोध किया। बढ़ते विरोध के कारण दोनों गाड़ियों के ड्राइवर और कर्मचारियों को गाड़ी छोड़ कर भागना पड़ा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फिर दोबारा से गाड़ियां कुत्तों को पकड़ने के लिए भेजी गईं। मामले में पुलिस के पहुंचने के बाद सख्ती बरतने पर लोग शांत हुए। सेक्टर-142 थाना प्रभारी उमेश पवार ने बताया कि पशु प्रेमी लोगों को काटने वाले कुत्तों को ले जाने की बात कह रहे थे। वहीं सोसायटी निवासी सभी कुत्तों को ले जाने को कह रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विरोध हुआ था।

# प्रेम संबध के शक में देवर ने विधवा भाभी को मौत के घाट उतारा

● हथोड़े से किए कई वार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में बीती रात एक युवक ने अपनी 25 वर्षीय विधवा भाभी के सिर पर हथोड़े से ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस संदर्भ में सीओ लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए हत्यारे देवर अभिषेक पुत्र सेंसरपाल को आला कत्ल हथोड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में जो बात सामने आई उससे पता चला कि पंचवटी कॉलोनी निवासी सेंसरपाल के बड़े पुत्र गौरव की शादी सन 2017 में ट्विंकल नामक युवती से हुई थी। गत वर्ष कोरोना की चपेट में आकर गौरव की मौत हो गई थी। भाई की मौत के बाद कुछ समय तो सामन्य स्थिति बनी रही, लेकिन कुछ महिनों से अभिषेक को शक हो गया था कि उसकी भाभी का किसी से प्रेम या फिर अवैध संबंध हैं। इसी शक में उसकी हत्या कर दी गई।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नकुल अग्रवाल, पायल मित्तल, नमिता अग्रवाल, नैशनल एकैडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज, छिन्दव रोड, नागपुर, महाराष्ट्र, खाता नंबर : LBAGR00001940226 | अपार्टमेंट नंबर जीडीआई0092204, टावर नंबर जीडीआई-09, गार्डन आईजल्स अपार्टमेंट, विशटाउन, सेक्टर-133, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 69,96,685/- | 31-07-2017 |
| 2. | नितिन सिंघल, विपिन सिंघल, सुषमा सिंघल, रामतीर्थ सिंघल, रोडवेज बस डिपो के सामने, हंसारी, पी.एस. प्रेमनगर, झांसी, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर : LBJHN00001880504 | अपार्टमेंट नंबर केएस2-15-102, कासिया जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 1,15,543/- | 30-04-2017 |
| 3. | कमलेश चौहान, दर्शन लाल चौहान, मकान नंबर 295, वार्ड नंबर 34, आदर्श नगर, ऊंचा गांव, बल्लभगढ़, एसजीईएसजीएएम ट्री, फरीदाबाद, हरियाणा, खाता नंबर : LBBAR00001507700 | प्लॉट नंबर 40, एचआईजी-2 (एच 2), रामगंगा नगर आवासीय योजना, बरेली, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 8,37,508/- | 31-01-2017 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 26 जुलाई, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गाजियाबाद एवं नोएडा एवं फरीदाबाद — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# एनसीआर में मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश में मंकीपॉक्स के मामले मिलने के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने वाले मरीजों को तुरंत संयुक्त और एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा और उनका सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा। ताकि मंकीपॉक्स की पुष्टि की जा सके।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि मंकीपॉक्स को लेकर शासन ने पहले भी अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए थे। शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में सतर्कता बरती जा रही है। कोरोना जांच के लिए लगी टीमों को ही अलर्ट मोड पर रखा गया है और अस्पतालों को इसके लिए तैयारी करने के लिए भी कह दिया गया है। ताकि मंकीपॉक्स से ग्रस्त मरीज को तुरंत उपचार दिया जा सके।

सभी अस्पतालों को किसी भी रोगी में मंकीपॉक्स जैसे लक्षण दिखने पर इसकी सूचना तुरंत सीएमओ को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। मंकीपॉक्स संक्रमण होने पर शरीर पर कुछ-कुछ चिकनपॉक्स जैसा प्रभाव ही रहता है, लेकिन गंभीरता वाली जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। इसका संक्रमण अधिकतम 14 या कभी-कभी 21 दिन तक भी रहता है।

# गाजियबाद के 40 क्षेत्रों में दूषित पानी की आपूर्ति

● सीवर की लाइन टूटकर पानी के पाइप से जुड़ी, पिछले छह माह में 112 नमूने फेल



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर के 40 क्षेत्रों में दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। अधिकांश जगहों पर सीवर की लाइन टूटकर पानी की पाइप लाइन से जुड़ गई है।

इसके चलते सीवर का पानी घरों में जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में पता चला है कि पिछले छह महीने में लिए गए 363 नमूनों के सापेक्ष 112 नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। इनमें 40 जांच रिपोर्ट में सीवरयुक्त पानी पाया गया है। दूषित पानी के पीने से लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने प्रशासन के अलावा नगर निगम और जीडीए को कई बार पत्र भेजकर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति किए जाने का अनुरोध किया है, लेकिन उक्त विभाग गंभीर नहीं है। यही वजह है कि सरकारी और निजी अस्पतालों में डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वर्णजयंती पुरम में दो बच्चों की मौत का कारण भी दूषित पेयजल का पीना ही बताया गया है। सोमवार को जिला एमएमजी अस्पताल में डायरिया पीड़ित 212 मरीज पहुंचे। इनमें से 18 को भर्ती कराया गया है। इनमें सात बच्चे शामिल हैं। कैलाभट्टा के तीन बच्चों की हालत खराब है। उदलनगर, सेवानगर, शिब्बनपुरा, नंदग्राम, पीले क्वार्टर, सेक्टर.23 संजयनगर, विवेकानंदनगर, विजयनगर, शांतिनगर, भूडभारत नगर, घूकना, सिहानी, दीनागढ़ी, जगदीशनगर, स्वर्णजयंतीपुरम, हरसांव, प्रतापनगर, महेंद्रा एन्क्लेव, पटेलनगर, आदि इलाकों में दूषित पानी आ रहा है।

### तीन घंटे का रेलवे ब्लाक लेकर किया ईस्टर्न कारिडोर का कार्य

**नोएडा।** ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर के खुर्जा-न्यू दादरी रेलवे स्टेशन का 50 किलोमीटर सेक्शन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसको लेकर सोमवार को हावड़ा से नई दिल्ली अप लाइन पर तीन घंटे का ब्लाक लिया गया। इस दौरान भारतीय रेलवे के प्रयागराज मंडल के एडिशनल डिविजनल रेलवे मैनेजर अतुल गुप्ता ने टीम के साथ निरीक्षण भी किया।

बोड़ाकी के पास ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर का स्टेशन बनने जा रहा है। इस स्टेशन का नाम न्यू दादरी रेलवे स्टेशन है। दो अगस्त तक न्यू दादरी-खुर्जा सेक्शन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बनने के बाद कानपुर से दादरी तक कारिडोर पर डबल स्टैक एक के ऊपर एक मालगाड़ियां दौड़ने लगेंगी। सोमवार को निर्माण कार्य का निरीक्षण करने एडीआरएम पहुंचे। इस दौरान पिछले 15 दिन के निर्माण कार्य की जानकारी ली जांच भी की। साथ ही दो अगस्त तक होने वाले कार्य की योजना के बारे में भी पूछा।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राणा विक्रम सिंह, सिमरन कौर राणा, 54 कृष्ण नगर फ्रूटी रेजीडेंसी देहरादून, उत्तराखण्ड, खाता नंबर : LBDEH00003598339 | मकान नंबर आई/301, आकांशा-II, गोविंद पुरम, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 7,83,469/- | 31-01-2021 |
| 2. | राणा विक्रम सिंह, सिमरन कौर राणा, 54 कृष्ण नगर फ्रूटी रेजीडेंसी देहरादून, उत्तराखण्ड, खाता नंबर : LBDEH00003598343 | मकान नंबर आई/301, आकांशा-II, गोविंद पुरम, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 8,91,835/- | 31-01-2021 |
| 3. | रंजन कुमार चौधरी, राखी सिंह, मकान नंबर 357, प्रथम तल, गली नंबर 14, मदनगीर डीडीए फ्लैट्स, डा. अम्बेडकर नगर, साउथ दिल्ली, खाता नंबर : LBLUC00004006419 | फ्लैट नंबर बी-502, 5वां तल, अल्लायाह आफ्टेक रेजीडेंसी, ब्लॉक-ए, प्लॉट नंबर 498/212, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 66,88,409/- | 31-12-2018 |
| 4. | साजिद नफीस, फारिया नाइयर, सनशाइन एंटरप्राइजेज, 23, करिअप्पा रोड कैंट, कानपुर, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर : LBKAN00001898949 | फ्लैट नंबर केएसआई 0120707, इन कासा आइजल्स जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 26,40,660/- | 31-03-2018 |
| 5. | संदीप मित्तल, शालिजा संदीप, मकान नंबर 28, मीरा एन्क्लेव, एसएमसी भवन, गढ़ रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर : LBMRT00002026583 | फ्लैट नंबर टी-3/डी-114, 14वां तल, शुभकामना लॉर्ड्स, किंडल डेवलपर्स प्रा. लि., प्लॉट नंबर एससी-01/डी-1, सेक्टर-79, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 21,84,887/- | 30-06-2019 |
| 6. | शम शेर अली, परवीन, 526 के डीग गेट 2 नई बस्ती थाना गोविंद नगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर : LBMAT00002172205 | प्लॉट नंबर 3 पर द्वितीय तल पर निर्मित फ्लैट, खसरा नंबर 51, किशन वाटिका कालोनी, मौजा आजमपुर, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 10,43,563/- | 09-08-2021 |
| 7. | शम शेर अली, परवीन, 526 के डीग गेट 2 नई बस्ती थाना गोविंद नगर, मथुरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर : LBMAT00003772647 | प्लॉट नंबर 3 पर द्वितीय तल पर निर्मित फ्लैट, खसरा नंबर 51, किशन वाटिका कालोनी, मौजा आजमपुर, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 7,84,885/- | 09-08-2021 |
| 8. | विजय दत्त शर्मा, मंजू शर्मा, श्री कृष्ण शर्मा, मकान नंबर 1, तहसील कम्पाउण्ड, हापुड़, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर : LBMRT00001572348 | प्लॉट नंबर 15, खसरा नंबर 505 का अंश, शांति नगर, ग्राम चामरी, निकट सोसायटी, नगर पालिका हापुड़ की सीमांतर्गत, दिल्ली रोड, हापुड़, उत्तर प्रदेश | 07-06-2022 रू. 2,21,159/- | 30-09-2018 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 26 जुलाई, 2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गाजियाबाद एवं नोएडा एवं दिल्ली — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



SRF

**SRF LIMITED**
**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority:

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M 0002578 | MONGA SAROJ | 32164 | 2214201 | 2214225 | 25 |
| | | | 69223 | 3449015 | 3449025 | 11 |
| | | | 131428 | 5461624 | 5461641 | 18 |
| | | | 681250-3 | 57692285 | 57692379 | 95 |
| | | | 748928 | 61805612 | 61805613 | 2 |
| | | | 776421-2 | 65759554 | 65759556 | 3 |
| | | | 90163714-6 | 12611585 | 12611689 | 105 |
| 2 | M 0003415 | MOTILAL MALANI (Deceased Shareholder) | 131818 | 5468713 | 5468728 | 16 |
| | | NAND KISHORE MALANI (Claimant) | 976173 | 18577573 | 18577605 | 33 |
| 3 | A 0002151 | AMARENDRA PRASAD GARG (Deceased Shareholder) | 95303 | 4089218 | 4089229 | 12 |
| | | HEMANT GARG (Claimant) | 975083 | 18543415 | 18543439 | 25 |
| 4 | SRF0105456 | JAMSHED ADI CHINOY (Deceased Jt. Holder 1 ) | 90208217-8 | 15634010 | 15634099 | 90 |
| | | KHORSHED ADI CHINOY (Jt. Holder 2) | | | | |
| 5 | SRF0030956 | SHANKER NARAYAN IYER | 516380-1 | 25024452 | 25024481 | 30 |
| 6 | J 0001709 | JAI BHAGWAN (Deceased Shareholder) | 40306 | 2442051 | 2442075 | 25 |
| | | NAND KISHORE GARG (Claimant) | 64079 | 3357396 | 3357403 | 8 |
| | | | 123112 | 5203605 | 5203620 | 16 |
| | | | 90021811 | 6684642 | 6684673 | 32 |
| | | | 90159248 | 12087735 | 12087769 | 35 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Vice President (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 25-07-2022


# नोएडा की पांच परियोजनाओं के लिए नहीं मिल रही निर्माण कंपनी

● प्राधिकरण कई बार जारी कर चुका है टेंडर



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर की पांच बड़ी परियोजनाएं टेंडर प्रक्रिया में उलझी हुई हैं। इन परियोजनाओं में ई-साइकिल, टाइम्स स्कवायर, हेलीपोर्ट, नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर की इमारत और सेवन एक्स सेक्टर में पार्किंग है। इनके अलावा भी कई छोटी परियोजनाएं इस दायरे में आती हैं। इन परियोजनाओं के काम का जिम्मा लेने के लिए कंपनियां आगे नहीं आ रही हैं।

ई-साइकिल के लिए स्टैंड बने हुए एक साल से अधिक का समय हो चुका है। ये ढांचा जंग भी खाने लगा है। अब इनका प्रयोग वाहन मालिक पार्किंग के लिए प्रयोग करते हैं। इस परियोजना के लिए 10 से अधिक बार टेंडर जारी हो चुका है लेकिन योजना शुरू नहीं हो सकी है। इन परियोजनाओं का फायदा लोगों को अब तक मिल जाना चाहिए था लेकिन यह अब कब मिलेगा, कोई तय नहीं है।

टेंडर में कंपनियों के नहीं आने या चयन नहीं होने की वजह प्राधिकरण की शर्तों के अनुसार कागजात प्रक्रिया को पूरा न करना और संबंधित परियोजना में ज्यादा मुनाफा नजर नहीं आना मुख्य रूप से शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जुलाई, 2022



# डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण 50% पूरा

## उपमुख्यमंत्री ने की एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी द्वारा स्वीकृत पीडब्ल्यूडी की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

● भजनपुरा और यमुना विहार मेट्रो स्टेशन के बीच बन रहा 1.4 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर वर्ष 2023 तक पूरा हो जाएगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में कई जगहों पर लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। इसी के मद्देनजर शहर में पहला डबल डेकर फ्लाईओवर बनकर तैयार होने वाला है। दिल्ली मेट्रो के पिंक लाइन पर मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पर भजनपुरा और यमुना विहार मेट्रो स्टेशन के बीच बन रहे इस डबल डेकर पुल का निर्माण लगभग 50 फीसदी पूरा हो गया है और इसके वर्ष 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस की लंबाई 1.4 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी द्वारा स्वीकृत पीडब्ल्यूडी के विभिन्न योजनाओं के प्रगति की सोमवार को समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में सिसोदिया ने दिल्ली मेट्रो के मौजपुर-मजलिस पार्क कॉरिडोर पर यमुना विहार व भजनपुरा के बीच बन रहे डबल-डेकर फ्लाईओवर, सीसीटीवी कैमरा, वाई-फाई सहित 500 स्थानों पर लग रहे 115फीट ऊँचे तिरंगे संबंधित कार्यों की प्रगति की जाँच की तथा अधिकारियों को इन सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यमुना विहार मेट्रो स्टेशन व भजनपुरा के बीच बन रहे डबल-डेकर फ्लाईओवर शानदार इंजीनियरिंग का नमूना है। इसके बनने से करोड़ों रुपयों की बचत के साथ सघन आबादी वाले इस क्षेत्र में जमीन का भी बेहतर इस्तेमाल हुआ है। पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले 1400 किमी रोड के दोनों ओर हर 100 मीटर पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरा, रोड सेफ्टी व सड़कों के रखरखाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा साबित। पूरी दिल्ली को सीसीटीवी कैमरा से लैस करने की दिशा में पहले फेज का काम लगभग पूरा हो गया। दूसरे फेज में भी लगे 35,000 सीसीटीवी कैमरा लगेंगे।

उपमुख्यमंत्री के मुताबिक उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में यमुना विहार व भजनपुरा के बीच 1.4 किमी लम्बे डबल-डेकर फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसका निचला डेक पीडब्ल्यूडी फ्लाईओवर होगा वहीं ऊपरी डेक पर मेट्रो लाइन होगी। डबल डेकर फ्लाईओवर के इस अनूठे मॉडल के कारण करोडों रूपये की बचत भी हो रही है। बैठक में अधिकारियो ने बताया कि इस फ्लाईओवर का 50फीसदी कार्य पूरा हो चुका है और 2023 के अंत तक ये शुरू हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने के बाद आस-पास के क्षेत्र की जनता को ट्रैफिक जाम से नहीं जूझना होगा और उनका कीमती समय भी बचेगा। फ्लाईओवर और मेट्रो का ये एकीकृत मॉडल पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर साबित होगा। वहीं

सरकार जल्द ही पश्चिमी दिल्ली के व्यस्त रिंग रोड पर मायापुरी फ्लाईओवर के रखरखाव का काम शुरू करेगा। विभाग की ओर से मरम्मत कार्य के लिए निविदा जारी की गई है।

### 15 अगस्त से पहले दिल्ली होगी तिरंगामय

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर केजरीवाल सरकार पूरी दिल्ली को तिरंगामय कर रही है। इस दिशा में 15 अगस्त से पहले 115 फीट ऊँचे 500 तिरंगे लगाए जाएंगे। सोमवार की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत अबतक 115 फीट ऊँचे 497 हाईममास्ट पोल स्थापित किए जा चुके है और 15 अगस्त से पहले सभी 500 जहों पर तिरंगा स्थापित कर दिया जाएगा।

# पराली न जलाने वाले किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

● दिल्ली और पंजाब की आप सरकार मिलकर बना रही योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकारें किसानों को पराली नहीं जलाने पर नकद प्रोत्साहन राशि देने की योजना बना रही हैं और केंद्र सरकार से इसमें लागत साझा करने का अनुरोध किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर और नवंबर के महीने में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के पीछे पंजाब और हरियाणा में किसानों द्वारा धान की पराली जलाना एक प्रमुख कारण है। पंजाब में सालाना लगभग दो करोड़ टन धान की पराली पैदा होती है। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने धान की पराली जलाने से परहेज करने वाले किसानों को नकद प्रोत्साहन राशि देने का प्रस्ताव तैयार किया है। योजना यह है कि केंद्र लागत का 50 प्रतिशत वहन करे और पंजाब और दिल्ली इसमें 25-25 प्रतिशत का योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली 25 प्रतिशत लागत वहन करेगी क्योंकि पराली की आग से निकलने वाला धुआं राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करता है। पंजाब सरकार के अधिकारी ने कहा, प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया गया है। इसे मंजूरी मिलने के बाद इसे पंजाब कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के न मानने पर भी पंजाब और दिल्ली सरकारें इस योजना को लागू करेंगी।



फाइल फोटो

### राजधानी में वायु गुणवत्ता में हो रहा सुधार

नई दिल्ली। राजधानी की वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 से 2021 के बीच राजधानी में वार्षिक पीएम 2.5 और पीएम 10 सांद्रता में क्रमश: 22 और 27 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को यह यह जानकारी दी। मंत्री ने लोकसभा में बताया कि दिल्ली में अच्छे , संतोषजनक और मध्यम दिनों की संख्या 2021 में बढ़कर 197 हो गई, जो 2016 में 108 थी। देश में खराब , बहुत खराब और गंभीर दिनों की संख्या 2021 में घटकर 168 रह गई है जो कि 2016 में 246 थी। मंत्री ने कहा दिल्ली के लिए कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2016 के बाद से पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) की वार्षिक सांद्रता में गिरावट आई है। पीएम10 और पीएम2.5 की सांद्रता में 2016 और 2021 के बीच 27 और 22 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# नंगली पूना इलाके में सड़क हादसा, एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत

● हमीरपुर से आ रही कार खड़ी बस से टकराई, युवक और बच्चा घायल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के नंगली पूना इलाके में सोमवार सुबह एक कार के डीटीसी बस से टकराने से एक ही परिवार के तीन महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना उस वक्त हुई जब बस, बस अड्डे पर खड़ी थी और कार इससे टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मरने वालों की पहचान पहचान ज्योति शर्मा (27), निशा (32) और जमना (62) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि कार में निशा का 18 महीने का बेटा भी सवार था जो घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि कार सुनील नामक व्यक्ति चला रहा था। पुलिस ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के रहने वाले थे।

पुलिस ने कहा कि वे हिमाचल प्रदेश से दिल्ली जा रहे थे और डीटीसी की बस मुखमेलपुर से आजादपुर की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि कार में तीन महिलाएं, एक बच्चा और चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि नंगली पूना के पास राजमार्ग यह हादसा हुआ जिसके बारे में सुबह 7.04 बजे पुलिस को सूचना मिली।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, कार में सभी यात्री घायल पाए गए और उन्हें बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया और घायल चालक और बच्चे को इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। कार के चालक को सिर में चोट लगी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आबकारी नीति: केजरीवाल सरकार पर विपक्ष का वार

**नई दिल्ली। नई आबकारी नीति को लेकर विपक्ष लगातार आम आदमी सरकार पर हमलावर हो रही है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा और कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार पर अनियमितता का आरोप लगाते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग की।**

## भाजपा की मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र को बर्खास्त करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश ईकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल नीत सरकार की आबकारी नीति को लागू करने में कथित अनियमितता को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के दफ्तर के पास सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी आईटीओ के पास जमा हुए और दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर स्थित आप के कार्यालय की ओर बढ़ने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। भाजपा नेताओं ने बताया कि जिन कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड को पार किया, उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 जांच के घेरे में आ गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नीति को लागू करने में नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियागत खामियों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है।

आबकारी विभाग का जिम्मा भी संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि नीति को लागू करने में घोटाला हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा, हम यहां प्रदर्शन करने और सिसोदिया और केजरीवाल सरकार के अन्य मंत्री सत्एंद्र जैन की बर्खास्तगी की मांग करते हैं जो फिलहाल धनशोधन के मामले में जेल में हैं। प्रदर्शन में विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महासचिव कुलजीत चहल और दिनेश प्रताप सिंह एवं कई अन्य शामिल हुए।







## कांग्रेस ने नई आबकारी नीति के खिलाफ किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति में नियमों एवं प्रक्रियाओं का कथित तौर पर उल्लंघन किए जाने के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग की।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता और कार्यकर्ता यहां के पटपड़गंज इलाके में जमा हुए और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पहले, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली के पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना को लिखित शिकायत कर आबकारी नीति की जांच की मांग की और आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित खामियों और अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है।

# 106 अस्पतालों व पीएचसी को कायाकल्प पुरस्कार

● मानक प्रोटोकॉल का पालन करने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान के लिए मिला सम्मान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मानक प्रोटोकॉल का पालन करने और मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए राजधानी दिल्ली में 106 अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इनमें 24 अस्पतालों और 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। जिनमें प्रमुख हैं जिला अस्पताल(100-250 बेड्स), आचार्य श्री भिक्षु सरकारी अस्पताल (प्रथम पुरस्कार) , राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल (फर्स्ट रनर अप), महर्षि वाल्मीकि अस्पतरज (सेकंड रनर-अप) जिला अस्पताल(250-500 बेड्स) की श्रेणी में संजय गाँधी स्मारक अस्पताल (प्रथम पुरस्कार) जिला अस्पताल (500 बेड्स से ज्यादा की क्षमता) की श्रेणी में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल (प्रथम पुरस्कार) उप-जिला अस्पताल की श्रेणी में सरदार बल्लभभाई पटेल अस्पताल को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में शानदार काम करने वाले अस्पतालों को कायाकल्प स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर सिसोदिया ने अवार्डी अस्पतालों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों के डॉक्टर्स और अन्य स्टाफ का अपने अस्पताल की बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता के कारण आज दिल्ली सरकार के अस्पतालों में देश भर के लोग इलाज करने आते है क्योंकि उनका दिल्ली के स्वास्थ्य सुविधाओं पर भरोसा बढ़ा है।

### यह है कायाकल्प अवार्ड

इस पहल का मकसद सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण को रोकने के तरीकों में सुधार और बढ़ावा देने के साथ अनुकरणीय प्रदर्शन सुविधाओं को प्रोत्साहित करना है। इस योजना का उद्देश्य देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं (पीएचएफ) को स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रोत्साहित करना है।

## मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केरल के बाद अब दिल्ली में भी मंकीपाक्स ने दस्तक दे दी है। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाली बीमारी की निगरानी बहुत जरूरी है।

इसके मद्दे नजर सोमवार को उपराज्यपाल मंकीपॉक्सको लेकर स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों संग एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बीमारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, मरीजों का पता लगाने, जांच, निगरानी और चिकित्सीय प्रबंधन पर जोर दिया। ज्ञात हो दिल्ली में जब से एक मरीज का पहचान हुई है जब से दिल्ली का स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। हालांकि स्वास्थ्य से जुड़े जानकारों ने लोगों को चेताया जरूर है लेकिन किसी तरह की घबराने को नहीं कहा है। इस बीमारी का टीका उपलब्ध है और आसानी से इलाज होता है।

# उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

**शराब लाइसेंस आवंटन**

● कथित रूप से अनियमितताओं और ब्लैक लिस्टेड कंपनियों के पक्ष लेने का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने समूह एकाधिकार को बढ़ावा देने और शराब के लाइसेंस के लिए काली सूची में डाली गईं कंपनियों का पक्ष लेने के आरोपों पर मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने संगठन के नाम का खुलासा करने से इनकार करते हुए बताया कि विधिवेत्ताओं, वकीलों और प्रबुद्ध नागरिकों के एक प्रतिष्ठित संगठन द्वारा की गई शिकायत के बाद 15 दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।

एक सूत्र ने बताया, उपराज्यपाल ने विधिवेत्ताओं, वकीलों और प्रबुद्ध नागरिकों के एक संगठन द्वारा दी गई शिकायत जांच और सत्यापन के लिए मुख्य सचिव को भेजी है और उनसे उन्हें और मुख्यमंत्री को एक पखवाड़े के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। इस शिकायत में शराब के ठेकों के लाइसेंस देने में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताओं की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि समूह एकाधिकार को बढ़ावा देने और काली सूची में डाली गईं कंपनियों का पक्ष लेने का आरोप लगाने वाली शिकायत में कहा गया है कि यह काम नई दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 का जानबूझकर और पूर्व नियोजित उल्लंघन करते हुए किया गया।

उपराज्यपाल रिपोर्ट के आधार पर कानून के मुताबिक उचित कार्वाई करेंगे। उपराज्यपाल ने पिछले हफ्ते केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति 2021-22 से संबंधित कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।



# दो कंप्यूटर और प्रिंटर दान करेगा छेड़छाड़ का आरोपी

## याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता के बीच समझौता होने पर अदालत ने रद्द की प्राथमिकी

● उच्च न्यायालय ने समाज के लिए कुछ भला करने के दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

छेड़छाड़ के एक मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बावजूद दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला एक नजीर के तौर पर सामने आया है। इस फैसले में सरकारी संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव को देखते हुए आरोपी को एमसीडी स्कूल को दो सप्ताह में दो कंप्यूटर और प्रिंटर दान करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ करने के एक आरोपी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के साथ ही यह आदेश दिया।

अदालत ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता के बीच समझौता हो गया है, लेकिन उसने याचिकाकर्ता को समाज के भले के लिए कुछ करने का निर्देश दिया, क्योंकि इस मामले के कारण पुलिस समेत सरकारी संसाधनों पर अनावश्यक अतिरिक्त बोझ पड़ा।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, दोनों पक्षों ने कहा है कि उन्होंने अपनी इच्छा से, बिना किसी धमकी, बल या जबरदस्ती के उपरोक्त समझौता किया। मेरा मानना है कि मामला दर्ज करने और वापस लेने की प्रक्रिया में पूरे पुलिस तंत्र को काम करना पड़ा और पुलिस का अहम समय इसमें लगा। राज्य के संसाधनों पर अनावश्यक रूप से अधिक बोझ डाला गया, इसलिए याचिकाकर्ता को समाज के भले के लिए कुछ अच्छा सामाजिक कार्य करना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि समझौता होने और उपरोक्त कारणों से, प्राथमिकी और उसके बाद होने वाली कार्यवाही को रद्द किया जाता है, बशर्ते याचिकाकर्ता (पुरुष) दो सप्ताह में एमसीडी के दो स्कूल में प्रिंटर के साथ दो नए एवं पूरी तरह काम करने वाले डेस्कटॉप कम्प्यूटर मुहैया कराए।

एमसीडी के वकील ने कहा कि वह उन दो स्कूलों का ब्योरा देंगे, जहां डेस्कटॉप उपलब्ध कराए जाने हैं। अदालत ने जांच अधिकारी को इस मामले पर नजर रखने और उसके समक्ष अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। उसने अधिकारी को निर्देश दिया कि अगर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की जाती है और डेस्कटॉप उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसके सामने फाइल पेश की जाए। याचिकाकर्ता ने दक्षिणी दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए इस साल की शुरुआत में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। प्राथमिकी के मुताबिक, महिला पुरुष के घर घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी और 30 अप्रैल को याचिकाकर्ता के घर में एक जश्न था। शिकायत के अनुसार, उस रात देर हो जाने के कारण महिला याचिकाकर्ता के घर में घरेलू सहायक के लिए बने कमरे में रुक गई थी, लेकिन पुरुष उसके कमरे में कथित तौर पर पहुंचा, उसने उसे गले लगाने का प्रयास किया और उसे बीयर पीने की पेशकश की। बहरहाल, अदालत को बाद में बताया कि दोनों पक्षों ने जून में समझौता कर लिया और दावा किया कि भाषा संबंधी गंभीर बाधा के कारण कुछ गलतफहमी हुई थी।

## दिल्ली में आज मिल सकता है यातायात जाम

**नई दिल्ली।** कांवड़ियों के राष्ट्रीय राजधानी होते हुए अपने मूल स्थानों पर लौटने के कारण मंगलवार को मध्य, पूर्वी, पूर्वोत्तर दिल्ली और इसकी सीमाओं पर मुख्य मार्गों पर यातायात जाम की स्थिति पैदा हो सकती है। मध्य दिल्ली में भी यातायात के कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूछताछ करने के कारण प्रभावित रहने की संभावना है।

पुलिस ने दिल्ली की सीमाओं तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी यातायात इकाई तथा नगर निकायों के साथ मिलकर विशेष इंतजाम किए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब से कांवड़ यात्रा शुरू हुई है तब से ही शाहदरा जिले में पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं तथा कांवड़िए के लौटेंगे इसलिए उनके मार्गों पर कर्मी पहले ही तैनात कर दिए गए हैं।

# खुद पर पिस्तौल ताने जाने की झूठी सूचना देने पर गिरफ्तार

● कार चालक को सबक सिखाने के लिए लगाया झूठा आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक शख्स को अपने ऊपर पिस्तौल ताने जाने की झूठी जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपी ने पुलिस को फोन कर कहा था कि मुंडका में एक व्यक्ति ने उसपर पिस्तौल तान दी है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) समीर शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई को अरविंद कुमार (39) बाइक से जा रहा था, तभी उसके पास से गुजरी एक कार की वजह से सड़क पर जमा बरसाती पानी उसपर आ गया जिससे उसके कपड़े खराब हो गए। उन्होंने बताया कि कार चालक को सबक सिखाने के लिए उसने पुलिस को कॉल कर झूठी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक गैस एजेंसी में काम करने वाले कुमार ने मुंडका थाने में फोन कर कहा कि कार चालक ने उसपर पिस्तौल तान दी है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कुमार वहां नहीं था और उसका फोन भी ऑफ आ रहा था। अगले दिन जांच के दौरान उससे संपर्क किया गया तो उसने माना कि उसने कार चालक से बदला लेने के लिए कॉल कर झूठी जानकारी दी थी। कुमार के खिलाफ झूठी जानकारी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# जनता की आवाज : अरावली में खनन पूर्णरूप से बंद हो, दोषियों पर तुरन्त केस दर्ज

## सुप्रीम कोर्ट ने 2004 में अरावली की माइनिंग पर पूर्णरूप से लगाया था प्रतिबंध

## काबली कीकर का सफाया कर प्राकृतिक पेड़ों को दिया बढ़ावा दिया जाना चाहिए

एन. रोहिल्ला। सोहना




गांव हरियाहेड़ा में अरावली पहाड़ी में 2004 से पहले होने वाली माइनिंग का क्षेत्र।

**अरावली** पहाड़ी में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्यिां उड़ाते हुए माइनिंग करने वालों के लिए राज्य सरकार और कड़े नियम लेकर आए। अरावली पहाड़ी खड़ी काबली कीकर का सफाया करते हुए प्राकृतिक पेड़ों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने 2004 में अरावली पहाड़ी में होने वाली माइनिंग पर पूर्णरुप से प्रतिबंध लगा दिया था। उसके बावजूद खनन माफिया आज भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए चोरी से पत्थर तोड़ने और बेचने में लगे हुए है। जिससे अपरध को बढ़ावा मिल रहा है। अवैध खनन रुकने के साथ ही पत्थर पर होने वाला भ्रष्टाचार जड़ से समाप्त होगा और अरावली पहाड़ी को फिर से हरा भरा किया जा सकता है। अरावली पहाड़ी से लगते दर्जनभर गांवों के ग्रामीण भी खनन के कार्य पर पूर्णरुप से प्रतिबंध लगने पक्ष में हैं।

### ऐसा कहते हैं ग्रामीण



सतपाल।



श्योराज खटाना।



प्यारे लाल।



विकास।



रणबीर।



यादराम।

**अरावली** पहाड़ी में काबली कीकर (मस्कट) का सफाया करके प्राकृतिक फलदार और छायादार पौधे लगाए जाए। जिससे अरावली पहाड़ी को फिर से उसका असली रुप दिया जा सके। अरावली में पेड़ों की कटाई से बारिश न होने का सबसे बड़ा कारण है।

**यादराम ( ग्रामीण )**

**अरावली** पहाड़ी में खनन कार्य फिर से प्रदूषण को बढ़ावा मिलेगा। माइनिंग में होने वाली ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को चैन की नींद सोने को नहीं मिलेगी। पेट में पत्थरी से लेकर दमा व टीबी की बीमारियों से ग्रामीण ग्रस्त हो जाएंगे।

**रणबीर सिंह ( ग्रामीण )**

**अरावली** में खनन कार्य शुरु होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। भू माफिया भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे। खनन माफिया युवाओं को अपराध के क्षेत्र में उतारेंगे। जिससे उनका जीवन बरबादी की और जाएगा।

**विकास ( ग्रामीण )**

**माइनिंग** को बढ़ावा देने से अरावली पहाड़ी में जीवनयापन कर रहे वन्य प्राणियों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। वन्य प्राणियों के लिए गांव गैरतपुर बॉस से लेकर जिला नूंह के लगते गांव चहालका तक बनाई जा रही जंगल सफारी योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**प्यारेलाल ( ग्रामीण )**

**अरावली** पहाड़ी में अवैध खनन के साथ-साथ पेड़ों की कटाई पर भी कड़े नियम बनाएं जाए। जिससे पेड़ों की अंधाधूध कटाई पर रोक लगे। अरावली में पौधें लगाने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आने के लिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**श्योराज खटाना ( ग्रामीण )**



**वन** विभाग ने पिछले वर्ष भी करीब 25 एकड़ जमीन पर काबली कीकर का सफाया करते हुए 10 हजार पौधे लगाए थे। इस वर्ष भी अरावली पहाड़ी में मस्कट का सफाया करके प्राकृतिक पौधे हजारों की संख्या में लगाने की योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारियां चल रही है।

**संजय यादव**
**( वन रेंज अधिकारी )**

# गुरुग्राम पुलिस में कर्नाटक की तर्ज पर शुरू हुआ स्मार्ट ई-बीट सिस्टम

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया शुभारंभ

## ई-बीट सिस्टम से जुड़े 119 राइडर्स को झंडी दिखाकर किया रवाना

## गुरुग्राम में 2056 लोकेशन पर राइडर्स रखेंगे निगरानी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में स्मार्ट ई-बीट सिस्टम की शुरुआत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।



गुरुग्राम में स्मार्ट ई-बीट सिस्टम की शुरूआत के अवसर पर बीट बाइक को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**सूचना** एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगातार हाईटेक होती जा रही गुरुग्राम पुलिस का बीट सिस्टम भी अब हाईटेक और प्रभावी हो गया है। सोमवार को यहां स्मार्ट ई-बीट सिस्टम का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधिवत रूप से इसकी शुरूआत की। उन्होंने इस सिस्टम से जुड़े पुलिस के 119 मोटरसाईकिल राइडर्स को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम में स्मार्ट पुलिसिंग इनीशिएटिव के तहत ई-बीट सिस्टम की शुरूआत की गई है, जिससे बीट सिस्टम भी डिजिटाईज्ड हो गया है। यह एक ऐप आधारित सिस्टम है और बीट पर तैनात मोटरसाइकिल राइडर पुलिसकर्मी की हाजिरी भी इस ऐप पर लगेगी। उनकी मॉनीटरिंग भी आसानी से की जा सकेगी। अब तक बीट पर लगाए गए पुलिसकर्मी मैनुअल तरीके से अपनी हाजिरी लगाते थे। उनकी मॉनीटरिंग नही हो पाती थी। यह एक जीआईएस आधारित सिस्टम है, जिसके शुरू होने से इनकी मॉनीटरिंग ज्यादा प्रभावी तरीके से हो पाएगी। उसके बाद उनकी लोकेशन की मॉनीटरिंग आसानी से की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि यह नई प्रणाली गुरुग्राम के शहरी क्षेत्र में स्थित सभी 33 पुलिस थाना क्षेत्रों को कवर करेगी। इनमें 119 मोटरसाईकिल राइडर तैनात होंगे और प्रत्येक मोटरसाईकिल राइडर पर दो पुलिसकर्मी होंगे। इस लिहाज से दिन में तीन शिफ्ट में 714 पुलिसकर्मी राइडर पर ड्यूटी देंगे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने शहर में 2056 संवदेनशील लोकेशन अथवा बिंदुओं की पहचान की है, जिनमें मुख्य रूप से एटीएम, पेट्रोल पंप, वरिष्ठ नागरिक के निवास स्थान, स्कूल, कॉलेज, धार्मिक स्थल, अपराध प्रभावित क्षेत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम को भविष्य में एमरजेंसी रिस्पांस स्पोर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि फोन नंबर-112 पर मिलने वाली कॉल पर ईआरवी के अलावा ये राइडर भी मदद के लिए पहुंच सके। कई बार गाड़ियों की तुलना में मोटरसाईकिल जल्दी पहुंच पाती है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्मार्ट ई-बीट सिस्टम की विवरिणका भी जारी की।

**पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने दी प्रजेंटेशन** : ई-बीट सिस्टम पर प्रजेंटेशन देते हुए गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने बताया कि पहले इसे पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर ईस्ट गुरुग्राम तथा मानेसर क्षेत्र में लागू किया गया था। उसमें सामने आई कमियों को दूर करते हुए इसी महीने इस ई-बीट सिस्टम का विस्तार करते हुए इसे साउथ गुरुग्राम तथा वेस्ट गुरूग्राम में भी लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस नए सिस्टम के अंतर्गत हर राइडर को अपने मोबाइल फोन में ई-बीट ऐप डाउनलोड करना होता है। जिस एरिया में उनकी ड्यूटी लगाई गई है वहां जाकर वे राइडर इस ऐप पर पंच करके अपनी हाजिरी लगाते हैं।

उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों की पहचान करके उनकी जांच करने की जिम्मेदारी इन राइडर को दी जाती है। पुलिस आयुक्त ने यह भी बताया कि इस ऐप में असामाजिक तत्वों तथा चोरी हुए वाहनों का डाटा भी डाला गया है, ताकि ये राइडर चोरी हुए वाहनों की तलाश करने में सहायक होंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्रों ने नगराधीश को सौंपा राष्ट्रीय ध्वज

**गुरुग्राम।** सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार को जेजे स्कूल ऑफ एजुकेशन फरूखनगर के छात्रों ने प्रधानाचार्या मिनाक्षी के नेतृत्व में नगराधीश दर्शन यादव को राष्ट्रीय ध्वज सहसम्मान सौंप कर अभियान का शुभारम्भ किया।

इस मौके पर दर्शन यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आमजन में उत्साह का माहौल है। गुरुग्राम जिला भी इस राष्ट्रव्यापी महाअभियान में आहुति डालने के लिए उत्साहित है। गुरुग्राम जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी 13, 14 व 15 अगस्त को तीन दिन पूरा जिला तिरंगामय होगा।

कार्यक्रम को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उत्साहित हैं। इस दौरान उन्होंने जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इस उपलक्ष में 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा महोत्सव को सभी क्षेत्रवासी पूरे उत्साह और सम्मान के साथ उत्सव की तरह मनाएं।

श्रीयादव ने कहा कि जेजे स्कूल ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने इस मुहिम का शुभारम्भ करके अच्छी पहल की है। सभी छात्र व स्कूल स्टाफ सदस्य बधाई के पात्र है। सभी क्षेत्रवासी इस अभियान का हिस्सा बनें और अपने-अपने घर पर तिरंगा फहराकर उसकी फोटो और हैशटैग हर घर तिरंगा तथा आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करें। यह अभियान देश की आजादी के मतवालों के लिए सभी भारतीयों की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद नीरू शर्मा, योगेश सैनी, पीटीआई हरिसिंह आदि भी मौजूद रहे।



गुरुग्राम में नगराधीश को तिरंगा सौंपते स्कूली छात्र।

# महाशिवरात्रि : शिव मंदिरों में हरिद्वार से लाए गंगा जल से जलाभिषेक आज



तावडू निवासी द्वारा हरिद्वार से लाई गई सोहना पहुंची महाकांवड।

## शिव मंदिरों में पुजारियों ने आज के जलाभिषेक किए जाने को लेकर तैयारियां पूरी कीं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सावन** माह के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महाशिव रात्रि के अवसर पर कांवड़ियों द्वारा चढ़ाया जाने वाले गंगाजल को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बने मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बने शिव मंदिरों में सुबह चार बजे से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक करने की सिलसिला शुरू हो गया। कामकाज व दूर अपने रोजीरोटी कमाने के लिए जाने वाली श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के बाद अपनी दिनचर्या शुरू की। शहर के अलग-अलग वार्डो में बने 15 से 20 शिव मंदिरों में पुजारियों ने मंगलवार को कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक किए जाने को लेकर तैयारियां आज से शुरू कर दी हैं। ताकि कांवड़ियों को जलाभिषेक करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### बाजार में खरीदारी बढ़ी

**सोमवार** को बाजारों में जमकर खरीदारी की गई। कपड़ों की दुकान से लेकर जूते-चप्पल, प्रसाद, नारियल आदि की आज की खरीदारी कर ली गई। जंगल में खड़े भांग धतूरा के पेड़ों पर लगे फलों को तोड़कर लाया गया। जिसे जलाभिषेक कराने के दौरान शिव को चढ़ने वाले प्रसाद में शामिल किया जा सके। इसके साथ-साथ बाजार में फलों की मांग बढ़ने से 5 से 10 रुपये अधिक कीमत बढ़ गई।



हरिद्वार से लाए गंगा जल को लेकर दौड़ते दो कांवड़िए।

### महाकांवड़ों का हुआ आगमन

**सोमवार** को होने वाला जलाभिषेक से पूर्व हरिद्वार से महाकांवड़ लाने वाले शिव भक्तों का गुरुग्राम-सोहना, अलवर मार्ग पर तांता लगा हुआ है। सोमवार को जिला नूंह के शहर फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, नूंह तथा राजस्थान का जिला अलवर, भरतपुर, किशनगढ़ आदि पहुंचने वाली महाकांवड़ स्थानीय शहर को पार कर गईं। एलिवेटेड मार्ग पर महाकांवड़ों का आना सुबह 4 बजे शुरू हो गया था।

# कला और संस्कृति से रूबरू हुए गुरुग्रामवासी

## कलाग्राम सोसायटी द्वारा आयोजित की गई सांस्कृतिक संध्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में स्वराज से स्वरावलि विषय पर कार्यक्रम में भरत नाट्यम की प्रस्तुति देते कलाकार।

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में यहां जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से कलाग्राम तथा नृत्यदीक्षा द्वारा स्वराज से स्वरावलि विषय पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी गई। दर्शकों से खचाखच भरे हॉल में लोगों ने कलाकार द्वारा दी गई प्रस्तुति का जमकर लुत्फ उठाया। सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में स्वराज से स्वरावलि तक की इस प्रस्तुति में देश-विदेश से आए लगभग 45 कलाकारों ने भाग लिया।

प्रख्यात भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रिया वेंकटरमन द्वारा संचालित और कोरियोग्राफेड इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन और इंडियन काउंसिल ऑफ कल्चरल रिलेशन के महानिदेशक कुमार तुहिन तथा प्रख्यात नृत्य विश्लेषक व लेखक लीला वेंकटरमन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भरतनाट्यम के इस सामूहिक नृत्य में देश की आजादी से अब तक की यात्रा को विभिन्न घटनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। प्रस्तुति में कलाकारों द्वारा दर्शाई गई देश के गौरवाशाली इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे दांडी मार्च या चरखा जैसे अविस्मरणीय दृश्यो ने उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। दर्शक टकटकी लगाए इस प्रस्तुति का आनंद लेते दिखे। बार-बार कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष में यह एक अद्भुत प्रस्तुति थी, जिसे देश के वीर जवानों व शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि कहा जा सकता है। कलाकारों के भारत के झंडे के रंगों से बनी वेशभूषा अत्यंत आकर्षक दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम में आमजन के लिए प्रवेश बिल्कुल नि:शुल्क रखा गया था, जिसमें गुरुग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित की।

यह एक अद्भुत कार्यक्रम होगा, जिसमें शास्त्रीय नृत्य, भाव एवं मुद्राओं के माध्यम से 19वीं शताब्दी में भारत में विदेशी शासन के विस्तार के विरुद्ध कुछ प्रमुख घटनाओं को प्रदर्शित किया गया। प्रिया गुरुग्राम में पिछले 20 वर्षों से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण तथा उसके सरल रूप को जन-जन तक पहुंचाने का काम अपनी संस्था नृत्यदीक्षा के माध्यम से कर रही हैं।

# नवाब की नगरी पटौदी में मुस्लिमों ने लगाया कांवड़ियों के लिए शिविर

**गुरुग्राम।** हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रचार-प्रसार कर रहे समाजसेवी राजू खान के नेतृत्व में पटौदी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रेवाड़ी रोड पर कांवड़ियों के लिये सेवा शिविर लगाया है। शिविर में और राह चलते हुए कांवड़ियों को मुस्लिम समुदाय के लोग फल आदि वितरित करके सेवा कर रहे हैं। कांवड़ियों की स्वास्थ्य की जांच के लिये डॉक्टर भी शिविर में बैठे हैं। सोमवार को वहां पहुंचे कांवड़ियों का मालाएं पहनाकर मुस्लिमों ने स्वागत किया। उनकी सेवा की।

शिविर का शुभारंभ पूर्व तहसीलदार सुरेश कुमार ने कई संस्थाओं के संचालकों के साथ रिबन काटकर किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार ने कहा कि हम सब इंसान है और भगवान की भक्ति के लिये किसी विशेष समुदाय व जाति की जरूरत नहीं। हर इंसान ईश्वर की पूजा का पात्र है। बस उनका रूप अलग दिया गया है। समाज में एक अच्छा संदेश दिया है कि ऊपर वाले ने हमें अनेक रूपों में धरती पर भेजा है। किसी की भी भक्ति पूजा कर सकते हैं। सब सच्चे और अच्छे भारतीय है। हमें बुराई से हटकर अच्छाई वाली सोच भी रखनी चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ जाहिद साबरी मास्टर अब्दुल रशीद, कैप्टन अब्दुल खालिक गुलजार खान, इमरान खान पटौदी नगर पालिका वाइस चेयरमैन जर्मन सैनी पार्षद मनोज कुमार पार्षद अनिल कुमार डॉ. गौतम सिंह तंवर, एंटी करप्शन फाउंडेशन नेशनल चीफ इंचार्ज मास्टर सुरेंद्र जाटौली, मॉडल एंड कलाकार निशा सोनी, मनोज कुमार और सामान्य अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर सुशांत शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पौधारोपण करके पर्यावरण स्वच्छता के बनें प्रहरी : नवीन गोयल



गुरुग्राम के द्रोण पब्लिक स्कूल में पौधारोपण करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सोमवार को यहां द्रोण पब्लिक स्कूल में गुरुग्राम नगर निगम के साथ मिलकर पर्यावरण स्वच्छता के लिए पौधारोपण किया। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान के तहत कपड़े के थैले वितरित किए गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेकर उस पर काम करना चाहिए। इससे काफी हद तक हम पर्यावरण में सुधार कर सकते हैं। श्री गोयल ने कहा कि शिक्षण संस्थानों विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ पौधारोपण के प्रति जागरुक करना चाहिए। पीटीएम में अभिभावकों व बच्चों को इस बात का प्रण भी दिलाया जा सकता है कि वे अपने और अपनी पीढ़ियों के सुखमय जीवन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने बच्चों को बारिश के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। नवीन गोयल ने सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए कहा कि शिक्षण संस्थानों में भी सिंगल यूज प्लास्टिक बंद हो जाना चाहिए। यह बच्चों समेत हम सबकी सेहत के लिए सही रहेगा। स्कूल परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प पर स्कूल के संचालक भीष्म भारद्वाज को बधाई दी। उनका ये प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप हिंदुस्तानी, उत्तराखंड समाज से हेमंत भोखंडे, कृष्णपाल यादव, ललित क्रांतिकारी, लाल सिंह कटारिया, जेपी गुलिया सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मीडिया व आम लोग अवैध खनन करने वालों को पकड़वाएं



गुरुग्राम में पुलिस विभाग के कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान मीडिया से बातचीत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को फिर से दोहराया कि अवैध रूप से खनन करने वालों के साथ पूरी सख्ती की जाएगी। नूंह जिला में खनन संभावित क्षेत्रों पर निगरानी रखी जा रही है। अवैध खनन कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया तथा आम लोगों से मुख्यमंत्री ने अवैध खनन में संलिप्त लोगों को पकड़वाने में सहयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे सोमवार सुबह नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में आज एक इतिहास रचा गया है, जब आदिवासी समुदाय की एक महिला ने देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद ग्रहण किया है, देश की प्रथम नागरिक बनी हैं।

## भिवानी नाम चर्चा घर में संगत ने तिरंगे लहराकर किया सेल्यूट



भिवानी के नाम चर्चा घर में तिरंगे लहराती साध-संगत।

**गुरुग्राम।** डेरा सच्चा सौदा के मानवता भलाई की सूची में 142वें नंबर पर शामिल तिरंगे का सम्मान करना। अपने राष्ट्र ध्वज के सम्मान की खातिर डेरा की साध-संगत द्वारा सोमवार को यहां तोशाम रोड स्थित नाम चर्चा घर में तिरंगे का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मौजूद सैंकड़ों की संख्या में साध-संगत ने तिरंगे लहराकर खुशी जाहिर की और अपने घरों पर तिरंगे लहराने की शुरुआत कर दी। बीती 13 जुलाई 2022 को डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा ने तिरंगे के सम्मान को डेरा सच्चा सौदा के मानवता की भलाई के कार्यों की सूची में शामिल किया था। डेरा का यह 142वां काम है। दूसरी तरफ सरकार की ओर से भी आजादी के अमृत महोत्सव के विजन को देश में उत्साह और उमंग के साथ पूरा किया जा रहा है। इस दौरान हर घर तिरंगा लहराने की तैयारी की जा रही है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाना है। इस पहल के पीछे लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और तिरंगे से जुड़ाव को गहरा करना है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। गुरूजी के दिशा-निर्देशों के साथ तिरंगे के सम्मान के सभी नियमों का पालन करते हुए भिवानी की साध-संगत ने घरों पर तिरंगे लगाने उसी दिन से शुरू कर दिए थे, जिस दिन गुरूजी ने इसे मानवता भलाई के कार्यों की सूची में शामिल किया था। अब जैसे-जैसे स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे हर घर तिरंगा अभियान के आमजन में जोश व उत्साह बढ़ने लगा है। डेरा से जुड़े बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष, युवा वर्ग इस अभियान में अपनी ओर से पूरा समर्थन देकर तिरंगे अपने घरों, संस्थानों पर लगा रहे हैं।

## एनसीसी के कैडिटों ने स्वास्थ्य विभाग संग किया पौधारोपण



सोहना के नागरिक अस्पताल में पौधारोपण करते कैडिटस और चिकित्सक।

**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के एनसीसी विद्यार्थियों ने नागरिक अस्पताल में पौधारोपण किया। एनसीसी के कैडिटों ने अपने-अपने पौधे की तीन वर्ष तक पालना करने की शपथ भी ली। सोमवार को नगर राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एनसीसी के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ-साथ पौधे को पालना का भी प्रण लिया। जीवन में पौधों का महत्व और जीवन बचाना है, पौधा हर वर्ष लगाने हैं। एनसीसी के विद्यार्थियों ने नागरिक अस्पताल के डिलेवरी हैट वार्ड के साथ-साथ 25 पौधे लगाए। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के पूर्व एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर, वर्तमान एसएमओ डॉ. दशरथ राय, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर कुलभूषण, फार्मेसिस्ट सुमित कुमार और एनसीसी के प्रभारी अध्यापक हुकुमसिंह राघव मौजूद थे। इस अवसर पर डॉक्टर नवल किशोर ने विद्यार्थियों को जीवन में पौधों का महत्व और उनके ऊपर आधारित मनुष्य का जीवन के विषय में गहराई से बताया। उन्होंने बताया कि पौधा दवाइयां बनाने के लिए काम आता है।

# हाइवे पर शिविरों के अभाव में शिवभक्तों को हुई परेशानी


हार्डवेयर चौक पर बैठे कांवड़िये।


बाबा दीप सिंह चौक पर लगे लम्बे जाम को खुलवाने के लिए खड़े आरएसओ।


सड़क पर चलते कांवड़िये।

कविता। फरीदाबाद

### डेढ़ घंटे के कड़े प्रयास से बाबा दीप सिंह चौक को आरएसओ ने करवाया जाम मुक्त

**हरिद्वार** से कांवड लेकर लौट रहे कांवड़ियों को यूपी से दिल्ली तक कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन जब बदरपुर बार्डर से फरीदाबाद शहर में कांवड़िये पहुंचे, तो उन्हें हाईवे पर कोई सुविधा नहीं मिली। जिस कारण उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ी। वहीं हाईवे से एनआईटी, डबुआ, बल्लभगढ़, जवाहर कालोनी, संजय कालोनी, सेक्टर-55 समेत अन्य कालोनियों में पहुंचे कांवड़िये भूखे-प्यासे ही लौटे। उनका कहना था कि दो वर्ष बाद वे कांवड लेने गए थे। ऐसे में उन्हें घर लौटने के लिए बाईपास के बजाय हाईवे का रास्ता ठीक लगा। जिसे देखते हुए वे हाइवें से चलकर घर पहुंचे। लेकिन उन्हें रास्ते में शिविर न मिलने के कारण भूखे ही अपनी कालोनियों में लगे शिविरों तक पहुंचना पड़ा। वहीं कालोनियों में भी पुलिस की कोई व्यवस्था सड़कों पर नहीं थी। जिसके कारण जिले में जगह-जगह जाम देखने को मिला। जिसे आरएसओ ने किसी तरह से खुलवाया।

**कोई सुविधा नहीं :** जिले में कांवड़ियों के लिए बाईपास रोड का रूट तैयार किया गया था, लेकिन उक्त रूट पर न तो लाइट है और न ही रास्ते ठीक थे। वहीं बाईपास वाला रूट एनआईटी और उसके आसपास की कालोनियों से काफी दूर है। जिसे देखते हुए कुछ कावंड़िएं बाईपास की जगह बदरपुर बार्डर से हाईवे से हाईवे पर ही पैदल चलते हुए घर की ओर निकल गए। लेकिन उन्हें इस दौरान, कोई शिविर नहीं मिला, जिससे उनकी हालत खराब हो गई। वहीं शिविर न मिलने के कारण कुछ कांवडिये (भोले) भूखे ही घरों के निकट पहुंचे।

**लग गया जाम :** बाबा दीप सिंह चौक के निकट पैदल कांवड़ लेकर जवाहर कालोनी, डबुआ कालोनी, प्रेस कालोनी, पर्वतीया कालोनी और चाचा चौक, सुभाष चौक, नैन चौक पर जाने के लिए पहुंचे, तो वहां बुरी तरह से जाम लग गया। इस दौरान कुछ स्कूलों की बसें भी जाम में फंस गई। करीब पौने दो बजे लगे इस जाम को वहां मौजूद आरएसओ ने हार्डवेयर चौक पर क्लीयर करवाया। कावंड़ियों और जाम में फंसे लोगों का कहना था कि यदि पहले ही यहां ट्रेफिक पुलिस होती तो शायद डेढ़ घंटे तक का लम्बा जाम नहीं लगता।

# एमएलए की फर्जी मोहर से नाइजीरियन बनाता था आधार कार्ड, जेल भेजा

### पुलिस ने नाइजीरियन और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी फरीदाबाद ने नाइजीरियन व्यक्तियों के फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाले आरोपी राहुल, एमएलए की फर्जी मोहरे बनवाने वाले आरोपी संजय और नाईजीरियन के फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाली महिला को गिरफतार कर भेजा जेल।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राहुल तथा संजय का नाम शामिल है। आरोपी संजय दिल्ली के सरिता विहार का रहने वाला है। जिसकी नेहरू प्लेस में मोहर बनाने की दुकान है। आरोपी राहुल जो रोहतक के गांव कांधला का रहने वाला है और बड़खल तहसील में पिछले एक वर्ष से आधार कार्ड बनाने का प्राइवेट तौर पर काम कर रहा था। आरोपी की बीपीटीपी एरिया की बिहारी मार्केट में आधार कार्ड बनवाने का सीएचसी सेंटर खोला है। आरोपी राहुल से नाईजीरियन महिला कृष्टी/लारेन ने अपने नाइजीरियन दोस्तों के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए सम्पर्क किया था।

आरोपी राहुल पुत्र मुकेश निवासी गांव कांधला थाना सापला जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है जो आरोपी राहुल ने बताया कि वह एक साल से बड़कल तहसील में आधार कार्ड बनाने का कार्य करता है। जो इसी दौरान करीब एक माह पहले आरोपी राहुल की मुलाकात एक कृष्टि नाम की नाइजीरियन महिला से हुई। जिसने कहा कि वह अपने जानकारों के आधार कार्ड बनवाना चाहती है लेकिन उसके पास उनकी कोई आईडी नहीं है। अगर आप उनकी आईडी बना दो तो मैं आपको ढाई हजार रुपये एक आधार कार्ड के दूंगी। आरोपी राहुल ने नेहरु प्लेस में मोहरें बनाने वाले संजय की दुकान पर जाकर ज्यादा पैसे देकर एमएलए नीरज शर्मा के नाम की मोहर बनवाई। इसी तरह फर्जी तरीके से करीब 17-18 आधार कार्ड बनाए। सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी राहुल से की गई पूछताछ के आधार पर नीरज शर्मा की मोहरें बनवाने वाले आरोपी संजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी म.न. 8681 मदनपुर खादर न्यू दिल्ली को गिरफ्तार किया। जिससे मोहर बनाने की मशीन बरामद की जिसको अदालत पेश करके नीमका जेल भेजा जा चुका है।

24 जुलाई 2022 को ही सह आरोपी नाइजीरियन महिला कृष्टि/ लारेन पुत्री मौरिसन निवासी लेगस ई/24 ग्रिनलैण्ड स्टेट नाईजीरिया हाल निवासी एम/सी फ्लैट न. 1501 जे.पी ग्रीन मुनको टावर, थाना वीटा 2 ग्रेटर नॉएडा गौतमबुद्ध नगर यूपी को उनके घर से गिरफ्तार किया। अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया गया। कृष्टि/ लारेन नाईजीरियन महिला फिलहाल नोयडा से एलएलएम की पढाई कर रही है। जिसने आरोपी राहुल से कई नाईजीरियन का आधार कार्ड भी बनवाया है। बाकी अन्य नाईजीरियन को भी आरोपी राहुल के पास आधार कार्ड बनवाने के लिए भेजती रही है।

आरोपी राहुल और नाईजीरियन महिला को गिरफतार कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया था रिमाण्ड के दौरान आरोपी राहुल ने बताया कि उसको एक फर्जी आधार कार्ड बनाने के 6000 रुपये मिलते थे और उसने करीब 17/18 फर्जी तरीके से नाइजीरियन व्यक्तियों के आधार कार्ड बनाए हैं, आरोपी राहुल के कब्जे से एक गोल मोहर नीरज शर्मा एमएलए एनआईटी फरीदाबाद ,1 लैपटॉप, 1 चार्जर, 1 प्रिंटर-1005, 1 बायोमेट्रिक मशीन,1 आइरिश मशीन,1 कैमरा लोजिटिक, 1 मोहर बनाने की मशीन बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बीपीटीपी में धोखाधड़ी और फर्जी कागजात तैयार करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफतार नाईजीरियन महिला से पूछताछ की गई जिसको पूछताछ उपरान्त दोनो आरोपियों पेश अदालत कर जेल भेजा गया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाता साफ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एटीएम बदल कर पैसे निकालने के आरोप में गिरफ्तार टेकचंद, रोहित और लाजपत।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में टेकचंद उर्फ कल्लू, रोहित और लाजपत का नाम शामिल हैं। तीनों आरोपी पलवल के गांव सदरपुर के रहने वाले हैं। आरोपी ने पुलिस थाना मुजेसर एरिया में एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 75000 रुपये निकाल लिए और 25000 की शॉपिंग की थी। व्यक्ति ने बताया कि वह एटीएम से पैसे निकालने गई था जहां पर जब वह रूपए निकालकर जाने लगा तो आरोपी मोटरसाइकिल से उतरकर एटीएम में आया और उसने कहा कि आपकी ट्रांजेक्शन अभी पूरी नहीं हुई है और मदद करने के नाम पर ट्रांजेक्शन पूरी करने के लिए उसने व्यक्ति का एटीएम कार्ड लेकर एटीएम मशीन में डाल दिया और उसका पिन पूछ लिया। कार्ड वापस निकालते समय धोखे से व्यक्ति का एटीएम रख लिया। व्यक्ति को दूसरा से एटीएम दे दिया। आरोपी इसके पश्चात व्यक्ति का एटीएम लेकर मुजेसर एरिया में आया और वहां से किसी एटीएम से व्यक्ति के एटीएम से 75000 रुपये निकाल लिए और 25000 रुपये की शॉपिंग कर ली। व्यक्ति की शिकायत पर थाना मुजेसर में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में एटीएम के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो आरोपी जिस मोटरसाइकिल से आया था उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली जिसके पश्चात आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दो-तीन बार रेड की परंतु आरोपी जब वहां पर नहीं मिला तो उसे नोटिस दिया गया। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी टेकचंद और रोहित को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर समयपुर चुंगी से गिरफतार किया है।

# जिले के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड और रजत पदक



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट ग्रेप्लिंग चैम्पियनशिप 2022 में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

ऑरटूएफ मॉशर्ल आर्ट एकेडमी एवं ग्रेप्लिंग एसोसिएशन फरीदाबाद के जनरल सैक्रेटरी दुष्यंत सैनी एवं प्रधान दिवाकर सैनी ने बताया कि हरियाणा स्टेट ग्रेप्लिंग चैम्पियनशिप एमएएसडी पब्लिक स्कूल पानीपत में आयोजित की गई। जिसमें फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने बेहत्तर प्रदर्शन किया और गोल्ड मेडल व सिल्वर मैडल हांसिल किया। चैम्पियनशिप में दीपक कुमार 22 वर्षीय 70 किलोग्राम भार वर्ग, पिंकी 23 वर्षीय 60 किलोग्राम भार वर्ग, करण 17 वर्षीय 60 किलोग्रामभार वर्ग, टेकराज अवस्थी 23 वर्षीय 65 किलोग्राम भार वर्ग, कनक मंडल 22 वर्षीय 84 किलोग्राम भार वर्ग, अविनाश 28 वर्षीय 77 किलोग्राम भार वर्ग, यश 10 वर्षीय 36 किलोग्राम भार वर्ग, विशाल 9 वर्षीय 30 किलोग्राम भार वर्ग, ध्रुव 14 वर्षीय 35 किलोग्राम भार वर्ग, प्राखर श्रीवास्तव 29 वर्षीय 66 किलोग्राम भार वर्ग खिलाडियों ने भाग लिया। दुष्यंत सैनी व दिवाकर सैनी ने खिलाडियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रतिनिधिमंडल ने की जेसी बोस के रजिस्ट्रार से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेंटर** ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जेसी बोस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्व विद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के रजिस्ट्रार से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीटू के जिला प्रधान निरन्तर पाराशर, जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संयुक्त रूप से किया।

प्रतिनिधिमंडल में सीटू के वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद, जिला कमेटी कोषाध्यक्ष सुधा पाल, जिला कमेटी सदस्य केपी सिंह, और रमेश शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने रजिस्ट्रार के सामने यूनिवर्सिटी प्रशासन के द्वारा काम से निकाले गए कर्मचारी वीरू पुत्र विजेंद्र सिंह की बहाली की मांग को उठाया। प्रशासन ने उन्हें वाइस चांसलर के आउट ऑफ स्टेशन होने की वजह 28 जुलाई तक बातचीत करने का आश्वासन दिया। इसलिए शिष्टमंडल इस मुद्दे पर 29 जुलाई को दोबारा से यूनिवर्सिटी प्रशासन से मिलेगा। जैसा की ज्ञात है। कि वीरू नाम के कर्मचारी को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बिना किसी कारण एक जुलाई से काम से निकाल रखा है। यह कर्मचारी बेकसूर है। पिछले 8 वर्षों से विवि में कार्यरत है। इस कर्मचारी की सेवाओं को बहाल करने के लिए 20 जुलाई को यूनिवर्सिटी के गेट के सामने विरोध सभा भी की गई। विरोध सभा में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की सभी कर्मचारी ने भाग लिया।

# नव प्रयास ने 11वां कांवड़ शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा प्याली चौक स्थित कुमाऊ सांस्कृतिक मंडल मंदिर परिसर में 11वें कांवड़ शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ प्रधान सुनील यादव, रमेश जोशी, महेश सैनी, रवि चौहान, अशोक पौद्दार, दीपक नेगी सहित अन्य लोगों ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर किया। इस शिविर में कांवड़ियों के लिए रहने, दवाईयां तथा सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रधान सुनील यादव ने बताया कि कोरोना काल के चलते दो वर्षों से कांवड़ शिविर का आयोजन नहीं किया जा रहा था, लेकिन अब जब प्रभु की इच्छानुसार सब कुछ ठीक हो गया है। इसी कड़ी में हरिद्वार से कांवड़ियों का आना लगातार जारी है।

# भूपेंद्र ने कांग्रेस छोड़ थामा आप का दामन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना।

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद इसका सीधा असर हरियाणा प्रदेश में साफतौर पर देखने को मिल रहा है। कई वर्षों तक कांग्रेस में रह चुके कांग्रेस नेता भूपेंद्र नागर ने आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी महेंद्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर अशोक तंवर, दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच एवं जिलाध्यक्ष धरमबीर भड़ाना के नेतृत्व में सेक्टर 46 स्थित अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की टोपी पहनकर सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी हरियाणा के सह प्रभारी महेंद्र चौधरी ने कहा की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से दिल्ली की आम जनता के लिए अलग तरह से नीतियां बनाई। उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा के साथ बिजली को फ्री देने की योजना बनाई जिससे लोगों में विश्वास पैदा हुआ। इसी विश्वास पर आम जनता सरकार बनाती है। उन्होने कहा की दिल्ली के कामों से प्रभावित होकर व जिस तरह से पंजाब में परिणाम आए उन सबको देख भूपेंद्र नागर पार्टी में शामिल हुए। चौधरी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भाजपा जेजेपी गठबंधन ने प्रदेश को विनाश पर लाकर खड़ा कर दिया है, इससे यह साफ जाहिर होता है कि 2024 के आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीत हासिल करेगी और जितने भी भाजपा व कांग्रेस के नेता हैं, इन्हें घर पर बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जिसमें मेहनती, ईमानदार और कर्मठ कार्यकर्ताओं की कोई कद्र नहीं है, बल्कि जो चापलूस और चतुर, चालाक लोग हैं उसी का पार्टी में मान सम्मान होता है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अशोंक तवंर ने इस मौके पर कहा कि भाजपा और कांग्रेस या किसी अन्य पार्टी में काम करने वाला हर नेता और कार्यकर्ता जिसकी विचारधारा आम आदमी पार्टी के साथ मिलती है।

# विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कर रहे हैं कार्य

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने सोमवार को मुख्यमंत्री उद्घोषणा संख्या 20949 के अंतर्गत एशियन अस्पताल के सामने सेक्टर-21 सी की मुख्य सडक् का उद्घाटन स्थानीय निवासियो से कराया।

इस अवसर पर विधायिका सीमा त्रिखा ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बडखल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बडखल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बडखल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा।

# रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** केयर फॉर थेलासीमिया व फाउंडेशन अगेंस्ट थेलासीमिया द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन होप जिम फ्रूट गार्डन रेलवे रोड फरीदाबाद में किया गया। संस्था के प्रधान हरीश रतरा व महा सचिव रविन्द्र डुडेजा ने बताया की संस्था का हमेशा ही प्रयास नयी जगह पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करना और साथ ही नए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा है।

यही कारण है की फरीदाबाद ही एक ऐसा जिला था, जहां कोरोना महामारी में भी थेलासीमिया ग्रस्त बच्चों को किसी भी प्रकार से रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़ा था। साथ ही संस्था का प्रयास रहा है अधिक से अधिक लोगों को संस्था के साथ जोड़ना ताकि वो सब मिल कर लोगों रक्तदान के लिए प्रेरित करे भी खुद भी रक्तदान करें। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में होप जिम के संचालक अनमोल सिंह का विशेष सहयोग रहा। अनमोल सिंह ने आश्वासन दिया की वो संस्था के साथ जुड़कर थेलासीमिया को जड़ से मिटने के लिए कोशिश करेंगे।

होप जिम के निदेशक संदीप विशारिया ने आस्वाशन दिया की उनके द्वारा चले जा रहे दूसरे केन्द्रों पर जल्द रक्तदान शिविर लगाये जायेंगे ताकि किसी भी थेलासीमिया ग्रस्त बच्चे को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। इस रक्तदान शिविर में 41 लोगो ने रक्तदान कर पुण्य के भागीदार बने सभी रक्तदाताओ को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरिटेज की तरफ से छाते उपहार स्वरूप दिए गए। क्लब के प्रधान अनूप गर्ग ने बताया की छाता जो सुरक्षा का प्रतीक है जो कड़कती धूप व् बरसात से सुरक्षित रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विजिलेंस थाना सेक्टर-17 से मिर्जापुर हुआ स्थानांतरित




**फरीदाबाद।** स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस अभिषेक जोरवाल ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर 17 स्थित, विजिलेंस थाना अब सेक्टर 74 मिर्जापुर गांव में स्थापित किया गया है। जिसमें कोई भी किसी भी विमाग के सरकारी कर्मचारी के द्वारा काम के बदले रिश्वत मांगे जाने पर टोल फ्री नंबर 1800 180 2022 या 1064 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। या थाने मे आकर शिकायत दे सकते है। रिश्वत की मांगने वाले कर्मचारी के खिलाफ विजिलेंस पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी। टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर भ्रष्ट कर्मचारी को पकड़वाए।

### अधिवक्ताओं ने चलाया वृक्षारोपण अभियान



**फरीदाबाद।** अधिवक्ता परिषद फ़रीदाबाद एवं भाजपा कानूनी प्रकोष्ठ फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जिला न्यायालय फरीदाबाद परिसर के आस-पास वृक्षारोपण का अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने की पावन बेला में 75 पौधे लगा कर आजादी की बलिवेदी पर शहीद हुए पुण्य आत्माओं का सिमरन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता एवं भाजपा कानूनी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राज कुमार तंवर ने कहा की जब जब समाज में परिवर्तन की बेला आई है। तब-तब अधिवक्ता समाज ने अपनी महती भूमिका निभाई है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा नेता राज कुमार शर्मा अपने सम्बोधन में कहा की वृक्ष धरती का आभूषण है। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। वृक्ष ना केवल वायुमण्डल के शुद्धिकरण के लिए महत्वपूर्ण है अपितु सम्पूर्ण सृष्टि के जीवन चक्र का केंद्र बिंदु हैं। समय-समय पर देशकाल और वातावरण की परिस्थियों को देखते हुए। अलग अलग काल। खंड में अनेक महापुरुषों ने वृक्षों की रक्षा हेतु ना केवल आंदोलन चलाए बल्कि सम्पूर्ण समाज को जागृत कर एक नई दिशा देने का भी कार्य किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के संरक्षक गोपाल दत्त शर्मा, युवा प्रमुख योगेश दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, बीरेश डागर, कृपा राम, संतोष कुमारी, प्रमोद गुप्ता, जगदीश भड़ाना एवं ज़िला बार एसोसीएशन के सहसचिव आशीष अरोडा व भाजपा विधि प्रकोष्ठ के केएल शर्मा, अमित कालरा, विपिन यादव, दिनेश तोमर, दिनेश शर्मा, हैरी खन्ना, राजेंद्र गौतम, रामबीर तंवर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अग्रोहा धाम से चली रथयात्रा का एकॉर्ड अस्पताल ने किया स्वागत



**फरीदाबाद।** अग्रवाल समाज कुलदेवी आदिशक्ति मां लक्ष्मी की रथयात्रा अग्रोहा धाम से चल कर पूरे हरियाणा में भ्रमण करते हुए ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल पहुंची। जहां फूलों की वर्षा के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। अस्पताल न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, कार्डियोलोजी चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता और नेफ्रोलॉजी चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि कुलदेवी आदिशक्ति मां लक्ष्मी की कृपा हम सभी पर हमेशा बनी रहे है और हम निष्ठा भाव से लोगों की सेवा करते हैं। इस मौके पर लोगों को सस्ती दर पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रिवलेज कार्ड भी जारी किए गए। अग्रोहा धाम से शुरु हुई रथ यात्रा पूरे भारत मे लगभग 11 लाख किलोमीटर की यात्रा तय करेगी, जोकि एक मिशाल के साथ साथ समाज को एक सूत्र मे पिरोने का काम करेगी। डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से रथयात्रा निकाली जा रही है जो फरीदाबाद समेत देश के हर कोने में पहुंचेगी। डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि यात्रा को गीता के 18 अध्यायों के आधार 18 रथों के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा अग्रवाल समाज की कुलदेवी आध्य महालक्ष्मी के रथ को भी गीता स्वरूप में तैयार किया गया है। जो भव्य एवं दिव्य रथ सनातन संस्कृति को समेटे हर किसी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला है और समाज के सभी लोगों की सेवा के लिए तैयार रहता है। कुलदेवी के आशीर्वाद से हम अस्पताल में मरीजों का स्वेच्छा से ईलाज करेंगे। कार्यक्रम में ग्रेटर फरीदाबाद अग्रवाल वैश्य समाज से प्रधान राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### श्रीसंकट मोचन हनुमान मंडल कैलीधाम



**फरीदाबाद।** श्रीसंकट मोचन हनुमान मंडल कैलीधाम में हर साल की भांति रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आचार्य महावीर प्रसाद वशिष्ठ के सानिध्य में 21 ब्राह्मणों के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ ने बताया धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना बहुत ही पवित्र होता है। यह माह भगवान शिव को सबसे प्रिय होता है। सावन के महीने में लोग भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा-आराधना करते हैं। सावन के महीने शिव भक्त मंदिर में जाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव का जलाभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की हर तरह की मनोकामनओं की पूर्ति करते हैं। इस कारण से सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने का खास महत्व होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से एडवोकेट ललित गर्ग, मुकेश वर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, मनमोहन शर्मा, राजेंद्र मूंधड़ा, भंवर लाल शर्मा, पवन शर्मा, पुजारी जेठमलजी, बृज बिहारी त्रिवेदी, अरविंद शर्मा, मदन गोपाल बंसल, शंभू नाथ पांडे आदि लोगों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ ने आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और विश्व कल्याण की कामना की।

### मानसून में बीमारियों से रहें : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून के दौरान बरसात के दिनों में मच्छर पनपने लगते है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बन जाते है। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में प्रतिवर्ष अनेक बीमारी भी दस्तक दे देती हैं। बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी है कि नागरिक सप्ताह में एक दिन अपने घर में सूखा दिवस मनाएं। साथ ही घर के आस-पास जमा पानी में ट्रैक्टर या मोटरसाइकिल के इंजन से निकला पुराना तेल, पेट्रोल या डीजल भी डाल सकते हैं। डिप्टी सीएमओ कम् मलेरिया के नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घरों, गलियों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें।

## मीडिया को सलाह

### आत्मनियंत्रण आवश्यक

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश रमना की मीडिया पर कठोर आलोचनात्मक टिप्पणी को सही दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। मीडिया पर भारत के प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमना की आलोचनात्मक टिप्पणी को तीन प्रकार से देखा जा सकता है। पहला व सर्वाधिक अनुपयुक्त दृष्टिकोण यही हो सकता है कि न्यायपालिका को अपनी विफलताओं पर क्या कहना है? लंबित मुकदमों का भारी बोझ, न्याय देने की कछुआ गति, सतही याचिकाओं को विचारार्थ स्वीकार करना, न्यायिक अति-सक्रियता व कदाचार आदि की लंबी सूची है जिनसे न्याय व्यवस्था पीड़ित है। दूसरा दृष्टिकोण रक्षात्मक हो सकता है, यानी ठीक है कि मीडिया बहुत सी ऐसी चीजें करता है जिनको उसे नहीं करना चाहिए, लेकिन पत्रकारों द्वारा मचाए शोर-शराबे के परिणामस्वरूप न्याय की ही सेवा होती है। असंख्य मामलों में पत्रकारों द्वारा बार-बार सवाल उठाने पर ही दोषियों को सजा मिली। ऐसे मामलों में जेसिका लाल, र्यान इंटरनेशनल स्कूल हत्या, चारा घोटाला, 1992 का शेयर घोटाला, आदि शामिल हैं। तीसरा तथा उपयुक्त मीडिया दृष्टिकोण अपनी गलती स्वीकार करना हो सकता है।

रमना ने कहा था, 'मामलों पर फैसला देने में मीडिया ट्रायल निर्देशक तत्व नहीं हो सकता है। हाल में हमने देखा है कि मीडिया कभी-कभी ऐसे मुद्दों पर कंगारू अदालतें चलाता है जिन पर फैसला करना अनुभवी जजों के लिए भी कठिन होता है। न्याय प्रदान करने से संबंधित मामलों पर अधकचरी सूचना के आधार पर व एजेंडा-संचालित बहसें लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं।' वास्तव में अज्ञानी व भ्रष्ट तत्वों की तुलना में मीडिया का एजेंडा-संचालित हिस्सा ज्यादा खतरनाक है। जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मीडिया द्वारा प्रचारित पूर्वाग्रही दृष्टिकोण लोगों को प्रभावित करते हैं, लोकतंत्र को कमजोर करते हैं तथा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। इस प्रक्रिया में न्याय प्रदान करने पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अति-सक्रियता तथा अपनी जिम्मेदारी भूलने के कारण आप लोकतंत्र को दो कदम पीछे पहुंचा देते हैं।' उन्होंने खासकर एलेक्ट्रानिक मीडिया की आलोचना की। समय आ गया है कि मीडिया घरानों के मालिक तथा वरिष्ठ पत्रकार पत्रकारिता की स्थिति के बारे में थोड़ा आत्मावलोकन करें तथा स्थिति सुधारने का रास्ता खोजें। केवल पत्रकारों के घटते पेशेवर व नैतिक स्तर पर दु:ख प्रकट करने से कोई लाभ नहीं होगा। पहले भी यह काम अनेकानेक बार हुआ है और प्रधान न्यायाधीश की आलोचना इस कड़ी में नवीनतम है। अक्सर गिरावट को उदारीकरण से जोड़ दिया जाता है। आम तौर से वामपंथी विश्लेषक स्थिति का यही आंकलन करते हैं। सभी जानते हैं कि वामपंथी दृष्टिकोण से सभी बुरी चीजें बाजार शक्तियों व कार्पोरेट लालच का परिणाम होती हैं। 'कार्पोरेट मीडिया' शब्द अपने आप में पाप की भावना पैदा करता है। लेकिन यह विश्लेषण इस व्याख्या में विफल हो जाता है कि अधिकांशत: कार्पोरेट के स्वामित्व वाला पश्चिमी मीडिया उन समस्याओं से अधिकांशत: मुक्त क्यों है जो भारतीय समकक्षों को पीड़ित कर रही हैं।




भारतीय मीडिया में क्षरण मुख्यत: इस कारण से है कि मीडिया घराने तथा वरिष्ठ पत्रकार अनुचित व्यवहारों, पेड न्यूज़, घटनाओं के विकृत प्रस्तुतीकरण तथा राजनीति-प्रेरित कवरेज के दोषी हैं। इससे उनको अल्पकालीन लाभ मिलते हैं, पर दीर्घकालीन रूप से उनकी तथा पूरे पेशे की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचता है। ऐसे पत्रकार हैं जिनकी पहचान न केवल साथी पत्रकारों, बल्कि आम लोगों द्वारा भी राजनीतिक पार्टियों के साथ होती है। संक्षेप में कहें तो वे अपना धर्म और कर्म भूल गए हैं। इसका यह अर्थ भी है कि मीडिया में आ रही गलत बातों से मुक्ति पाने का बहुत सरल रास्ता यही है कि पत्रकार अपने धर्म और कर्म का पालन करें।

# स्वावलंबन के लिए रक्षा स्वदेशीकरण

बड़े रक्षा सप्लायर प्रतिद्वंद्वी देशों को भी हथियार बेचते हैं। इसलिए भारत को तेजी से सैनिक हथियारों व साजसामान का स्वदेशीकरण करना चाहिए।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में नौसैनिक खोज व स्वदेशीकरण संगठन-एनआईआईओ के सेमिनार 'स्वावलंबन' को संबोधित किया। भारत की प्रतिभा को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया, 'यह अच्छी बात नहीं है कि हम लड़ाई के मैदान में उन्हीं दस हथियारों के साथ भेजें जो दुनिया के पास हैं।' उन्होंने उन देशों का भी उल्लेख किया जिन्होंने विश्व युद्ध की चुनौतियों का लाभ उठाते हुए बड़े हथियार निर्यातक बनने में सफलता पाई। वास्तव में हथियारों की बिक्री के संदर्भ में यह टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण है। पूरे शीतयुद्ध के दौरान अमेरिका और सोवियत संघ ने अपनी रणनीतिक पहुंच बढ़ाने के लिए हथियारों की बिक्री को अनिवार्य माध्यम बनाया। भविष्य में मरम्मत, रखरखाव सेवायें व आधुनिकीकरण, यानी एक प्रकार से निर्भरता तथा हिस्से पुर्जों की सप्लाई इन सप्लायरों के पक्ष में थी। संक्षेप में कहा जाए तो प्राप्तकर्ता देश न केवल सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले हथियार खरीदते थे, बल्कि स्वयं को मजबूती से सप्लायर के रणनीतिक विचार से बांध लेते थे। यह बात तीसरे-पक्ष वाले देशों से समझौतों के मामले में खासतौर से महत्वपूर्ण हो जाती है। सिप्री की ट्रेंड इंडिकेटर वैल्यू-टीआईवी से संकेत मिलता है कि अमेरिका तथा पूर्व सोवियत संघ का 1950-1990 तक हथियारों के बाजार पर प्रभुत्व रहा। उनका कुल हिस्सा 70 प्रतिशत या 861 बिलियन अमेरिकी डालर था। दोनों महाशक्तियां हथियारों की बिक्री के लिए कठोरतापूर्वक अपने सहयोगियों व मित्रों तक सीमित थीं। इस प्रकार दुनिया ने एक कठोर द्विध्रुवीयता देखी। हथियार व्यापार का एक लाभ 'शक्ति व प्रभाव प्रदर्शित' करने की प्रभावी व्यवस्था थी। इस प्रकार उनको विदेशों में सैनिक भेजने की जोखिम से भी सुरक्षा मिलती थी। इसके परिणामस्वरूप शीतयुद्ध की दो शक्तियां सर्वोच्च हथियार निर्यातक बनी रहीं।

भू-अर्थनीति के संदर्भ में सैनिक-औद्योगिक समुच्चय परोक्ष व प्रत्यक्ष रोजगार का भी साधन था। उदाहरणार्थ, 2002 में चीन हथियार बनाने व सैनिक सेवायें देने वाली कंपनियों में सर्वोच्च 100 देशों में शामिल नहीं था। पहले इस क्षेत्र में अमेरिका का वर्चस्व था। लेकिन 2020 समाप्त होते-होते पांच चीनी कंपनियों ने सर्वोच्च 20 में अपना स्थान बना लिया था। 2020 में अमेरिका के विभाग वाणिज्य ब्यूरो आफ इंडस्ट्री एंड सिक्युरिटी-बीआईएस ने अनुमान लगाया था कि प्रति बिलियन डालर निर्यात पर 8,215 नौकरियों का सृजन होता था। इस प्रकार हथियार व्यापार में प्रति बिलियन नुकसान का अर्थ बड़ी संख्या में नौकरियां समाप्त होना भी था। भू-राजनीति के दृष्टिकोण से ईरान व पाकिस्तान जैसे स्विंग राज्यों व उनमें उत्पन्न भय की सोच सप्लायरों के लिए महत्वपूर्ण थी। उदाहरण के लिए, जब अमेरिका का पश्चिम एशिया में 1965 से 1979 तक प्रभुत्व था, ईरान को हथियारों की बिक्री 24.01 बिलियन डालर थी। लेकिन 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद यह स्थिति बदल गई। अमेरिका द्वारा निर्धारित 'दुष्ट राज्यों' के विमर्श के आधार पर ईरान में हथियारों का आयात लगभग समाप्त हो गया और उसने रूस जैसे नए साझीदार खोज लिए थे। इसी कालखंड में पाकिस्तान को 0.7 बिलियन डालर के हथियार मिले। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह खरीद अमेरिका द्वारा आर्थिक अनुदान सहायता से थी जिसे शीतयुद्ध समूहों सेंटो व सीटो के माध्यम से दिया गया था। लेकिन इससे भारत के सुरक्षा सरोकारों को हाशिए पर धकेल दिया गया था। 1990 तक चीन और ईरान ने तकनीक हस्तांतरण के अनेक समझौतों की शुरुआत की थी। 2000 से 2021 मे ईरान ने 0.78 बिलियन डालर के चीनी हथियार खरीदे। चीनी हथियारों की बिक्री पर सीधे ओबीओआर नीति का नियंत्रण था और वर्चस्व स्थापित करने के लिए उसने बहु-ध्रुवीयता का अपना सिद्धान्त गढ़ा था। उदाहरण के लिए, चीन पर सिप्री के टीआईवी से संकेत मिले थे कि 2000 से 2021 तक दक्षिण एशिया चीनी हथियारों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया था जहां कुल 23.77 बिलियन डालर की बिक्री में उसका हिस्सा 14.61 बिलियन, यानी 61.46 प्रतिशत था। पाकिस्तान चीनी हथियारों का सबसे बड़ा आयातक था।

चीन द्वारा रूसी हथियारों की रिवर्स इंजीनियरिंग से मामला खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया। भारत इससे सीधे प्रभावित था तथा चीन-पाक खतरे को देखते हुए यह मामला और गंभीर हो गया था। उदाहरण के लिए, 2018 में अनेक खबरें सामने आईं जिनके अनुसार चीन का जे-20 लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों की नकल था जिनको पाकिस्तान आगामी कुछ महीने में अपनी वायुसेना में शामिल करने वाला था। रूस ने पहले ही चीन द्वारा रिवर्स इंजीनियरिंग तकनीकों के खतरे की ओर संकेत किया था। उदाहरणार्थ, शेनयांग जे-11 लड़ाकू विमान व एचक्यू-9 सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल तकनीकी रूप से रूसी 27के व एस-300 प्लेटफार्मों के समान थे। जैसे इतना काफी न रहा हो, सुरक्षा विशेषज्ञों ने एक नई खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत दिया। अमेरिका ने पाकिस्तान को महत्वपूर्ण हार्डवेयर सप्लाई किए जो चीन व तुर्की जैसे अन्य देशों से प्राप्त हथियारों के उच्चीकरण के लिए थे। उदाहरण के लिए, 2007-2010 के बीच पाकिस्तान को 27 टर्बोफैन टीएफई-371 सप्लाई किए गए जो पहले चीन से खरीदे गए 27 के-8 ट्रेनर-कंबैट विमानों के उच्चीकरण के लिए थे। 2020 में तुर्की से आयातित 4 मिलगेम फाइटर्स के लिए एलएम-2500 गैस टर्बाइन इंजन दिए गए। अन्य आधुनिकीकरण प्रयासों में 2017 में सप्लाई कैटरपिलर-3516 तथा 2007-08 में टीएफ-50 शामिल हैं। इस प्रकार एक ढीलीढाली बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में हथियार निर्यातकों के हस्तक्षेप से तकनीकों की पवित्रता नष्ट हुई और अनेक तकनीकी प्रयोग किए जाने लगे।

तत्कालीन प्रयोग के लिए खरीदने की बात समझ में आती है, पर हथियार आयात के इस दुष्चक्र से निकलना समान रूप से बहुत जरूरी है। ऐसे में भारत के लिए अपनी क्षमताओं का विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक रूप से समान सैनिक उपकरणों के दुश्मन देशों तक पहुंचने और उनमें तकनीकी घालमेल से टकराव के समय सप्लायर की स्थिति मजबूत होती है। इससे सप्लायर को महत्वपूर्ण स्थान मिलता है और वह मध्यस्थता में बेहतरीन स्थिति प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही वह युद्धभूमि को अपना दूसरा प्रयोग स्थल बना सकता है। उदाहरणार्थ, दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी को अच्छी तरह समझती है। लेकिन कुछ विस्तृत विवरणों में जाने से पता चलता है कि सप्लायरों ने दोनों प्रतिद्वंद्वियों को एक जैसे ही मिसाइल बेचे हैं। उदाहरणार्थ, अमेरिका ने पाकिस्तान को 63 मिलियन डालर के हार्पून ब्लाक-2 एंटी शिप मिसइल एजीएम-84एल बेचे। बाद में 2012 में भारत ने 200 मिलियन डालर के ऐसे ही मिसाइल खरीदे। इसके साथ ही भारत और चीन ने रूस से वही मिसाइल खरीदे जिनमें केएच-31एआई, सुखोई विमानों के लिए बीवींरैम आर-77, विध्वंसकों के लिए टाइप-052बी सतह से हवा में मार करने वाले 9एम317 मिसाइल तथा तलवार फ्रिगेट शामिल हैं। इसके साथ ही चीन की परियोजना 636 व भारत की सिंधुदुर्ग परियोजना के लिए 53-65 एंटीशिप मिसाइल तथा एस-400 मिसाइल प्रणाली के लिए खरीदे 48एन6 मिसाइलें हैं, जबकि यह प्रणाली चीन और भारत, दोनों के पास है।

कुल मिला कर कहा जाए तो महत्वपूर्ण तकनीक का हस्तांतरण हतोत्साहित हुआ है। उल्लेखनीय है कि जर्मनी, रूस व फ्रांस पी-751 पनडुब्बी परियोजना से हट गए हैं क्योंकि इसमें पनडुब्बियों के विकास के लिए एयर डिपेंडेंट प्रोपल्शन व्यवस्था-एआईपी का तकनीक हस्तांतरण जरूरी था। वे तकनीक का हस्तांतरण उसी स्थिति में कर सकते थे जब भारत की उनके साथ व्यक्तिगत रणनीतिक कनवर्जेंस होती। इस प्रकार हथियारों की बिक्री और विदेशी सहायता परस्पर जुड़ी है और यह बिक्री, भू-राजनीतिक विमर्श तथा सप्लायर देश में रोजगार सृजन के दुष्चक्र को प्रोत्साहित करती है। यदि दक्षिण एशिया में भारत को शामिल करने वाला कोई सशस्त्र संघर्ष होता है तो इससे किसे लाभ होगा? क्या इससे अमेरिका, रूस, आदि हथियार सप्लायरों का खजाना और नहीं भरेगा? यदि अधिकांश हथियारों की रि-इंजीनियरिंग हुई हो या उनमें पूर्व-वर्णित कारणों से समानतायें हों तो क्या होगा? निश्चित रूप से भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में ऐसा नेता मिला है जिनकी रणनीतिक दूरदृष्टि है और वे युद्ध-आधारित अर्थव्यवस्था समझते हैं।

उनका यह आंकलन सही है कि भावी युद्धों में सफलता के लिए स्वदेशीकरण व खोज पर जोर देना जरूरी है। इस प्रकार यह सही समय है कि राष्ट्र भू-राजनीति पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार करे तथा प्रधानमंत्री मोदी जैसे दूरदर्शी नेता का समर्थन करे जो स्वावलंबन पर भी जोर देते हैं।

# निष्फल होते पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध

**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



दुनिया फरवरी 2022 से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणाम भुगत रही है। रूस ने नाटो के साथ कीव के बढ़ते संबंधों से नाराज होकर यूक्रेन पर आक्रमण किया। युद्ध ने न केवल यूक्रेन में जीवन और संपत्ति का भारी नुकसान किया है, बल्कि तेल की बढ़ती कीमतों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, भोजन की कमी के रूप में वैश्विक संकट भी पैदा किया है, जबकि इसके परिणामस्वरूप विकास धीमा हो गया है और वैश्विक मुद्रास्फीति को पैर दे रहा है।

रूस के खिलाफ अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों द्वारा दंडात्मक आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए थे। अमेरिका का मानना था कि प्रतिबंधों के कारण रूसी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। लेकिन मॉस्को बरकरार है, जबकि पाबंदियों का असर पश्चिमी देशों पर जरूर दिख रहा है. रूस पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक और कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। अमेरिका और यूरोप ने रूस को अपनी भुगतान प्रणाली से प्रतिबंधित कर दिया, इस उम्मीद में कि मास्को दुनिया के बाकी हिस्सों में अपना तेल बेच रहा है। उन्हें लगा कि इससे रूस की आर्थिक रीढ़ टूट जाएगी। लेकिन रूस की रणनीति ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया और आज अमेरिका और उससे भी महत्वपूर्ण उसके मित्र यूरोपीय देश एक बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

यह महसूस करते हुए कि तेल की बढ़ती कीमतों के कारण, यूरोप सहित सभी देश सस्ते तेल की तलाश में रूस की शरण लेंगे, रूस ने भारत को अपने कच्चे तेल की आपूर्ति रियायती कीमतों और रुपये के संदर्भ में शुरू कर दी। भारत ने रूस से अपने तेल आयात में 50 गुना वृद्धि की। इसके अलावा, रूस को यूरोपीय देशों से तेल भुगतान में कोई बाधा नहीं आई, क्योंकि महाद्वीप के देश रूस से सस्ते तेल पर निर्भर हो गए हैं। वे अपने स्वयं के प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखते हैं। ऐसे में इन प्रतिबंधों का रूसी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव कम से कम था। उसके बाद, यूरोपीय देशों द्वारा जारी आर्थिक प्रतिबंधों से परेशान होकर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इन देशों को तेल की आपूर्ति कम करने का फैसला किया। जर्मनी, जो पिछले कुछ दशकों से यूरोपीय देशों के आर्थिक संकटों से अप्रभावित था, अब तेल की कमी की चपेट में है। इसका स्वाभाविक रूप से जर्मनी में बिजली उत्पादन पर प्रभाव पड़ा। वहां न केवल बिजली उत्पादन की लागत बढ़ी है, बल्कि बिजली की आपूर्ति भी खतरे में आ गई है। जर्मनी में तेल की बढ़ती कीमतों के चलते अब उसने अपने बंद पड़े थर्मल पावर प्लांट को फिर से शुरू करने का फैसला किया है. यूरोप के अन्य देश भी आज गैस और कच्चे तेल की आपूर्ति की कमी के कारण संकट में हैं। जब सर्दी नजदीक आ रही है तो यूरोपीय देशों की सरकारों का चिंतित होना स्वाभाविक है। जर्मन सरकार कह रही है कि यह रूस के राष्ट्रपति पुतिन का यूरोप पर आर्थिक हमला है और पुतिन की रणनीति मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने, ऊर्जा असुरक्षा पैदा करने और यूरोपीय ब्लॉक के देशों के बीच विभाजन पैदा करने की है। आज, जब अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ आर्थिक और सुरक्षा सहायता प्रदान कर रहे हैं और संयुक्त रूप से आर्थिक प्रतिबंध लगा रहे हैं, रूस की कार्रवाई को एक प्राकृतिक प्रतिशोध के रूप में समझा जा सकता है। अमेरिका और यूरोप के सभी अनुमान विफल हो गए हैं। यह सच है कि भारत समेत दुनिया के देशों का मानना है कि रूस को इस युद्ध को रोकना चाहिए। निस्संदेह विश्व की सहानुभूति यूक्रेन के लोगों के साथ है। 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु विस्फोट का परीक्षण किया, तो अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, जबकि एक या दूसरे बहाने नई दिल्ली के खिलाफ दंडात्मक आर्थिक उपायों की धमकी दी थी। अमेरिका ने ईरान और वेनेजुएला समेत कई देशों पर आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए हैं। इन सब कारणों से बाकी दुनिया को अमेरिका और यूरोप से कोई सहानुभूति नहीं है।



रूस जहां पश्चिमी आर्थिक प्रतिबंधों का मजाक उड़ा रहा है, वहीं अन्य देशों द्वारा उन्हें वापस लेने की मांग भी जोर पकड़ रही है। ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो ने कहा है कि रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध काम नहीं कर रहे हैं और उनके देश ने अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए रूस से उर्वरक खरीदना शुरू कर दिया है।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी अमेरिका से अपने आर्थिक प्रतिबंध वापस लेने का आग्रह किया है। वह कहती हैं कि इन आर्थिक प्रतिबंधों के कारण आम आदमी तेल और गैस, खाद्य पदार्थ, उर्वरक और अन्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति से पीड़ित है। इसलिए, ये आर्थिक प्रतिबंध मानवाधिकारों के खिलाफ हैं। जहां अमेरिका और यूरोपीय देशों सहित पूरी दुनिया में आर्थिक प्रतिबंध कहर बरपा रहे हैं, वहीं पश्चिमी ब्लॉक दूसरों पर भी इसका हिस्सा बनने के लिए दबाव बना रहा है। लेकिन भारत, ब्राजील और अन्य देश न केवल रूस के साथ अपने संबंध जारी रखे हुए हैं, बल्कि अमेरिका की सलाह को नजरअंदाज करते हुए इसे और भी गहरा कर रहे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अमेरिका और यूरोपीय देश वास्तविकता को समझें और आर्थिक प्रतिबंधों के अलावा अन्य कूटनीतिक प्रयासों से इस समस्या का समाधान खोजें। इस युद्ध को समाप्त करने के लिए भारत और रूस के बीच गहरी समझ और उनके संबंधों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## आप की बात

### श्रीलंका का आर्थिक संकट

**श्रीलंका** गत कई दिनों से आर्थिक संकट के साथ ही जन आंदोलन से आक्रांत है ऐसे में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बदलने से कुछ भी फल नहीं निकलना है.श्रीलंका एक ऐसे देश का उदाहरण बन गया है जिसने आर्थिक संकट को स्वयं अपने दरवाजे पर आमंत्रित किया है। पूर्व राष्ट्रपति और उनके परिवार की भ्रष्ट तथा महत्वाकांक्षी नीतियों, गलत आर्थिक प्राथमिकताओं की तो इसमें अहम भूमिका रही ही, खासकर चीन को श्रीलंका की व्यवस्था में घुसने देना घातक साबित हुआ। पहले कोविड 19 और फिर यूक्रेन-रूस युद्ध ने रही-सही कसर पूरी कर दी। जनता की पीड़ा राजनीतिक नहीं है। सरकार को सर्वप्रथम तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से नया कार्य व जीवन उपयोगी सामान प्राप्त करने के लिए तेजी से प्रसन्न होंगे दूसरे खेती-बाड़ी मैं लगाई गई सभी आप दैनक बंदिशों को समाप्त करके अधिक उपज देने वाली फसलें जेनेटिक फसलें ओबा कर देश की जनता का पेट भरना चाहिए देश में लगाया गया आपातकाल तत्काल हटाया जाना चाहिए। क्योंकि इससे जनता और ज्यादा आक्रोशित होती है। भारत की तरह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी श्रीलंका की विकट स्थिति में मानवीय आधार पर भरपूर सुविधाएं उपलब्ध करवाना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### नीरज चोपड़ा से उम्मीदें

**यह** चार साल पहले हुआ था की नीरज चोपड़ा किसी प्रतियोगिता से कोई पदक नहीं जीत पाए हों। वरना पिछले 4 वर्षों में वह कभी बिना पदक घर नहीं लौटे हैं। यह उनकी स्थिरता और टैलेंट का जीता जागता सबूत है। आज वह ओलंपिक, एशियाई गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता होने के साथ साथ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए की टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद उनके कन्धों पर उम्मीदों का बोझ और बढ़ गया है और हर भारतीय चाहता है कि जिस प्रतियोगिता में भी वह उतरें उसमे स्वर्ण ही जीतें। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी वह शुरू के तीन थ्रो के बाद चौथे नंबर पर पिछड़ गए थे मगर उन्होंने शानदार वापसी करके 88.13 मीटर का थ्रो फेंक कर रजत अपने नाम किया जबसे उन्होंने अपने करियर बेस्ट 89.93 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो फेंका है तबसे लोगों में यह चर्चा है की कब वह 90 मीटर का आंकड़ा पार करेंगे। लेकिन ज्यादा जरूरी है की वह प्रतियोगिता जीतते रहें न की सिर्फ 90 मीटर के मील के पत्थर पर ध्यान केंद्रित रखें। हम सब यही आशा करेंगे की आने वाले समय में नीरज चोपड़ा और भी पदक अपने नाम कर के देश का नाम और रोशन करेंगे।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

### राजनीतिक लोकतंत्र बने सामाजिक

**निवर्तमान** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि हमें केवल राजनीतिक लोकतंत्र से ही संतुष्ट नहीं होना चाहिए इसे सामाजिक लोकतंत्र बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि कि राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में काम करना चाहिए. उन्होंने विरोध के तरीके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विरोध और दबाव बनाने का संवैधानिक अधिकार सबको है किन्तु उसके तरीके गांधीवादी होने चाहिए। इस तरह राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने राजनीतिज्ञों, पार्टियों और विरोध करने वालों को सही सन्देश दिए हैं जिसपर चलकर वे देश के विकास में एक अच्छे जनप्रतिनिधि साबित हो सकते हैं। यह सही है कि लोकतंत्र का राजनीतिककरण बढ़ता जा रहा है अब उसका समाजीकरण होना चाहिए ताकि स्वार्थ की राजनीति से लोकतंत्र परे हो सके और सामजिक विकास की गति तेज हो। देश की तरक्की विविध प्रकार की बेवजह की विरोधाभाषी राजनीति खत्म होकर लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति का सोपान हो सके और हमारा देश और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




"**मीडिया** ऐसे मुद्दों पर कंगारू कोर्ट चलाता है जिन पर निर्णय देने में अनुभवी जजों को भी कठिनाई होती है।

– **एन.वी. रमना**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**मलावी** से अमेरिका तक पोलियो के नए मामले आने से स्पष्ट है कि पोलियो समाप्त न होने तक यह खतरा बना रहेगा।

– **बिल गेट्स**
माइक्रोसाफ्ट के संस्थापक



**केजरीवाल** सीबीआई जांच पर खामोश हैं। जेल में सत्येन्द्र जैन की स्मृति खो गई है। क्या मनीष सिसोदिया भी स्मृति खो देंगे?

– **अनुराग ठाकुर**
सूचना एवं प्रसारण मंत्री"

# कांवड़ यात्रा के 840 मार्गों पर तैनात की गई 151 कंपनी पीएसी

## शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए 11 कंपनी केंद्रीय बल व 1195 क्यूआरटी टीमें भी लगाई गईं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का मुख्य दारोमदार पीएसी के कंधों पर है। प्रदेशभर से गुजरने वाले कांवड़ यात्रा के 840 मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से 151 कंपनी पीएसी तैनात की गई है। 11 कंपनी केंद्रीय बल और 1195 क्यूआरटी टीमें भी सहयोग में लगाई गई हैं। डीजीपी मुख्यालय पल-पल की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और कंट्रोल रूम के माध्यम से 24 घंटे सघन निगरानी की जा रही है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कांवड़ यात्रा 2022 के दृष्टिगत पुलिस मुख्यालय द्वारा व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में कुल 840 कांवड़ मार्ग हैं। सभी जिलों में कुल 4556 शिवालय हैं, जहां जलाभिषेक किया जाएगा।। 314 स्थानों पर श्रावण मेले का आयोजन किया जा रहा है व 332 नदी, घाट पर कांवड़ यात्रियों द्वारा कांवड़ में पवित्र जल भरा जा रहा है । इन समस्त स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था का प्रबन्ध किया गया है तथा पुलिस की शिफ्टवार ड्यटी सुनिश्चित की गयी है। कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग को 1917 सेक्टर में विभाजित करते हुए प्रत्येक सेक्टर में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल की शिफ्टवार ड्यूटी लगायी गयी है। कावड़ यात्रा को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पिकेट, पुलिस गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग के लिए पुलिस प्रबंध किए गए हैं व विभिन्न मुख्य मार्गों के रूट डायवर्जन के लिए पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती कर उन्हें ब्रेथ एनेलाइजर सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराये गए हैं तथा आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग की व्यवस्था की गयी है। जिससे कांवड़ श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्रत्येक विधानसभा के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए पर्यटन विभाग देगा 50 लाख

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा सदस्यों द्वारा चयनित पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा के विकास हेतु 50 लाख की धनराशि पर्यटन विभाग द्वारा वहन की जायेगी। पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गयी जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 367 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 180.33 करोड़ रूपये स्वीकृत की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 17 विधानसभा क्षेत्रों हेतु 76.20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कर देशी विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से पर्यटन केन्द्रों का जीर्णोद्धार एवं बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटील से शिष्टाचार भेंट की

## आकाशीय बिजली से मरने वालों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी ने बांदा, चित्रकूट, महोबा, कानपुर नगर, मऊ तथा गाजीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस आपदा से घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## जितनी बिजली दें उतना राजस्व वसूलें: अवनीश अवस्थी



### ● एसीएस ऊर्जा ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, 5000 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के एसीएस ऊर्जा अवनीश अवस्थी ने सोमवार को शक्ति भवन में बिलिंग व राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली का पांच हजार करोड़ रूपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने सभी डिस्कामों के एमडी व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस साल अधिक गर्मी पड़ने व बारिश कम होने से बिजली की मांग बढ़ी है। जिसके कारण पावर कारपोरेशन मार्च से ही रिकार्ड विद्युत आपूर्ति कर रहा है। इसके लिए राजस्व चाहिए। आपकी यह जिम्मेदारी है कि जितनी बिजली दें उतना राजस्व वसूलें।

अपर प्रमुख सचिव ने डिस्कॉम के एमडी से जुलाई के राजस्व वसूली की अद्यतन प्रगति और लक्ष्य की जानकारी ली। मध्यान्चल के प्रबन्ध निदेशक भवानी सिंह खगारौत ने बताया की जुलाई में 1030 करोड़ रूपया निधार्रित लक्ष्य पूर्ण करेंगे। इसी तरह दक्षिणांचल के एमडी अमित किशोर ने 1066, पूर्वान्चल के एमडी विद्याभूषण ने 810, पश्चिमांचल के एमडी अरविन्द बंगारप्पा ने 1800 तथा केस्को के एमडी अनिल ढीगरा ने 310 करोड़ रूपए राजस्व वसूली पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बिलिंग एजेन्सियों को सख्त चेतावनी देते हुये कहा है कि जो एजेन्सियॉ निर्धारित सेवा शर्तों के अनुरूप कार्य नही कर पा रही हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। एजेन्सियों को सही रीडिंग आधारित बिल शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने निविदा की शर्तों के अनुरूप संसाधन नही लगाये हैं उन एजेन्सियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सीएम व ऊर्जा मंत्री के सख्त निर्देश है कि उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराया जाये। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बरदास्त नही की जायेगी। श्री अवस्थी ने डिस्कॉम के एमडी से कहा कि डिस्कॉम के जिन खण्डों एवं जोन में राजस्व वसूली पिछडी हुयी हैं वहां एमडी और निदेशक वाणिज्य स्वयं जाकर समीक्षा करके राजस्व वसूली बढ़ाये।

## पुनरुद्धार कार्यों का किया लोकार्पण, लाभार्थियों को बांटे चेक

### ● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कई जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में कई जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। फतेहपुर मंडाव विकासखंड में स्थित पहाड़ीपुर खिरिया गांव में निर्मित अमृत सरोवर, प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में हुए पुनरुद्धार कार्यों का लोकार्पण, गांधी इंटर कॉलेज के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं मेगा ऋण शिविर में लाभार्थियों को चेक वितरण मुख्य सचिव द्वारा किया गया। पहाड़ीपुर खिरिया गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत निर्मित शहीद शिवधन सरोवर का निरीक्षण मुख्य सचिव द्वारा किया गया। सीएस ने तालाब के चारों तरफ पौधे लगाने एवं इसके सुंदरीकरण के लिए विभिन्न प्रकार के फूल एवं पौधों लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाब के बीच में पत्थर के खंभे को स्थापित करने एवं उस पर माप के पैमाने अंकित करने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में कराए गए पुनरुद्धार कार्य का भी मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण का कार्य भी किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर बच्चों एवं शिक्षकों को इनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। संबोधन के दौरान अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने दिवंगत गुरुजनों को श्रद्धांजलि देते हुए अन्य गुरुजनों का अपनी सफलता के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को बच्चों के भविष्य को संवारने को कहा एवं सभी अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। गांधी इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में भाग लेने के दौरान मुख्य सचिव ने कॉलेज के संस्थापक कन्हैयालाल मिश्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किया। साथ ही कालेज में नवनिर्मित बालक-बालिका शौचालय, मुख्य गेट अमृतद्वार एवं वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया। मेगा ऋण शिविर का भी शुभारंभ मुख्य सचिव ने किया।

## यूपी राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में गठित उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 26 जुलाई 2022 को गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में होगी। यह जानकारी विशेष सचिव संस्कृति आनन्द कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव नियोजन, महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली, निदेशक संस्कृति निदेशालय, विभागाध्यक्ष प्राभाइ एवं पुरातत्व विभाग लखनऊ, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, महानिदेशक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, महानिदेशक इन्टैक कन्जर्वेशन सेन्टर लखनऊ, सचिव इन्टैक, अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लखनऊ मण्डल, आगरा मण्डल, सारनाथ मण्डल, मेरठ मण्डल, झांसी मण्डल सदस्य के रूप में भाग लेंगे।

## मुश्ताक अहमद बने सिंचाई एवं जल संसाधन विभागाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सिविल संवर्ग के मुश्ताक अहमद प्रमुख अभियन्ता परियोजना को प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के पद पर तैनात किया गया है। मुश्ताक अहमद की तैनाती 1 अगस्त 2022 से प्रभावी मानी जायेगी। यह जानकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग ने दी। जानकारी के मुताबिक मौजूदा विभागाध्यक्ष सिंचाई एके सिंह 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। एके सिंह के सेवानिवृत्त होने के उपरान्त 1 अगस्त को मुश्ताक अहमद प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जलसंसाधन के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

## सफलता का शार्टकट नहीं, परिश्रम ही विकल्प: सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल ने आज एक भव्य समारोह में अपने उन मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जिन्होंने आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा की नेशनल मेरिट लिस्ट के प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीनों स्थान पर कब्जा जमाकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर सीएमएस प्रबन्धन ने घोषणा की है कि आईसीएसई (कक्षा-10) एवं आईएससी (कक्षा-12) की बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यालय के 59 छात्रों को 64 लाख रूपये के नगद पुरस्कार से नवाजा जायेगा, जिनमें प्रथम नेशनल रैंक अर्जित करने वाले 5 छात्रों को 2-2 लाख रूपये एवं शेष 54 छात्रों को एक-एक लाख रूपये के नगद पुरस्कार से नवाजा जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि डा. नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव सूचना ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया एवं मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. सहगल ने कहा कि सीएमएस छात्रों की यह उपलब्धि लखनऊ के लिए गौरव की बात है, जिससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। आगे बोलते हुए डा. सहगल ने कहा कि सफलता का शार्टकट नहीं है, बस परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। अत: छात्रों को आज से व अभी से अपनी तैयारी में जुट जाना चाहिए। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने बताया कि इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में सीएमएस से कुल 3109 छात्र परीक्षा में बैठे, जिसमें से 2023 छात्रों ने 90 प्रतिशत से लेकर 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित किये हैं। आईएससी में सीएमएस के 24 छात्रों ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। इसी प्रकार, आईसीएसई परीक्षा में सी.एम.एस. के 35 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। डा. गाँधी ने बताया कि आईसीएसई (कक्षा-10) में सीएमएस के 2314 छात्रों ने 90 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित किए हैं। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि आज प्रात: सिटी मोन्टेसरी स्कूल के आईएससी (कक्षा-12) के सभी 2023 टॉपर छात्रों ने अपनी रिकार्ड तोड़ सफलता का 'विजय जुलूस' निकाला।

## रोड-शो में विदेशी धरती पर जाने के लिए मंत्रियों में मची होड़

### ● अब तक दो दर्जन से ज्यादा मंत्रियों ने रोड-शो में जाने की इच्छा जतायी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्लोबल** इन्वेस्टर समिट के विदेशी धरती पर होने वाले रोड-शो जाने के लिये योगी सरकार के मंत्रियों में होड़ देखने को मिल रही है। ग्लोबल समिट की तैयारियों में जुटी अफसरों की टीम से सरकार के दो दर्जन से अधिक मंत्री विदेशों में होने वाले रोड-शो में जाने की इच्छा जता चुके हैं। इनमे सरकार के कई कैबिनेट तथा राज्य मंत्री के नाम है। रोड-शो में जाने को आतुर मंत्रियों में ज्यादातर ने अमरीका, फ्रांस, जापान, सिंगापुर तथा इजराइल जैसे देशों में जाने की इच्छा व्यक्त की है। विदेशों में होने वाले रोड-शो में किस मंत्री को कहां जाना है, इस पर अंतिम फैसला सीएम योगी आदित्यनाथ को करना है। यूपी में पूंजी निवेश को लेकर पहली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अगले साल में होना प्रस्तावित है। समिट में देशी-विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिये बड़ी संख्या में रोड-शो आयोजित किये जाने है। विदेशी धरती पर होने वाले इन रोड-शो में एक कैबिनेट तथा एक राज्य मंत्री के अलावा सम्बंधित विभागों को अफसरों को हर देश में जाना है। समिट में आने के लिये चालीस से अधिक देशों की सहमति मिल चुकी है। सहमति देने वाले देशों में नीदरलैण्ड, जापान, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक, थाईलैण्ड, नेपाल, बेल्जियम, यूके, यूएई, साऊथ कोरिया, रूस तथा आस्ट्रेलिया जैसे देश हैं। दल देशों में अक्टूबर और नवम्बर माह में रोड-शो आयोजित करने की सरकार की योजना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक संजय निषाद, नंद गोपाल नंदी, जयवीर सिंह, बेबी रानी मौर्या, अनिल राजभर, राकेश सचान, आशीष पटेल, नितिन अग्रवाल, असीम अरूण, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह सहित करीब दो दर्जन मंत्री रोड-शो के लिये विदेशी धरती पर जाने की इच्छा जता चुके हैं।

## साथ रहने वाले दलों को साथ लेकर सपा लड़ेगी चुनाव: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आने वाले समय में जो दल साथ रहेंगे उन्हीं के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। श्री यादव ने कहा कि पिछले पांच साल चले गए और काम करने के तरीके से पता चलता है कि भाजपा सरकार ऐसे ही चली जाएगी। लोग शिकायत कर रहे हैं इस सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है। कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। भाजपा सरकार ने दूध से बनने वाली चीजों पर भी टैक्स लगा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल की और कैंसर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। लोगों को लाभ मिल सके इसलिए अस्पताल बनवाये थे। लेकिन भाजपा सरकार में अभी तक कोई अस्पताल शुरू नहीं हुआ। श्री यादव ने कहा कि बड़े-बड़े गड्ढ़े पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे में दिखाई दे रहे हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में लूट हुई कहना छोड़िये, वहां सरासर डकैती हुई है। वहीं दूसरी ओर सपा मुख्यालय में सोमवार को सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अपर्ति कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रफीक अहमद अंसारी, पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार सिंह, रमवृक्ष यादव, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार मिश्रा समेत बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद थे।

## महिलाओं के आर्थिक सामाजिक व शैक्षिक उत्थान के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के दिशा निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न गतिविधियों में महिला स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, वही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में भी अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सामाजिक व शैक्षिक उत्थान के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता व संकल्पबद्धता के साथ कार्य कर रही है। अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार के अनुसार विगत 5 वर्षों में 1.40 करोड़ महिलाओं को मनरेगा योजना अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया एवं मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता वित्तीय 2021-22 में 38 की गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19.97 लाख महिला श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है एवं मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता 38 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में महिला स्वयं सहायता समूह की 19238 महिला मेटों को चयनित कर प्रशिक्षित किया गया एवं 12580 महिला मेटो को कार्य उपलब्ध कराया गया है।

## मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मनाया जश्न

### ● बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आयोजित किया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में जश्न मनाया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जनजातीय कलाकारों ने लोक गायन व नृत्य के द्वारा हर्ष व्यक्त किया तथा भाजपा प्रदेश मुख्यालय से हाथों में तिरंगा लेकर लोक धुनों पर थिरकते हुए नगर के मार्गो पर निकले। बड़ी संख्या में आदिवासी, वनवासी तथा जनसामान्य व भाजपा कार्यकर्ताओं ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर उत्सव मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा संजय गोंड ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना समस्त जनजातीय समाज व महिलाओं का सम्मान है। द्रौपदी मुर्मू के देश के सर्वोच्च पद के लिए शपथ लेने से समस्त जनजातीय समाज गौरवान्वित हुआ है। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ के साथ नए इतिहास का सृजन हुआ है। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विद्या भूषण गोंड, कोषाध्यक्ष शिव कुमार गोंड, प्रदेश कार्यालय प्रभारी जितेंद्र गोंड, सोशल मीडिया प्रभारी अनुज कश्यप व रवीन्द्र थारू उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रमोद तिवारी, अमरेश सिंह, मंजु यादव, नकुल दुबे, छंगेलाल कश्यप, संजय कश्यप, सुनील कश्यप, रंजीत सिंह बंटी इत्यादि उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी हार्दिक बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि मुर्मू देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को संभालने वाली पहली आदिवासी महिला तथा दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि वे देश का गौरव, संस्कारी, जुझारू, स्त्री-शक्ति की प्रतिक ओर हम सब के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## वोकल फॉर लोकल के मंत्र को सिद्ध करेंगी बांस की राखियां

### पूरे प्रदेश में पहली बार गोरखपुर में बनाई जा रही बांस की राखियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** मोदी और सीएम योगी के वोकल फॉर लोकल के मंत्र को सिद्ध करने में गोरखपुर में वन विभाग की पहल पर बनवाई जा रही बांस की राखियां भी योगदान देंगी। ईको फ्रेंडली ये राखियां महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का भी आधार बन रही हैं। एक नवाचार के रूप में प्रदेश में पहली बार बांस की राखियां बनवाई जा रही हैं। नेशनल बम्बू मिशन के तहत कैम्पियरगंज के लक्ष्मीपुर में स्थापित सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) से संबद्ध स्वयंसेवी समूह की महिलाओं द्वारा इस रक्षाबंधन पर्व के पहले एक लाख रुपये की कीमत की राखियों को बनाकर बिक्री हेतु उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है। नेशनल बम्बू मिशन के तहत कैम्पियरगंज के लक्ष्मीपुर में एक सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी)की स्थापना की गई है। यहां महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें बांस के खिलौनों, गिफ्ट आइटम्स, ज्वेलरी आदि बनाने में पारंगत किया गया है। अब सीएफसी से संबद्ध स्वयंसेवी समूह से जुड़ी



महिलाओं द्वारा तैयार बांस के उत्पादों को बेहतर बाजार भी मिलने लगा है। गोरखपुर के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) विकास यादव बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राय: कुछ नया करने को प्रेरित करते हैं। नवाचार को लेकर ही यह ख्याल आया कि बम्बू मिशन की सीएफसी में बांस की ईको फ्रेंडली राखियां बनवाई जा सकती हैं। इससे लोगों को पर्यावरण के अनुकूल राखियों का विकल्प मिलेगा और बनाने वाली महिलाओं की आमदनी भी बढ़ेगी। समूह की महिलाओं से बात हुई तो वह डीएफओ के विचार पर अमल करने को तैयार हो गईं। उन्हें कच्चा माल उपलब्ध कराया गया और शुरू हो गया बांस की राखियों को बनाने का सिलसिला।

**महिलाओं ने खुद तय किए डिजाइन:** महिलाओं को बांस के सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण तो मिला है लेकिन प्रदेश में पहली बार बन रही बांस की राखियों की डिजाइन महिलाओं ने खुद तैयार की है। लक्ष्मीपुर सीएफसी पर राखी बनाने के काम में जुटी बिंदु देवी, राजमती, झिनकी, मीना, मीरा, शीला, संजू और अंजू बताती हैं कि मोबाइल पर राखियों की डिजाइन देखने के बाद उन्होंने कुछ परिवर्तन कर बांस से बनने वाली राखियों के लिए डिजाइन तैयार की। दर्जन भर से अधिक राखियों की डिजाइन तय की गई और उसके अनुरूप लगातार काम जारी है। महिलाओं के उत्साह को देखते हुए इस रक्षाबंधन के पहले तक कुल एक लाख रुपये की कीमत की राखियों को बिक्री हेतु उपलब्ध कराने की तैयारी है। डीएफओ विकास यादव बताते हैं कि बांस की राखियां चिड़ियाघर में नेशनल बम्बू मिशन के स्टाल पर प्रदर्शनी व बिक्री के लिए रखी जाएंगी। इसके साथ ही 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल सेमिनार में भी इनकी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# बार चुनाव की मतदान के बाद आज आएगा निर्णय

● 10 पदों के लिए 35 प्रत्याशी है चुनाव मैदान

संवाददाता। सीतापुर

**2 साल तक** चले कोरोनाकाल के बाद आज फ़िर से बार में होने वाले विभिन्न पदों के लिए चुनाव मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है, सुबह से चली मतदान प्रक्रिया में अधिवक्ताओं ने अपने-अपने मत का प्रयोग किया। जिसका निर्णय मंगलवार को आएगा। यहां पर अध्यक्ष सहित 10 पदो के लिए 35 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिनमें से संयुक्त




सचिव लाइब्रेरी आदित्य कुमार वर्मा निर्विरोध चुने गए है।यहां पर 833 मतदाता है, 746 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद के लिए अम्बरीश शुक्ला, चन्द्रभाल गुप्ता, जितेन्द्र कुमार शुक्ला, रामनरायन त्रिवेदी मैदान में है, उपाध्यक्ष 10 वर्ष के नीचे में आदेश कुमार वर्मा, अम्बरीश शुक्ला, कौशलेन्द्र कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, विवेक पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बाबूराम वर्मा, राममोहन पांडेय, श्याम किशोर मिश्रा, महासचिव पद पर आशीष श्रीवास्तव, बुद्धि प्रकाश मिश्रा, सुनील सिंह गौर, विकेश कुमार सिंह, विमल मोहन मिश्र, संयुक्त सचिव प्रकाशन अम्रतांश मौर्य, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर में अमित कुमार पाल, मनोज कुमार, संध्या दीक्षित, शिवनाथ मिश्र, सपना त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार टह्लन चुनाव मैदान में है। बात करें वरिष्ठ कार्यकारिणी में तो धीरेन्द्र कुमार यादव, सर्वेश कुमार पांडेय, सीमा खान, विनोद त्रिपाठी, कनिष्ठ कार्यकारिणी पंकज तिवारी, मो. शमीम खांन, विनोद कुमार की भाग्य का फैसला पेटियों में बंद हो गया है जिसका निर्णय मंगलवार को सामने आएगा।

# नैमिषारण्य में बनेगी वाटिकाएं, देगी पर्यावरण को संरक्षण

● हरिषंकरी, पंचवटी नवग्रह वाटिका के तहत लगेगे पौधे

संवाददाता। सीतापुर

**वनमहोत्सव से** शुरू हुए पौध रोपण का सिलसिला अभी निरतंर चलता ही रहेगा जिससे कि पर्यावरण को सरंक्षण दिया जा सके। इसी को लेकर धर्मनगरी नैमिषारण्य में वनविभाग कुछ महत्वपूर्ण पौधे लगाने की तैयारी में है। नैमिषारण्य में वनविभाग नवग्रह वाटिका, हरिशंकरी वाटिका, और पंचवटी वाटिका बनाने जा रही है जिनमें विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण होगा। इसको लेकर वन विभाग ने नारदानंद आश्रम में जमीन का चिन्हांकन कर बैरीगेटिंग कर गड्ढे भी खुदाई कर दिए है, यह पौधे 25 जुलाई के बाद लगाए जाएंगे। मिश्रिख



रेंजर महमूद आलम ने बताया कि हरिशंकरी वाटिका में पीपल, पाकड़, बरगद तीन पौधे एक साथ लगाए जाएंगे, पंचवटी वाटिका में अशोक, बेल, आंवला व बरगद, पीपल सहित पांच पौधे लगाए जाएंगे। नवग्रह वाटिका में नौ पाधै लगेगे जिनमें कुश, लटजीरा, शमी, गुलर, आक, दूब, खैर, ढांक सहित पीपल के पौधो का रोपण होगा, पीपल को गुरू माना गया है, शनि के लिए शमी और केतु के लिए कुश का रोपण होगा क्योंकि नवग्रहों में यह सब शामिल होता है इसीलिए नवग्रह वाटिका नाम रखा है।

# सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़

**श्यामनाथ मंदिर व जंगलीनाथ मंदिर में षिव भक्तों ने चढ़ाए बेलपत्र**

**नैमिषारण्य, रामकोट, हरगांव, बिसवां षिवालयों पर लगी भक्तों की कतारे**

**सीतापुर।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवभक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह भोर से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। जहां पर हाथों में बेलपत्र लेकर भक्त शिवालयों पर चढ़ाते नजर आए। सीतापुर के श्यामनाथ मंदिर और जंगलीनाथ मंदिर में भक्तों द्वारा शिवालय में जलाभिषेक किया गया। भक्तों ने रूद्राभिषेक भी किया। उधर रामकोट कस्बे के सभी शिवालयों में भक्तों ने शिव का जलाभिषेक किया गया व सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे सोमवार को नैमिष का देवदेवेश्वर धाम भी भक्तों की भीड़ से गुलजार हुआ महादेव की आराधना के लिए हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया जहां पर फरूखाबाद और कन्नौज से गंगाजल लेकर आए काँवरियों ने गोमती में स्नान कर बाबा देवदेवेश्वर नाथ के दर्शन किये। काँवरियों की सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफएवं चिकित्सा दल तैनात रहा। नैमिषारण्य तीर्थ में भूतेश्वर नाथ, सिद्धेश्वरनाथ, काशी विश्वनाथ, महामृत्युंजय मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। हरगांव में सावन के दूसरे सोमवार पर सूर्यकुंड तीर्थ तट पर स्थित गौरी शंकर बाबा मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। ऐसे ही बिसवां के शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और जमकर बमबम भोले के जयकारे लगाए।

**बिसवां थाना क्षेत्र के सांडा चौकी का मामला........**

# पीड़ित की दरोगा द्वारा पिटाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता। सीतापुर

● टेड़वा के पीड़ित ग्रामीण ने हल्का दरोगा पर पिटाई का आरोप

● धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**थाना बिसवां** क्षेत्र के ग्राम टेड़वा की रहने वाली पीड़िता रेखा पत्नी सियाराम ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है, पीड़िता ने थाना हल्का के दरोगा समरजीत यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में कुछ लोगो से हुए विवाद को देखने पीड़िता का पति गया था, जहां पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उससे बिना कुछ पूंछे पीटने लगे, जिसे बचाने पहुंची उसकी पत्नी को भी मारने-पीटने लगे। विरोध करने पर उसपर मुकदमा लिखाने की भी धमकी दी। इसके विरोध में सोमवार को भारतीय लोधी एकता समिति के बैनर तले तमाम ग्रामीणो ने विकास भवन के सामने धरना स्थल पर पहुंचे जहां पर प्रदर्शन करने के बाद एसपी को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने के बाद पीड़ित सियाराम ने कहा कि बेकसूर पुलिस ने पिटाई की है। पीड़ितो को लेकर विकास भवन के सामने धरना स्थल पर ज्ञापन देने पहुंचे भारतीय लोधी एकता समिति के राष्ट्रीय महामंत्री कपिल लोधी ने तमाम ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पहुंचे जिन्होंने एसपी आफ़िस पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा।

**करोड़ो रूपयों का भुगतान है लम्बित**

# विकास कार्यों की सामग्री का भुगतान न होने से नाराज ग्राम प्रधान

संवाददाता। सीतापुर

● गांवो में चल रहे विकास कार्यों को प्रधानों ने की रोंकन की तैयारी

● महमूदाबाद के प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर किया मंथन

● ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत विकास कार्य कराये गये

**ग्राम पंचायतों** में मनरेगा योजना के तहत कराये गये विकास कार्यां की सामग्री का भुगतान न होने से प्रधानों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रधानों द्वारा अल्टीमेटम दिये जाने के बावजूद भी अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। करोड़ो रूपये का भुगतान लंबित होने से परेशान प्रधान अब गांवों के चल रहे विकास कार्य रोंकने की तैयारी में हैं। सोमवार को प्रधानों ने बैठक कर रणनीति पर मंथन किया। विकास खण्ड महमूदाबाद में 76 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत विकास कार्य कराये गये। आंकड़ों की मानें तो वर्ष 21-22 में निर्माण सामग्री का लगभग 4 करोड़ 37 लाख तथा वर्ष 22-23 में 1 करोड़ 19 लाख रूपये बकायेदारी हो चुकी है। प्रधानों ने भुगतान के लिये जरूरी कार्यवाही पूरी कर दी। बीडीओ स्तर से लगातार भुगतान लंबित किया जा रहा है। गत 4 जुलाई शासन से मिली धनराशि तत्कालीन बीडीओ द्वारा महज 8 लाख रूपये भुगतान किया गया था। जिससे आक्रोशित प्रधान 5 जुलाई को धरने पर बैठ गये थे। अधिकारियों ने प्रधानों को शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया था। गत शुक्रवार को पुन: शासन से ब्लाकों में धनराशि रिलीज हुई लेकिन एक बार फ़िर बीडीओ की लापरवाही से महज 34 लाख 17 हजार रूपये का भुगतान ही हो सका। जिससे प्रधान आक्रोशित हो गये। सोमवार को प्रधानों ने बन्नी मंदिर पर एक आवश्यक बैठक बुलाई और रणनीति पर मंथन किया। बैठक में प्रधान गणेश वर्मा, रोहित सिंह, जयचंद्र वर्मा, विकास कुमार, बृजेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# झूमते-नाचते गाते कांवरियों का जत्था पहुंचेगा छोटी काशी

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**जनपद के** विभिन्न जगहों से कांवड़ यात्रा छोटीकाशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हो रही है। जिसमें श्रद्धालु बम बम भोले हर हर महादेव के नारे लगाते हुए झूमते नाचते गाते छोटी काशी के लिए जाते है, बताते चलें कि श्रावण मास के प्रारंभ होते ही कांवरियों का जत्था शुरू हो जाता है जो कि पूरे श्रावण मास भर चलता है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु झूमते नाचते गाते छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में स्थित भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालुओं का जत्था काफी दूर-दूर से होकर आता है, कहा जाता है कि श्रावण मास में भोलेनाथ की सभी भक्तों पर कृपा बरसती है भोलेनाथ को श्रावण महीना अत्यंत प्रिय है, और जो सावन महीने में श्रद्धालु कांवर लेकर जाते हैं भोलेनाथ उन पर काफी प्रसन्न होते हैं, इसी बीच लहरपुर के क्षेत्रीय गांव से भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में कावड़ यात्रा गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना होती है, जिसमें सोमवार के दिन भी काफी संख्या में कांवर यात्रा निकली। जिसमें भोलेनाथ माता गोरा की सुंदर



झांकियां भी प्रस्तुत हुई जिस पर श्रद्धालु झूमते नाचते गाते कांवर लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जाते दिखे।

## सैकड़ो कावड़ियों के जत्थे का फूलों की वर्षा के साथ भव्य स्वागत

**सीतापुर।** सैकड़ो कावड़ियो का जत्था सोमवार की भोर नवीन चौक स्थित गौशाला पर पहुंचा। कावड़ियों के जत्थे का नवीन चौक का फूलो की वर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत कावड़ियों के जलपान की व्यवस्था कराते हुए उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। सर्वप्रथम कावड़ियो ने श्यामनाथ मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ का जल अभिषेक किया ततपश्चात जत्था छोटी काशी कहा जाने वाला गोला गोकरणनाथ को प्रस्थान किया। स्वागत के दौरान श्री प्रकाश सिंह, अनीत मिश्रा, आकाश राय, ममता डोडेजा, मनीष पाण्डेय, संतोष शुक्ला, शशि सिंह, राजन गुप्ता, सत्यम त्रिवेदी, पियूष मिश्रा, पुत्ती लाल, संतोष गुप्ता, अशोक राठौर, रामू जैसवाल, छाया गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव, पप्पू शाह, डॉ अंजेश कटियार, विजय शुक्ल, संजय मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, राहुल चतुर्वेदी, कमलेश कटियार, शिवम, रामबाबू श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।

# जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन, विधायक ने किया शुभारंभ

● किसानों की समस्याओं का ससमय निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सोमवार को** कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में जनपदीय खरीद उत्पादकता गोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ। गोष्ठी का शुभारंभ विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सरकार किसानों के चेहरे पर मुस्कान लानेए उनके हितों को संरक्षित करने के लिए नित नए कदम उठा रही।किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ



काम कर रही।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का ससमय निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। शासन कृषकों के कल्याणार्थ बहुत से कार्यक्रम संचालित कर रहा है। शासन सरकारी सुविधाओं को कृषकों के द्वार तक पहुँचाने के लिए दृ? संकल्पित है। माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किसान दिवस किसानों के लिए बेहतर मंच प्रदान करता है। केले की खेतीए उसके सहउत्पाद ;रेशेद्ध के उपयोग ने खीरी के किसानों को वैश्विक मंच पर ख्याति दिलाई। अन्य किसानों को भी इस ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मौजूद किसानों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों ने बड़ी ही सरल भाषा में कृषि की तकनीकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी मिट्टी का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। अत: डायवर्सीफिक्रेशन खेती करें। जल संरक्षण के उपाय करें। मृदा परीक्षण अत्यंत आवश्यक उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करें। इससे लागत में कमी आयेगी तथा कृषकों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में महिला कृषकों की उपस्थिति सराहनीय है।

डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनाए क्रय पर अनुदानए पीएम कुसुम योजनाए पीएम फसल बीमा योजना पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके विसेन में खरीफ 2022 की कार्ययोजना बताई। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने कृषि निवेश की उपलब्धताए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। डीएचओ मृत्युंजय ने उद्यान विभाग में संचालित योजनाओंए डीसीओ वेद प्रकाश ने गन्ना विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।पीपीओ सत्येंद्र सिंह ने फसल सुरक्षा की समसामयिक जानकारी देकर जागरूक किया।

# सड़क सुरक्षा यातायात के अंतर्गत की गई कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को लिलौटी नाथ मंदिर तिराहे पर श्रावण मास में गोला गोकरण नाथ कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक के पश्चात लिलौटी नाथ मंदिर में पूजन अर्चन के लिए आते समय लिलौटी नाथ मंदिर तिराहे पर देखा गया कि एक बस के छत पर कांवरियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बैठकर जा रहे थे।बस को तुरंत रुकवा कर कांवरियों को बस के अंदर बैठाकर एवं ट्रैक्टर ट्रालियों से श्रद्धालुध् कावड़ यात्रियों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली के जॉइंट पर एवं ट्राली के पीछे पैर लटकाकर बैठे दिखे जिन्हें रोककर यातायात नियमों का पालन करने हेतु बताया गया। पीछे से कोई वाहन टक्कर मारने पर पैर में गंभीर चोट आ सकती है और ट्रैक्टर चालक द्वारा अचानक ब्रेक मारने पर ज्वाइन पर बैठे श्रद्धालु नीचे गिर सकते हैं जिससे गंभीर चोटें आ सकती हैं। कांवरियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई भविष्य में ऐसा न करें। बस चालक परिचालक ट्रैक्टर चालकों एवं श्रद्धालुओं को सख्त हिदायत दी गई एवं जागरूक करते हुए बताया गया कि आये दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। पैदल चलते समय हमेशा अपने बाई पटरी पर चले सड़क पार करने से पहले बाएं.दाएं देखें कि कोई वाहन तो नहीं आ रहाए फिर पार करे। स ?क पर अकेले.अकेले चलना चाहिए ए झुंड बनाकर नहीं चलना चाहिएए स ?क पर चलते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिएएस ?क पर चलते समय इयरफ़ोनस का प्रयोग नहीं करना चाहिए वाहन चलाते समय हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग अवश्य करेंए भीड़ वाले क्षेत्र में वाहन को निर्धारित गति में चलायें नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें स्टण्ट बाइकिंग से बचेंए काली फ़िल्म हूटर प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें गलत दिशा में न चलें। इसी तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे जनपद में जनपदीय पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 145 वाहन चालकों का चालान मोटर यान अधिनियम के तहत किया गया।

## पेज एक का शेष

### द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति...

आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही देश की सशस्त्र सेनाओं के नए प्रधान सेनापति ने सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़ सोमवार को अपने नए आवास 12 जनपथ पहुंचे। द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के बैदापोसी गांव में एक संथाल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम बिरंचि नारायण टुडु है।

### 100 करोड़ में राज्यपाल...

मंत्रालयों एवं विभागों के अधीन आने वाली विभिन्न सरकारी संस्थाओं का अध्यक्ष बनवाने का झूठा आश्वासन देकर लोगों से भारी-भरकम राशि ऐंठने के गलत इरादे से साजिश रची। इसमें कहा गया है कि सीबीआई को अपने सूत्रों से पता चला कि बूरा ने बंदगर से चर्चा की थी कि कैसे नियुक्तियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ बूरा के कथित संबंधों का इस्तेमाल काम निकलवाने के लिए किया जा सकता है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपी सौ करोड़ रुपए के एवज में राज्यसभा की उम्मीदवारी दिलवाने के झूठे वादे के साथ लोगों को ठगने की कोशिशों में जुटे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, सीबीआई को सूचना मिली थी कि आरोपी वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिक पदाधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करेंगे, ताकि किसी काम के लिए उनसे संपर्क करने वाले ग्राहकों को सीधे या फिर अभिषेक बूरा जैसे बिचौलिए के माध्यम से प्रभावित किया जा सके। प्राथमिकी के अनुसार, यह भी पता चला है कि बंदगर ने खुद को सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पेश किया था और विभिन्न पुलिस थानों के अधिकारियों से अपने परिचित लोगों का काम करने को कहा था तथा विभिन्न मामलों की जांच को प्रभावित करने की कोशिश भी की थी।

### महंगाई व जीएसटी पर...

बिरला ने कहा कि सदन इस तरह नहीं चल सकता, ऐसी स्थिति सदन में नहीं रहने दूंगा। देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार को अपराह्न 2 बजे से शुरू हुई थी। बिरला ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान कुछ सदस्यों ने पूरक प्रश्न पूछे और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उनके उत्तर दिए। इस बीच, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के समीप आ गए। उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर एलपीजी सहित जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, कई वस्तुओं पर जीएसटी की दरें बढ़ाए जाने जैसे मुद्दों का उल्लेख किया गया था। शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद अपराह्न 3 बजे तक स्थगित कर दी। कांग्रेस ने लोकसभा के अपने चार सदस्यों को संसद के मॉनसून सत्र की शेष अवधि के लिए सभा से निलंबित किए जाने को लोकतंत्र को कलंकित करने वाली घटना करार देते हुए कहा कि सरकार उसे झुकाना चाहती है, लेकिन वह झुकने वाली नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह दावा भी किया कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती हैं, इसलिए इस तरह की तरकीब अपनाई गई है।उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सर्वदलीय बैठक हुई थी तो समूचे विपक्ष ने एक स्वर में कहा था कि महंगाई पर चर्चा होनी चाहिए। हम इसी मुद्दे को संसद के भीतर उठाना चाहते हैं। चौधरी के अनुसार, कीमतें बढ़ने से समूचा देश परेशान है, लेकिन सरकार किसी न किसी बहाने से महंगाई पर चर्चा करने से भाग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी और विपक्ष की आवाज नहीं सुनना चाहती है। कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि संसद की एक परंपरा रही है कि निलंबन बहुत ही विरले मामलों में होता है। यदि कुछ ऐसा हो गया है जिसमें निलंबन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है तो निलंबन किया जाता है। दूसरी ओर, लोकसभा से कांग्रेस के चार सदस्यों के निलंबन को उचित ठहराते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार महंगाई पर चर्चा को तैयार है, लेकिन सांसदों ने आसन की गरिमा का सम्मान नहीं किया और कानूनों का उल्लंघन करते हुए हंगामा किया। जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार कहती आ रही है कि वह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कोविड-19 से उबरते ही महंगाई के विषय पर संसद में चर्चा को तैयार है। उन्होंने निलंबित कांग्रेस सदस्यों के आचरण को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के आसन के सामने तख्तियां दिखाना विरोध प्रदर्शन का तरीका नहीं है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी आरोप लगाया कि विपक्ष ने जानबूझकर सदन में विधाई कामकाज में व्यवधान डाला।

### एलएसी पर सड़कों का...

बीआरओ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर 165.45 करोड़ रुपये की लागत से 19.25 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण भी किया। इन सभी परियोजनाओं के लिए कुल राशि 20,767 करोड़ रुपये खर्च किए गए। एलएसी पर एयरफील्ड और हेलीपैड के निर्माण से भारत की ताकत बढ़ाने के साथ ही चीन से होने वाले किसी भी खतरे से निपटने के लिए तैयार है। सूत्रों ने कहा कि ये हवाई क्षेत्र लड़ाकू जेट उड़ान के अलावा विशाल विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में सक्षम हैं, जिससे एलएसी मोर्चे पर तैनात सैनिकों को बिना किसी रूकावट के रसद सहायता उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अब अतिरिक्त सैनिकों, हल्के और भारी हथियारों और किसी भी आपात स्थिति में मोर्चे पर सैनिकों को कम समय में भोजन और कपड़े उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने सड़कों के संबंध में कहा कि 73 सड़कों की रणनीतिक रूप से पहचान की गई, जिनमें से अधिकांश मुख्य भूमि को एलएसी से जोड़ती हैं। पहले से पूरी हो चुकी कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं में रोहतांग दर्रे के नीचे दरबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड (डीएस-डीबीओ) और अटल सुरंग शामिल हैं। वहीं पूरे देश को लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे पर सुरंग का निर्माण जोरों पर है। इस समय लद्दाख देश के बाकी हिस्सों से सर्दियों में चार से पांच महीने के लिए भारी बर्फबारी के कारण कट जाता है। इसके पूरा होने के बाद लद्दाख के लिए दो सड़क संपर्क होंगे जिनमें एक कश्मीर के माध्यम से और दूसरा मनाली के रास्ते वाया रोहतांग दर्रे से होते हुए।

### राजनीति में नहीं होती तो...

लेकिन इससे पहले यह भी देखना होगा कि कहीं निहित स्वार्थों के चलते उन्हें फंसाने के लिए जाल तो नहीं बिछाया गया। ममता ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका में पूरा विश्वास है, बशर्ते यह किसी विशेष राजनीतिक दल से प्रभावित न हो, जैसा कि कई मामलों में होता रहा है। बनर्जी ने कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, उनकी तय समय-सीमा में जांच कर सच्चाई और अदालत का फैसला आना चाहिए। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उनकी पार्टी भी कार्रवाई करेगी, लेकिन वह अपने खिलाफ चलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण अभियान की निंदा करती हैं। मुख्यमंत्री ने पीएमकेयर्स फंड और भगोड़े घोटालेबाजों मेहुल चौकसी व नीरव मोदी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह ऐसे मसले नहीं उठाना चाहतीं, जिससे कई लोगों को परेशानी हो सकती है। घोटाले में उनका नाम घसीटने को लेकर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को चेतावनी देते हुए बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग एक महिला के साथ मेरी तस्वीरें प्रकाशित कर रहे हैं। यह मेरी छवि खराब करने के लिए किया जा रहा है। ऐसे लोगों को पता होना चाहिए कि अगर मैं राजनीति में नहीं होती तो उनकी जुबान काट देती।

### पार्थ को तत्काल अस्पताल...

लेकिन तत्काल अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है। विश्वास ने कहा कि अदालत को चटर्जी के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत के निर्देश के मुताबिक अगला कदम उठाया जाएगा।

### आज ईडी सोनिया गांधी से...

सोनिया के साथ प्रियंका गांधी वाद्रा और राहुल गांधी के ईडी कार्यालय में जाने की संभावना है, जैसा कि उन्होंने पिछले सप्ताह किया था। दवा या किसी अन्य जरूरत के लिए प्रियंका उनके साथ रह सकती हैं। कांग्रेस ने अपने शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ईडी की कार्वाई की निंदा की है और इसे राजनीतिक प्रतिशोध वादा कदम करार दिया है। वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी की एक निजी आपराधिक शिकायत के आधार पर यंग इंडियन के खिलाफ यहां की एक निचली अदालत ने आयकर विभाग की जांच का संज्ञान लिया था। ईडी ने पिछले साल के अंत में धन शोधन रोकथाम कानून के आपराधिक प्रावधानों के तहत एक नया मामला दर्ज करने के बाद गांधी परिवार से पूछताछ शुरू की।





संसद के सेंट्रल हाल में जाते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व राष्ट्रपति द्रौपदी र्मुमु, राष्ट्रपति को गार्ड आफ आर्नर देते सेना के जवान, महाराष्ट्र में जश्न मनाते आदिवासी समाज के लोग

# जनपथ रोड होगा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का नया पता

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद का नया पता अब जनपथ रोड स्थित वह बंगला होगा, जहां कभी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान रहते थे। द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़कर सोमवार को अपने नए आवास पहुंचे। परंपरा के तौर पर इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू भी मौजूद थीं।

पासवान का निधन 2020 में हुआ था। उससे पहले करीब तीन दशक तक वह 12 जनपथ स्थित इस बंगले में रहे। उनके बेटे चिराग पासवान ने नोटिस मिलने के बाद अप्रैल में बंगला खाली कर दिया था। बंगले को, राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनके आवास के रूप में तैयार किया गया है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट किया, परंपरा के तौर पर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति आदरणीय रामनाथ कोविंद जी का नई दिल्ली में 12-जनपथ पर उनके नए आवास में स्वागत किया।

उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और वी. के. सिंह भी 12-जनपथ पर कोविंद का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि देश के प्रमुख दलित नेताओं में से एक पासवान का अक्टूबर 2020 में 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वह 1989 से, जनता दल से लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी तक अलग-अलग विचारधाराओं वाले दलों के नेतृत्व वाली केंद्र सरकारों में मंत्री रहे।

## मुर्मू के सपने और भाजपा सरकार की नीतियां शायद ही साथ-साथ चल सकें: भाकपा सांसद

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद विनय विश्वम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि मुर्मू के सपने और भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियां शायद ही साथ-साथ चल सकें। द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। मुर्मू देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी नेता हैं। विश्वम ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण उनकी वास्तविक आशाओं को प्रतिबिंबित करता है। आदिवासियों, महिलाओं और पर्यावरण के लिए उनके शब्द उनके लिए ही चुनौती होंगे। भाजपा सरकार की नीतियों और राष्ट्रपति के सपनों के साथ-साथ चलने की संभावना नहीं है।

## कोविंद ने राष्ट्रपति के तौर पर भाजपा के राजनीतिक मकसद पूरे किए : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जिसमें देश के संविधान को रौंदा गया , क्योंकि उन्होंने भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के राजनीतिक मकसदों को पूरा किया। द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुर्मू के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट किया, निर्वतमान राष्ट्रपति अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़कर जा रहे हैं, जिसमें भारतीय संविधान को कई बार रौंदा गया।

# बंगाल के मंत्री की करीबी सहयोगी 12 मुखौटा कंपनियां चला रही थी: ईडी

**भाषा।** कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि पश्चिम बंगाल के गिरफ्तार मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी बताई जा रही अर्पिता मुखर्जी 12 मुखौटा कंपनियां चला रही थीं और वह ऐसा मुख्य रूप से आर्थिक हेरफेर के लिए कर रही थीं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम को मुखर्जी के जोका स्थित फ्लैट की तलाशी के दौरान कुछ दस्तावेज़ बरामद किए गए थे जो ऐसी कंपनियों के होने का समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारियों को कम पहचाने जाने वाले एक अभिनेता के साथ-साथ ओडिशा एवं तमिलनाडु के अलग अलग प्रोड्क्शन हाउस के लोगों के शामिल होने का शक है।

मुखर्जी ने भी कई बंगाली और उड़िया फिल्मों में काम किया है। अधिकारी ने कहा, हमें अर्पिता के जोका स्थित फ्लैट से दस्तावेज़ मिले हैं जो संकेत देते हैं कि वह आर्थिक हेरफेर के लिए कई मुखौटा कंपनियों का संचालन कर रही थी। हमारे पास ऐसी 12 कंपनियों के दस्तावेज़ हैं। ओडिशा और तमिलनाडु के लोगों की संलिप्तता हो सकती है। इनके बारे में हमारा मानना है कि उन्होंने पैसे को इधर-उधर किया है। एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि ईडी ओडिशा और तमिलनाडु में कुछ लोगों पर कड़ी निगाह रख रही है और उनसे जल्द पूछताछ की जा सकती है। उन्होंने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं क्या अर्पिता ने किसी फिल्म प्रोडक्शन हाउस में निवेश किया है। हमारे पास ऐसा मानने के लिए कई दस्तावेज़, फाइल और हस्ताक्षर किए गए दस्तावेज़ हैं। कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को मुखर्जी को एक दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया था। उन्हें उनके आवास पर लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था जहां से बड़ी मात्रा में नकद और अन्य कीमती सामान कथित रूप से बरामद हुआ था।

## क्विक न्यूज

### राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार धनखड़ ने जाट नेताओं से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जाट समुदाय के नेताओं से मुलाकात की, जिन्होंने धनखड़ को उनकी उम्मीदवारी के लिए शुभकामनाएं दी। धनखड़ का राजग के नेताओं से शाम को मिलने का कार्यक्रम है। तेवतिया, चौहान, मलिक और जाट समुदाय के अन्य खाप नेताओं ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर और पार्टी की किसान शाखा के प्रमुख राजकुमार चाहर की मौजूदगी में धनखड़ से मुलाकात की। चाहर ने कहा, विभिन्न खापों से खाप चौधरी (जाट उप जातियों के नेता) और उत्तर प्रदेश और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से किसान धनखड़ को बधाई देने आए और उनकी उम्मीदवारी पर उन्हें शुभकामनाएं दी। देवधर ने कहा कि धनखड़ शाम को राजग के सांसदों और आगामी दिनों में अन्य दलों के सांसदों से मुलाकात करेंगे। चाहर ने कहा कि राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के इस सप्ताह के अंत में उच्चतम न्यायालय के वकीलों और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से मिलने की संभावना है।

### चार पूर्वोत्तर राज्यों में परिसीमन का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र को न्यायालय का नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग को जनप्रतिनिधत्व कानून 1950 के तहत पूर्वोत्तर के चार राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर और नगालैंड में परिसीमन कराने का निर्देश दिए जाने का आग्रह करने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और अन्य को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब मांगा। डीलिमिटेशन डिमांड कमेटी की याचिका पर न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य को नोटिस जारी किया। इस याचिका में परिसीमन अधिनियम, 2002 के प्रावधान और जनप्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 8ए के तहत एक परिसीमन आयोग के गठन का निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है। याचिका में कहा गया है कि असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नागालैंड में पिछले 51 वर्षो से परिसीमन की कवायद नही की गई है।

### असम में 1330 किलो हेरोइन जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**दिफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में अलग-अलग घटनाओं में बड़े पैमाने पर हेरोइन जब्त की गई। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए असम पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के एक संयुक्त दल ने रविवार शाम खटखटी थाना क्षेत्र के रेंगमा बस्ती में एक वाहन को रोका और उसके पास से।,330 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने कहा कि वाहन में तीन लोग सवार थे। इनमें मणिपुर के दो और नगालैंड का एक व्यक्ति था। उन्होंने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार की एक अन्य घटना में पुलिस ने बोकाजन थाना क्षेत्र के डिल्लई में पिकेट पर जांच के दौरान एक वाहन से 241 ग्राम हेरोइन जब्त की और चालक को गिरफ्तार कर लिया।

### दो लाख रुपए के नकली नोट जब्त, तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण में पुलिस ने एक लॉज से दो लाख रुपए मूल्य के नकली नोट जब्त किए और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने रविवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर लॉज में छापेमारी कर 200 रुपए के नकली नोट जब्त किए, जिनकी कीमत लगभग 2,01,200 रुपए है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद आरिफ बशीर अहमद, सूरज कृष्ण पुजारी और करण राजू रजाक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, एमएफसी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-489 (असली या जाली नोट या बैंक नोट रखने) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### केरल में एक आरएसएस कार्यकर्ता की मौत, पुलिस ने कहा- दिल का दौरा पड़ने से गई जान

**कन्नूर (केरल)।** केरल में कन्नूर जिले के पनूंदा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्यों के बीच संघर्ष के अगले दिन सोमवार को संघ के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि यह मौत मारपीट की वजह से नही, बल्कि दिल का दौरा पड़ने से हुई है। आरएसएस ने आरोप लगाया है कि माकपा कार्यकर्ताओं ने जिमनेश को पीटा था। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर का कहना है कि दिल का दौरा पड़ने से इस व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि जब कार्डियोपल्मोनरी रिससिटैशन (हृत्फुफ्फुसीय पुनर्जीवन) (सीपीआर) किया गया, तब उसके शरीर पर जो निशान नजर आए वे पुराने थे और कोई जख्म नही था।

## आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़नाः उच्चतम न्यायालय ने सुरजेवाला से उच्च न्यायालय जाने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मतदाता सूची को आधार से जोड़ने के प्रावधान संबंधी चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाले कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला से सोमवार को उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने सुरजेवाला के वकील से पूछा कि उन्होंने पहले उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया? पीठ ने कहा, आप दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं करते? आपके पास समान समाधान होगा। आप चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम 2021 की धारा 4 और 5 को चुनौती दे रहे हैं। आप यहां क्यों आए हैं? आप दिल्ली उच्च न्यायालय जा सकते हैं।

कांग्रेस नेता की तरफ से पेश वकील ने कहा कि अगले छह महीनों में तीन अलग-अलग राज्यों में चुनाव होंगे। पीठ ने कहा, कानून में उपलब्ध उपचार के मद्देनजर हम याचिकाकर्ता को सक्षम उच्च न्यायालय के समक्ष (संविधान के) अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर करने की स्वतंत्रता देते हैं। शीर्ष अदालत चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 की धारा 4 और 5 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सुरजेवाला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया कि संशोधन का मकसद दो पूरी तरह से अलग दस्तावेजों (उनके डेटा के साथ) यानी निवास (स्थाई या अस्थाई) के प्रमाण-आधार कार्ड और नागरिकता के प्रमाण-मतदाता पहचान पत्र को जोड़ना है। इसलिए, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को जोड़ना पूरी तरह से तर्कहीन है। याचिका में चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 की धाराएं 4 और 5 को नागरिकों की निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन बताते हुए इसे असंवैधानिक और संविधान के विपरीत घोषित करने का अनुरोध किया गया।

## आजम खान के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला: उच्चतम न्यायालय ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के विधायक बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आरोप पत्र रद्द करने से इनकार करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सपा नेता की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि उसे उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नजर नहीं आता। पीठ ने कहा, हालांकि, उच्च न्यायालय की कोई भी टिप्पणी और चर्चा से उस मुकदमे पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसका याचिकाकर्ता को सामना करना है। खान की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने आरोप पत्र खारिज करने से इनकार करते समय निर्वाचन आयोग के निष्कर्षों पर भरोसा करके गलत किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले के सबूतों का परीक्षण करना निचली अदालत का काम है। आजम खान, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में जेल जा चुके हैं।

# बर्नार्ड मराक को फंसाया गया, वेश्यालय चलाने के आरोप राजनीति से प्रेरित : मेघालय भाजपा प्रमुख

**भाषा।** शिलांग

**मेघालय के** तुरा शहर में वेश्यालय चलाने के आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बर्नार्ड एन मराक का बचाव करते हुए पार्टी ने दावा किया कि उन्हें फंसाया गया है और उनके खिलाफ आरोप हटा दिए जाने चाहिए। हालांकि, विपक्षी दल कांग्रेस ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की है। पुलिस ने शनिवार को कहा था कि उसने तुरा के बाहरी इलाके में स्थित ईडनबारी में मराक के स्वामित्व वाले एक फार्महाउस से छह नाबालिगों को मुक्त कराया और 73 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने एक बयान में कहा कि मराक की जान को खतरा है। मावरी ने कहा, भाजपा ईडनबारी में की गई छापेमारी की निंदा करती है। बर्नार्ड मराक को फंसाया गया और बदनाम किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि वह राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार हुए हैं। मैं सरकार से मराक की रक्षा करने और उनके खिलाफ राजनीति से प्रेरित आरोपों को वापस लेने का अनुरोध करता हूं।


भाजपा, राज्य में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन उसने स्वायत्त जिला परिषद चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ा था। पूर्व उग्रवादी नेता मराक मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष के शुरू में हुए चुनावों में उतारे गए उम्मीदवार के खिलाफ आराम से जीत गए। भाजपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि ईडनबारी में तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर 30 कमरे हैं, जिन्हें होमस्टे के रूप में किराए पर दिया गया है और दूसरी मंजिल पर गारो हिल्स के वंचित बच्चों के लिए एक छात्रावास है। मावरी ने दावा किया कि बर्नार्ड आर्थिक रूप से उन बच्चों की मदद कर रहे थे। मावरी ने कहा, बनार्ड छह बच्चों में से पांच बच्चों की मदद करते रहे हैं, जिन्हें पुलिस ने मुक्त कराए जाने का दावा किया है। वे तुरा में ईडनबारी स्कूल और ऑक्सिलियम कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी हैं। पुलिस ने छात्रावास की देखरेख करने वाले व्यक्ति की पत्नी और बच्चे को भी इमारत परिसर में फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले एक अन्य जोड़े के साथ हिरासत में ले लिया। प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा कि रिसॉर्ट को वेश्यालय घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, रिसॉर्ट पिछले तीन वर्षों से चल रहा है और कभी कोई शिकायत नहीं हुई। इस बीच, कांग्रेस ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि सबूतों से छेड़छाड़ न हो। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रोनी वी लिंगदोह ने कहा, राज्य में, वह भी मुख्यमंत्री आवास के करीब इस तरह की नापाक गतिविधियों के पीछे की सच्चाई का खुलासा करने के लिए तत्काल स्वतंत्र जांच शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए ताकि सबूत से छेड़छाड़ की आशंका ना रहे और उनसे सभी सूचनाएं जुटाई जा सकें।

## अमरनाथ यात्रा: श्रद्धालुओं का 25वां जत्था जम्मू से रवाना

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू स्थित** आधार शिविर से 3,800 से अधिक तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए सोमवार को पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को 125 वाहनों के काफिले में कुल 3,862 तीर्थयात्री यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि पहले 46 वाहनों में।,835 तीर्थयात्री बालटाल के लिए भगवती नगर शिविर से रवाना हुए और इसके बाद 79 वाहनों में 2,027 यात्री पहलगाम रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक 2.25 लाख से अधिक तीर्थयात्री पवित्र गुफा में बने हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 43 दिन की वार्षिक यात्रा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 30 जून को शुरू हुई थी। अभी तक 135,585 तीर्थयात्री भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हो चुके हैं। यात्रा 11 अगस्त को रक्षाबंधन पर समाप्त होगी। यात्रा के दौरान अभी तक 36 लोगों की विभिन्न वजहों से मौत हो चुकी है। इनके अलावा आठ जुलाई को गुफा मंदिर के पास अचानक आई बाढ़ में 15 तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी।



मेरठ में झांकी निकालते कांवरियों का दल

## सीबीआई ने बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा के दौरान हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद मई में हुई हिंसा के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों-- प्रणब बरकैत, प्रीतम रॉय सरकार, रतन रॉय सरकार, लिटन शील, लिटन भौमिक, नकुल रॉय सरकार और विश्वजीत बर्मन को लगातार निगरानी के बाद कूचबिहार,जयपुर और कोलकाता से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सीबीआई ने तीन जिलों में आठ स्थानों पर समन्वित तलाशी ली, जहां वे सभी पकड़े गए। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर 19 अगस्त, 2021 को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आरोप लगाया गया था कि चार मई, 2021 को दोपहर दो बजे के आसपास श्रीधर दास को अज्ञात लोगों ने डंडे और लोहे की छड़ से बेरहमी के साथ पिटाई की थी। पीड़िता की पत्नी ने जब उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। एजेंसी ने कहा, इस घटना के बाद श्रीधर दास को दिनहाटा अस्पताल और बाद में कूचबिहार के अन्य अस्पतालोंनर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, लेकिन 21 जून, 2021 को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दो मई, 2021 को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने शानदार जीत दर्ज की थी।

## सुबह की वर्जिश में तेजस्वी जीप को खींचते और धकेलते देखे गए

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव सोमवार को अपनी सुबह की वर्जिश के दौरान एक जीप को खींचते और धकेलते हुए देखे गए। वर्जिश का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद तेजस्वी की तुलना बाहुबली के लीड किरदार से की जा रही है, जो फिल्म में एक विशाल रथ को अकेले खींचते हुए नजर आए थे।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी का यह वीडियो सबसे पहले उनकी पार्टी के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया गया था। वीडियो में टीशर्ट और शॉर्ट्स पहने तेजस्वी अपने आवासीय परिसर में एक जीप को आगे-पीछे घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक निजी कर्मचारी वाहन की स्टीयरिंग को नियंत्रित करता नजर आ रहा है।

रूसी विदेशी मंत्री लावरोव की दो टूक

# रूस का लक्ष्य यूक्रेन के राष्ट्रपति को सत्ताच्युत करना

एपी। कीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के शहरों पर रूसी तोपों और विमानों के हमले जारी रहने के बीच रूस के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की सरकार को उखाड़ फेंकना है। इससे ऐसा जान पड़ता है कि रूस ने अपना लक्ष्य बदल लिया है।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की टिप्पणी यूक्रेन द्वारा अपने काला सागर बंदरगाहों से अनाज के निर्यात को बहाल करने के प्रयास के बीच आई है। अनाज निर्यात बहाल होने से दुनिया में खाद्यान्न की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। काहिरा में रविवार को अरब लीग सम्मेलन में लावरोव ने कहा कि रूस यूक्रेनवासियों को इस बिल्कुल अस्वीकार्य शासन के बोझ से मुक्त कराने में मदद करने के लिए दृढ़संकल्प है। लावरोव ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों पर यह सुनिश्चित करने के लिए दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया कि यूक्रेन रूस का सार्वकालिक दुश्मन है। उन्होंने कहा, रूसी और यूक्रेनी लोग आगे भी एक साथ रहेंगे, हम निश्चित ही यूक्रेन के लोगों को इस शासन से मुक्ति दिलाने में मदद करेंगे जो बिल्कुल जन-विरोधी एवं इतिहास-विरोधी है। लावरोव की टिप्पणी युद्ध के प्रारंभ में क्रेमलिन की ओर से आए बयानों के बिल्कुल विपरीत हैं। तब रूसी अधिकारियों ने बार बार कहा था कि वे जेलेंस्की की सरकार को उखाड़ फेंकने की चेष्टा नहीं कर रहे हैं। लावरोव ने कहा कि रूस मार्च में ही शत्रुता समाप्त करने के लिए करार के वास्ते बातचीत को तैयार था लेकिन यूक्रेन ने रूख बदल लिया और रणभूमि में रूस का सफाया करने के अपने इरादे का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा , पश्चिमी देशों ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन को तब तक बातचीत नहीं करनी चाहिए जब तक युद्ध के मैदान में रूस को पराजित नहीं कर दिया जाता है।





## पाक सरकार में शामिल दलों के नेताओं ने अदालत की आलोचना की

- पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के दोबारा चुनाव का मामला
- पाकिस्तान में चुनाव के बाद से ही आई हुई है सियासी सुनामी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के पुन:चुनाव को लेकर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को अविश्वास व्यक्त किया और कहा कि मैच फिक्सिंग की तरह ही बेंच फिक्सिंग भी जुर्म है और शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि वह एक तरफा फैसले लेने के लिए विशिष्ट पीएमएल-एन विरोधी पीठ गठित करने से बचे। पाकिस्तान मुस्लिम लगी-नवाज़ (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज़, विदेश मंत्री एवं पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता बिलावल भुट्टो-ज़रदारी, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के नेता मौलाना फज़्ल-उर-रहमान और गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

यह प्रेस वार्ता पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर हमज़ा शहबाज़ के पुन:चुनाव पर शीर्ष अदालत में अहम सुनवाई से पहले की गई है। पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन सुप्रीमों नवाज़ शरीफ की बेटी मरियम ने कहा, संस्थाओं का अपमान अंदर से होता है, बाहर से नहीं। एक गलत फैसला पूरे मामले को खत्म कर सकता है। जहां सही फैसले लिए जाते हैं वहां आलोचना की जरूरत नहीं होती है। पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष ने कहा कि शीर्ष अदालत में कई सम्मानित न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे और सवाल किया कि वे पीएमएल-एन के मामलों की सुनवाई में शामिल क्यों नहीं हैं? उन्होंने कहा, एक या दो न्यायाधीश जो हमेशा से पीएमएल-एन विरोधी और सरकार विरोधी रहे हैं, उन्हें बार-बार पीठ में शामिल किया जाता है। मरियम ने कहा कि बेंच फिक्सिंग भी मैच फिक्सिंग जैसा ही अपराध है। पीएमएल-एन नेता ने उच्चतम न्यायालय से इस मुद्दे का स्वत: संज्ञान लेने को कहा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमज़ा ने शनिवार को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इससे एक दिन पहले उन्होंने विधानसभा में मुख्यमंत्री पद के लिए हुए चुनाव में नाटकीय घटनाक्रम के बीच मात्र तीन मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, जब सदन के उपाध्यक्ष दोस्त मोहम्मद मजारी ने उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार चौधरी परवेज इलाही के 10 महत्वपूर्ण मतों को खारिज कर दिया था।

पंजाब की 368 सदस्ईय विधानसभा में हमज़ा की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ को 179 वोट मिले, जबकि इलाही की पार्टी को 176 मत हासिल हुए। इलाही की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू (पीएमएल-क्यू) के 10 मतों की गिनती नहीं की गई। इसकी वजह यह बताई गई कि उन्होंने अपनी पार्टी के प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन के आदेशों को उल्लंघन किया था। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित इलाही ने बाद में उच्चतम न्यायालय का रुख किया, जिसने सोमवार को सुनवाई शुरू होने से पहले तक हमजा को पंजाब प्रांत के ट्रस्टी के तौर पर मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की अनुमति दे दी। मरियम ने कहा कि जब से हमज़ा मुख्यमंत्री बने हैं, पीटीआई नेता बार-बार शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं। मुख्यमंत्री के 22 जुलाई के चुनाव के खिलाफ पीटीआई की याचिका का संदर्भ देते हुए मरियम ने कहा कि शीर्ष अदालत के दरवाज़े देर रात में खोल दिए दिए और रजिस्ट्रार ने पार्टी को उसकी अपील का मसौदा तैयार करने के लिए पर्याप्त वक्त दिया। उन्होंने कहा, यह हमारी न्याय व्यवस्था में नहीं होता है। याचिका पर सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ कर रही है जिसमें प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल, न्यायमूर्ति एजाज़-उल-अहसान और न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर शामिल हैं। वे उन पांच न्यायाधीशों में हैं जिन्होंने अप्रैल में नेशनल असेम्बली के तत्कालीन उपाध्यक्ष कासिम सूरी के उस फैसले को खारिज किया था जिसमें तब के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रद्द किया गया था।

पीपीपी के प्रमुख ज़रदारी ने भी दोहराया कि गठबंधन सरकार की एक ही मांग है कि पंजाब के मुख्यमंत्री के चुनाव के मामले की सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ गठित की जाए। मामले की सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने के संदर्भ में उन्होंने कहा, अगर तीन लोग इस मुल्क की किस्मत का फैसला करें तो ऐसा नहीं हो सकता है। यह तीन लोग तय नहीं कर सकते है कि मुल्क लोकतांत्रिक, चुनी हुई व्यवस्था से चलेगा या चयनित व्यवस्था से चलेगा। बिलावल ने कहा कि वे चाहते हैं कि देश लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चले। उन्होंने कहा, हम देख सकते हैं कि कुछ लोग, जो इस देश को "एक-इकाई प्रणाली बनाना चाहते थे, यह पचा नहीं पा रहे हैं कि पाकिस्तान लोकतांत्रिक मानदंडों के करीब जा रहा है और जनता अपने फैसले खुद ले रही है।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फज़्ल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फज़्ल उर रहमान ने मरियम की बात का समर्थन करते हुए कहा कि न्यायपालिका पर उंगलियां उठाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका को मजबूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब देश की संस्थाओं की मर्जी से सरकार नहीं बनी तो धांधली के जरिए नई व्यवस्था थोपी गई।

## पोप कनाडा पहुंचे, स्थानीय लोगों से मांग सकते हैं माफी

एपी। एडमंटन (कनाडा)

**कनाडा** में आवासीय स्कूलों में मूल स्थानीय समुदाय के लोगों से हुए दुर्व्यवहार के लिए पोप फ्रांसिस की ऐतिहासिक माफी को सुनने के वास्ते सोमवार को हजारों की संख्या में स्थानीय अल्बर्टा प्रेयरी समुदाय के लोगों के मस्क्वासिस में एकत्रित होने की संभावना है। फ्रांसिस के सुबह उस जगह पहुंचने की संभावना है जहां पहले एर्मिस्किन इंडियन रेजिडेंशियल स्कूल होता था। स्कूल के पीड़ितों, उनके रिश्तेदारों और अन्य समर्थकों को संबोधित करने से पहले पोप पूर्व स्कूल के स्थलों का दौरा करेंगे और पास में एक कब्रिस्तान में प्रार्थना करेंगे। फ्रांसिस रविवार को एडमंटन पहुंचे, जहां कनाडा के तीन मुख्य जातीय समूहों - फर्स्ट नेशंस, मेटिस और इनुइट के प्रतिनिधियों ने राजनीतिक और गिरजाघर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ उनका स्वागत किया। पोप ने शेष दिन प्रांतीय राजधानी में एक मदरसे में आराम करते हुए बिताया। कनाडा सरकार ने स्वीकार किया है कि 19वीं शताब्दी से 1970 के दशक तक संचालित सरकारी-वित्त पोषित ईसाई स्कूलों में शारीरिक और यौन शोषण बड़े पैमाने पर हुआ था। लगभग 150,000 मूल निवासी समुदाय के बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाया गया और उन्हें उनके घरों, मूल भाषाओं और संस्कृतियों के प्रभाव से दूर करने तथा उन्हें कनाडा के ईसाई समाज में रचने-बसने के लिए मजबूर किया गया।

फ्रांसिस की छह दिवसीय यात्रा में अल्बर्टा, क्यूबेक सिटी और सुदूर उत्तर में इकालुइट, नुनावुत के अन्य स्थल भी शामिल हैं। इससे पहले वेटिकन में उन्होंने फर्स्ट नेशंस, मेटिस और इनुइट के प्रतिनिधिमंडलों के साथ वसंत ऋतु के समय में बैठक की थी। आवासीय स्कूलों में कुछ कैथोलिक मिशनरियों द्वारा किए गए निराशाजनक दुर्व्यवहारों के लिए एक अप्रैल की ऐतिहासिक माफी के साथ उन बैठकों का समापन हुआ। उस दौरान हजारों बच्चे बीमारी और अन्य कारणों से मारे गए। पिछले एक साल में पूर्व स्कूलों में सैकड़ों संभावित कब्रों की खोज ने कनाडा में स्कूलों की विरासत और अमेरिका में उनके समकक्षों की ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया।

## चीन, ब्रिटेन के लिए सबसे बड़ा खतरा, भारत को भी निशाना बनाया : ऋषि सुनक

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल ऋषि सुनक ने सोमवार को कहा कि चीन इस सदी में ब्रिटेन और दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इस बात के सबूत हैं कि उसने अमेरिका, भारत समेत कई देशों को निशाना बनाया है। पूर्व वित्त मंत्री सुनक (42) ने प्रधानमंत्री चुने जाने पर तकनीकी क्षेत्र में चीन के दबदबे से बचाव के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह स्वतंत्र राष्ट्रों के एक नए सैन्य गठबंधन के गठन सहित कई योजनाएं शुरू करने की बात कही। कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के लिए मुकाबले में शामिल सुनक ने कहा, मैं ब्रिटेन में चीन के सभी 30 कन्फ्यूशियस संस्थानों को बंद कर दूंगा, जो दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या में यहां हैं।

कन्फ्यूशियस संस्थान चीनी सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं और संस्कृति तथा भाषा के केंद्र की तरह काम करते हैं, लेकिन पश्चिमी देशों और चीन के तनावपूर्ण संबंधों के बीच आलोचकों का दावा है कि ए संस्थान प्रचार के साधन हैं। भारतीय मूल के सांसद सुनक ने कहा, चीन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी इस सदी में ब्रिटेन और दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं...चीन की तरफ से पैदा साइबर खतरों से निपटने के लिए मैं स्वतंत्र राष्ट्रों का एक नया अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाऊंगा और प्रौद्योगिकी सुरक्षा में बेहतरीन तौर-तरीके साझा करेंगे। ऋषि प्रचार अभियान ने एक बयान में कहा, इस नए सुरक्षा गठबंधन के तहत ब्रिटेन साइबर सुरक्षा, दूरसंचार सुरक्षा और बौद्धिक संपदा की चोरी को रोकने पर अंतरराष्ट्रीय मानकों और मानदंडों को प्रभावित करने के प्रयासों का समन्वय करेगा। नार्थ यॉर्कशायर में रिचमंड के सांसद सुनक ने चीन पर ब्रिटेन की प्रौद्योगिकी को चुराने और विश्वविद्यालयों में पैठ बनाने का आरोप लगाते कहा कि चीन यूक्रेन में हमलों में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का साथ दे रहा है, शिनजियांग और हांगकांग में मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपने हित में करने का प्रयास कर रहा है। बोरिस जॉनसन का स्थान लेने के लिए सुनक का विदेश मंत्री लिज ट्रूस से कड़ा मुकाबला जारी है। टेलीविजन पर सोमवार को बहस के पहले सुनक ने अपने संदेश में चीन की आक्रामक नीतियों पर ध्यान केंद्रित किया। सुनक ने कहा, मैं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और दुनिया के अन्य नेताओं के साथ काम करूंगा ताकि चीन के खतरे का सामना करने के लिए सभी पश्चिमी देश एकजुट रहें। विपक्षी दल ने सुनक पर वित्त मंत्री पद पर रहने के दौरान चीन के प्रति नरम रुख रखने का आरोप लगाया। ट्रूस के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रूस ने विदेश मंत्री बनने के बाद से चीन के समक्ष ब्रिटेन की स्थिति को मजबूत किया और चीनी आक्रमकता से मुकाबले के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया का नेतृत्व करने में मदद की।

# एक्सिस बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ हुआ दोगुना

भाषा। नई दिल्ली

**निजी** क्षेत्र के एक्सिस बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली जून में समाप्त तिमाही का शुद्ध लाभ करीब दोगुना होकर 4,125 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। फंसे कर्जों के अनुपात में गिरावट से बैंक का मुनाफा बढ़ा है।

एक्सिस बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों को तिमाही नतीजों की जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 2,160 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

अप्रैल-जून, 2022 की तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 21,727.61 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 19,361.92 करोड़ रुपए रही थी।

बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर कुल कर्ज के 2.76 प्रतिशत पर आ गईं जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह अनुपात 3.85 प्रतिशत था। एक्सिस बैंक का शुद्ध एनपीए यानी फंसा कर्ज भी एक साल पहले के 1.20 प्रतिशत की तुलना में घटकर 0.64 प्रतिशत पर आ गया। इस तरह बैंक की परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार आया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि बैंक का कर एवं आकस्मिक खर्चों से इतर वित्तीय प्रावधान कई गुना गिरकर 359.36 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 3,302 करोड़ रुपए रहा था। एकीकृत आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत बढ़कर 4,389.22 करोड़ रुपए रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 2,374.50 करोड़ रुपए रहा था।

### केनरा बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** फंसे कर्ज में कमी और आमदनी बढ़ने से सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ जून तिमाही में 72 प्रतिशत बढ़कर 2,022.03 गनथनच करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले जून तिमाही में बैंक को।,177.47 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। केनरा बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि अप्रैल-जून 2022-23 में उसकी कुल आय बढ़कर 23,351.96 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 20,940.28 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही में ब्याज से प्राप्त मूल आय 8.3 प्रतिशत बढ़कर 18,176.64 करोड़ रुपए हो गई। बैंक की परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में भी सुधार देखने को मिला है। 30 जून, 2022 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कम होकर कुल ऋण का 6.98 प्रतिशत रह गईं। जून, 2021 में यह आंकड़ा 8.50 प्रतिशत था। मूल्य के संदर्भ में देखा जाए तो बैंक का सकल एनपीए या फंसा कर्ज कम होकर 54,733.88 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 58,215.46 करोड़ रुपए था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी पिछले वर्ष की समान अवधि के 3.46 प्रतिशत (22,434 करोड़ रुपए) से घटकर 2.48 फीसदी (18,504.93 करोड़ रुपए) रहा है। पहली तिमाही में बैंक का डूबे कर्ज और अन्य आकस्मिक खर्च के लिए प्रावधान (कर के अतिरिक्त) बढ़कर 3,690 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,458.74 करोड़ रुपए था। एकीकृत आधार पर जून तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 88 फीसदी बढ़कर 2,058.31 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले समान अवधि में यह।,094.79 करोड़ रुपए था। तिमाही के दौरान बैंक की एकीकृत आय पिछले वर्ष के 23,018.96 करोड़ रुपए से बढ़कर 23,739.27 करोड़ रुपए हो गई।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकल शुद्ध लाभ 14.2 प्रतिशत बढ़कर 234.78 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 205.58 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, पिछली मार्च तिमाही से तुलना की जाए, तो बैंक के मुनाफे में 24.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक ने 310.31 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

अप्रैल-जून की तिमाही में बैंक की कुल आय मामूली बढ़कर 6,357.48 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक की आमदनी 6,299.63 करोड़ रुपए रही थी। हालांकि, मार्च तिमाही की तुलना में बैंक की कुल आय में गिरावट आई है। मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय 6,419.58 करोड़ रुपए रही थी। जून तिमाही के अंत तक बैंक का कुल ऋण पर डूबे कर्ज के लिए प्रावधान घटकर 14.90 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 15.92 प्रतिशत था। मूल्य के हिसाब से बैंक की कुल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 29,001.63 करोड़ रुपए थीं। जून, 2021 के अंत तक यह 27,891.70 करोड़ रुपए थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 3.93 प्रतिशत (6,784.70 करोड़ रुपए) पर आ गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.09 प्रतिशत (7,904.03 करोड़ रुपए) था।

## चालू वित्त वर्ष में हीरो उद्योग की आय में गिरावट का अनुमान

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य रत्नों, हीरों की घटती मांग और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत के हीरा उद्योग की आय में चालू वित्त वर्ष में 15 से 20 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, पूरी दुनिया में हीरे की मांग घटने तथा कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के दोहरे झटके के बाद भारतीय हीरा उद्योग की आय चालू वित्त वर्ष में 15-20 प्रतिशत घटकर 19-20 अरब डॉलर रहने की आशंका है। पिछले वित्त वर्ष में यह एक दशक के उच्चस्तर पर थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बोझ आमतौर पर पॉलिश किए गए हीरे की कीमतों पर डाल दिया जाता है। लेकिन हीरा कारोबार में लंबे परिचालन चक्र और कमजोर मांग वजह से पॉलिश हीरों के दाम कच्चे माल के नजदीक होते जा रहे हैं। इससे चालू वित्तवर्ष में भारतीय डायमंड पॉलिशर्स की परिचालन लाभप्रदता 0.75 से एक प्रतिशत तक घटकर 4-4.25 प्रतिशत रह सकती है।

## हर घर तिरंगा अभियान से राष्ट्रीय ध्वज की मांग में जोरदार उछाल की उम्मीद

जमशेदपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के मद्देनजर आने वाले दिनो मे राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री मे जोरदार उछाल की उम्मीद है। व्यापारियो के प्रमुख संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कि इस अभियान की वजह से तिरंगे की मांग मे जोरदार उछाल की उम्मीद है और व्यापारियो ने इस मांग को पूरा करने के लिए कदम उठाए है। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोनथालिया ने एक बयान मे दावा किया कि बाजारो मे तिरंगा खरीदने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ रही है।

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Mr. Mukesh Gupta S/o. Mr. Kishan Gupta** who is purchasing the Residential Plot Land area measuring 90 Sq. yards, out of Khasra No. 54min., situated in Rama Krishna Enclave, in the area of Village Khoda Makanpur, Ghaziabad, Tehsil & Distt. Ghaziabad, U.P.; from Mr. Rohtash Kumar alias Rohtas Nagar & Mr. Rakesh Kumar Nagar who are the co-owner of the aforesaid property along with Mr. Sriram alias Ramesh Nagar (Sons) & Mrs. Kishan Devi (Wife) vide Virasat Intkal for the fasli year 1412-1417 upon death of Mr. Dhani Ram, who was owner of land admeasuring 3.676 Hectare, carved out of Khasra No.46, 54min., 66min. & 82/1min., from revenue records and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

PUBLIC NOTICE

For and on behalf my client Shri Ashok Kumar S/o Late Shri Roshan Lal R/o house no. 1256, Gali Krishan Mandir, Najafgarh, New Delhi-110043, is one of the owner of property bearing no. 1263, Shop No. 1, Gali Krishna Mandir, Najafgarh, New Delhi-110043 through a registered Sale Deed in his favour. That some of the original documents related with the said property has been lost/ misplaced by him and are not traceable in any manner, so that an FIR/NCR has been lodged on online portal of Delhi police. Founder please contact within 15 days from the publication of this notice to the undersigned., thereafter the user/founder shall be sole responsible for the use of the lost documents

SAHIL SINDHWANI -ADVOCATE
CH.NO. 424, DWARKA COURT COMPLEX, SEC-10, DWARKA, N.D.-75, (M) 9990013077

PUBLIC NOTICE

The Public at large is hereby notified that, I Tribhawan Singh is the owner of Flat No. 151, situated in the layout plan of "The Ras Co-operative Group Housing Society Limited", Known as Ras Vihar Apartments, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092, It is to inform the general public that the Original Share Certificate issued in the name of Mr. K.M. Singh by the society in respect of the said flat has been lost/misplaced somewhere and not traceable by my best efforts. If anyone found or have any objection /Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said flat regarding the above said original document, then contact to the undersigned within 10 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.

Tribhawan Singh

सार्वजनिक सूचना

सभी सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि पहचान पत्र संख्या **2210743** जो कि **श्री दीपक** को **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** द्वारा जारी किया गया था, गत 04.07.2022 को गुम हो गया है यदि किसी को भी यह पहचान पत्र मिलता है तो वह कृपया करके इसे **प्रबंधक डेब्ट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस.डी. टावर, सेक्टर-8 रोहिणी, दिल्ली-110085** को लौटाने की कृपा करें।

सभी **आईसीआईसीआई बैंक** के ग्राहकों से यह निवेदन है कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति जिसके पास यह पहचान पत्र संख्या **2210743** वाला कार्ड हो उसे किसी भी प्रकार का भुगतान/पेमेंट न करें।

कृपया एक बार फिर से नोट करें की उपरोक्त वर्णित पहचान पत्र वाले व्यक्ति को भुगतान/पेमेंट करने/व्यवहार करने पर ग्राहक स्वयं जिम्मेदार होगा। **आईसीआईसीआई बैंक** इस प्रकार के जोखिम पूर्ण व्यवहार के लिए ग्राहक के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार नहीं होगा।

**For ICICI Bank Limited**
Date: 25.07.2022 ---Sd---
Place : Delhi

## टेक महिंद्रा का जून तिमाही का लाभ बढ़ा

**मुंबई।** महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा का चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 16.4 प्रतिशत घटकर।,132 करोड़ रुपए पर आ गया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी को।,353 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आमदनी 24.6 प्रतिशत बढ़कर 12,708 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 10,198 करोड़ रुपए थी। टेक महिंद्रा ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि उसका परिचालन लाभ 9.2 प्रतिशत घटकर।,403.4 करोड़ रुपए रहा और परिचालन लाभ मार्जिन पिछले साल की समान अवधि के 15.2 प्रतिशत से घटकर 11 फीसदी रह गया है। कंपनी ने इस तिमाही में 6,862 कर्मचारियों की नियुक्ति की जिससे उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 1.58 लाख हो गई है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सी पी गुरनानी ने कहा, विश्व के बदलते व्यापक आर्थिक माहौल के बीच हम जुझारू और सतर्क रहने के साथ नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करना जारी रखेंगे।

### ईएसआईसी योजना से मई, 2022 में 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना से मई, 2022 में करीब 14.93 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। एनएसओ की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में ईसीआईसी के साथ जुड़ने वाले कुल नए सदस्यों की संख्या 1.49 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2020-21 में इससे 1.15 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे। वत्त वर्ष 2019-20 में 1.51 करोड़ नए सदस्य ईएसआईसी से जुड़े थे जबकि वर्ष 2018-19 में यह संख्या 1.49 करोड़ रही थी। इसके पहले सितंबर, 2017 से लेकर मार्च, 2018 के बीच करीब 83.55 लाख नए ग्राहक ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा योजना का हिस्सा बने थे।

### पीएसीएल की संपत्तियों की बिक्री के लिए कोई अधिकृत नही

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की एक समिति ने सोमवार को जनता को आगाह किया कि वे पीएसीएल समूह और इसकी अनुषंगियों की संपत्तियों के संबंध में किसी तरह का लेनदेन न करें क्योंकि इनकी बिक्री के लिए किसी को अधिकृत नहीं किया गया है। पर्ल समूह के रूप में चर्चित रही पीएसीएल ने कृषि और रियल एस्टेट कारोबार के नाम पर जनता से पैसे जुटाए थे। सेबी के मुताबिक, पीएसीएल ने सीआईएस के जरिए 18 साल में आम लोगों से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सेबी ने 2016 में पूर्व प्रधान न्यायाधीश आर एम लोढ़ा की अध्यक्षता में समिति बनाई थी जिसने निवेशकों को चरणबद्ध तरीके से रिफंड देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेबी की वेबसाइट पर डाली गई सूचना में कहा गया, यह स्पष्ट किया जाता है।

## छह दिनों से जारी बाजार की तेजी थमी

भाषा। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजार में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिसिला सोमवार को थम गया और सेंसेक्स 306 अंक टूटकर 56,000 अंक के स्तर से नीचे बंद हुआ। निवेशकों द्वारा तेल एवं गैस, वाहन तथा दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का भी बाजार पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 306.01 अंक यानी 0.55 प्रतिशत के नुकसान के साथ 55,766.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.15 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.45 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,631 अंक पर बंद हुआ। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, निवेशकों की वाहन, तेल एवं गैस और दूरसंचार शेयरों में मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बुधवार को बैठक से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 3.80 प्रतिशत की गिरावट आई। रिलायंस इंडरस्ट्रीज का शेयर 3.31 प्रतिशत नीचे आया। मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा और नेस्ले के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो और एनटीपीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी की आशंका तथा प्रमुख कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से बाजार की दिशा तय हुई है। उन्होंने कहा, मंदी की आशंका से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बन रहा है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मंदी के कारण अमेरिका और यूरोप की व्यापार गतिविधियां अप्रत्याशित रूप से सिकुड़ गई हैं। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि मिडकैप 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग तथा चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में मजबूत थे। अमेरिका के बाजार शुक्रवार को गिरावट लेकर बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.24 प्रतिशत चढ़कर 104.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने 675.45 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

बिक्री सूचना

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय आदेशों के अनुसार बकाया की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएंगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम नौशाद एवं अन्य, वाद सं. सीएस (सीओएमएम) 2894/2019 | वाहन नंबर - यूपी14एचटी8453, मेक तथा माडल-टाटा 1512, विनिर्माण वर्ष-2019 |

नीलामी की तिथि एवं समय : 02-08-2022, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक

स्थान :- SAMIL यार्ड, सर्वे नंबर 506 और 508, ग्राम अटारिया, सबडिवीजन मानवा, तहसील सिधौली, जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश - 261303

सम्पर्क व्यक्ति :- अविनाश कुमार (8953652366)/जितेन्द्र कुमार (7304914763)

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें। सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए मूल पता प्रमाण के साथ आना होगा। सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/ एनईएफटी द्वारा नीलामी की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त वाहन के विस्तृत विवरण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर्स, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005 पधार सकते हैं।

# बालकनी विवाद में चल गई गोली, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**भाषा।** गोरखपुर

**गोरखपुर** जिले के खजनी क्षेत्र में एक घर में बालकनी बनाने को लेकर हुए विवाद में गोली चलने और इसमें तीन लोगों के घायल होने के मामले में सोमवार को एक निरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि रविवार को खजनी थाना क्षेत्र के मौदहामंगल गांव में एक मकान की बालकनी के निर्माण को लेकर विवाद में गोली चलने की घटना को लेकर निरीक्षक बांके यादव, हेड कांस्टेबल मनोज यादव और सिपाही सूरज यादव को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ जांच के आदेश भी दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बस्ती जिले में तैनात पुलिस कांस्टेबल प्रमोद यादव सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत अपने भाई भगवान दास तथा परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ रविवार को खजनी थाना क्षेत्र के मौदहामंगल गांव में अपने मकान की बालकनी का निर्माण करा रहा था, तभी दूसरे पक्ष के राजधारी यादव, राजनाथ यादव और सुरेमान यादव ने मौके पर पहुंचकर यह कहते हुए निर्माण कार्य का विरोध किया कि बालकनी उनकी जमीन के ऊपर बनाई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच हिंसा शुरू हो गई और प्रमोद ने गोली चला दी जिससे राजधारी यादव, राजनाथ यादव और सुरेमान यादव घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एएसपी सहित पुलिस बल ने सावन के दूसरे सोमवार को शॉंति व्यवस्था को परखा:** कनपुर देहात। पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षकए क्षेत्राधिकारीगणों व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को परखा गया।' पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न प्रसिद्ध धार्मिक स्थलोंध्मन्दिरों का भ्रमण करते हुये वहाँ की व्यवस्था को जाँचा एवं परखा गया एवं भक्तगणों से वार्ता कर उनका कुशल क्षेम लिया गयाए साथ ही साथ ड्यूटीरत पुलिसबल को चेक करते हुये पुलिसबल को भक्तगणो के साथ अच्छा आचरण व व्यवहार करने हेतु हिदायत दी गयी व ड्यूटी सतर्कता एवं निष्ठा से करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा अपने.अपने सर्किल के थानों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलोंध्मन्दिरों की व्यवस्था को चेक करते हुये ड्यूटीरत पुलिसबल को ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये। जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों द्वारामन्दिरों का भ्रमण करते हुये भक्तगणों के सुगम व सुरक्षित पूजा.अर्चनाध्दर्शन की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।

## जिलाबदर शातिर अभियुक्त असलहे के साथ गिरफ्तार

**कनपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जनपद कानपुर देहात में शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिवली पुलिस द्वारा सोमवार को शातिर जिलाबदर अभियुक्त जसवन्त सिंह उर्फ नन्हे पुत्र किशन सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम ज्योति थाना शिवली कानपुर देहात को 01 अदद अवैध तमंचा 02 अदद जिंदा कारतूस के साथ थाना क्षेत्र शिवली से गिरफ्तार किया गया।

विदित हो कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त जसवन्त सिंह उर्फ नन्हे उपरोक्त को दिनाँक. 06ण07ण2022 से जिलाधिकारी महोदया कानपुर देहात द्वारा 06 माह के लिये जिलाबदर किया गया था। अभियुक्त जसवन्त सिंह उर्फ नन्हे उपरोक्त को उक्त समयावधि के दौरान जनपद से निष्कासित कर जिलाबदर करते हुये निर्देशित किया गया था कि यदि वह इस समयावधि के दौरान जनपद कानपुर देहात की सीमा में प्रवेश पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्त द्वारा उक्त निर्देशों का पालन न करते हुये अवैध तमंचे के साथ जनपद कानपुर देहात की सीमा में प्रवेश करते हुये गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0.244ध्2022 धारा.3ध्10 गुण्डा निवारण अधिनियम व मु0अ0सं0. 245ध्2022 धारा. 3ध्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है।

### मेरठ के कॉम्प्लेक्स में नमाज पढ़े जाने का वीडियो सामने आया, पुलिस ने जांच शुरू की

मेरठ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लुलु मॉल मे अनधिकृत तौर पर नमाज पढ़े जाने के मामले का अभी पटाक्षेप भी नही हुआ था कि मेरठ के एक कॉम्प्लेक्स में नमाज पढ़े जाने का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिग्विजय सिंह ने ट्विटर पर कॉम्प्लेक्स में नमाज पढ़ते व्यक्ति के फोटो और वीडियो साझा किए। उन्होंने लिखा कि मेरठ में लखनऊ के लुलु मॉल की तरह गढ़ रोड पर नौचंदी स्थित एसटूएस स्क्वायर कॉम्प्लेक्स में सार्वजनिक तौर पर नमाज पढ़ता व्यक्ति। सिंह ने ट्वीट में मेरठ के जिलाधिकारी और पुलिस को टैग भी किया। मेरठ पुलिस ने इस ट्वीट के जवाब में कहा कि थाना प्रभारी नौचंदी को जांच और आवश्यक कार्वाई के लिए घटना से अवगत कराया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) देवेश सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वीडियो की सत्यता का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वीडियो कब का है, कहां का है और नमाज पढ़ने वाला शख्स कौन है, इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उधर, नौचंदी थाने के प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सिंह के मुताबिक, अब तक की जांच में जो जानकारी मिली है, उसके हिसाब से कॉम्प्लेक्स में एक दुकान में कुछ काम चल रहा था और नमाज का समय होने पर किसी कर्मचारी ने नमाज पढ़ ली होगी। इससे पहले, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लुलु मॉल में 13 जुलाई को कुछ लोगों के नमाज पढ़ने का मामला सामने आया था। मामले में अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।



गाजियाबाद में पवित्र जल लेकर जा रहे कांवड़ियों का हुजूम, इन दिनों हर तरफ बम-बम भोले की गूंज है

# चेयरमैन पर आरोपों की जांच के लिए कमेटी गठित

**गोंडा।** नगर पालिका परिषद करनैलगंज के एक सभासद की तरफसे चेयरमैन पर लगाये गए गम्भीर आरोपों की जांच के लिए डीएम ने त्रिस्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर 15 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है। सभासद द्वारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के विरुद्ध लगाये गये विभिन्न आरोपों की जांच के लिए जिलाधिकारी ने संयुक्त जांच कराने का आदेश दिया है। नगर पालिका परिषद करनैलगंज के वार्ड संख्या 20 के सभासद अनिल गुप्ता ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध कई आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। इसमें विकास निर्माण कार्यों एवं विकास निविदा के लिए आपूर्ति तथा सफाई अभियान में निविदा का आमंत्रण राष्ट्रीय समाचार पत्र में न कराकर स्थानीय समाचार पत्र में कराने, नालों की सफाई ठेके पर कराने और पालिका के संसाधनों का उपयोग कर पैसा निकाल लेने, विकास निर्माण कार्य एवं विभिन्न प्रकार आपूर्ति, वाहन, कीटनाशक दवा आदि का भौतिक व स्थलीय सत्यापन कराये जाने, अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में अपने सगे संबंधियों को लाभ पहुंचाने आदि की शिकायतें शामिल हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड गोंडा तथा खण्ड विकास अधिकारी करनैलगंज को सम्मिलित जांच हेतु आदेशित करते हुए 15 दिनों में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**नवाबगंज पुलिस ने युवक को डूबने से बचाया:**गोंडा। थानाध्यक्ष नवाबगंज पुलिस ने नदी में छलांग लगाने वाले युवक को बड़ी ही सूझबूझ से डूबने से बचाकर नदी से बाहर निकलवाते हुए युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इससे क्षेत्र में पुलिस की सराहना हो रही है। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह मय पुलिस टीम के श्रावण मास में कावंडियों के जलाभिषेक में शान्ति व्यवस्था की डियूटी में मौजूद थे कि तभी अचानक एक व्यक्ति ने टेढ़िया पुल से नदी में छलांग लगा दिया। इस पर थानाध्यक्ष ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस टीम व स्थानीय लोगों के सूझबूझ से उक्त व्यक्ति को पानी में डूबने से बचाते हुए उसे समझा-बुझाकर परिजन से संपर्क कर उनके सुपुर्द कर दिया। इससे परिजनों ने गोंडा पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए थानाध्यक्ष व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। वहीं इसकी आमजनमानस में भी सराहना हो रही है।

## सीएमओ ने किया सीएचसी करनैलगंज का निरीक्षण

**गोंडा।** सोमवार को सीएमओ डा0 रश्मि वर्मा ने सीएचसी करनैलगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ सेवाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली और मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोताही न बरतने का निर्देश दिया। सोमवार की सुबह 10 बजे अचानक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सीएचसी पहुंचने से पूरे हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। सभी स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर अलर्ट हो गए। सीएमओ सीधे सीएचसी अधीक्षक के कक्ष में पहुंची और अधीक्षक सुरेश चंद्रा से स्वास्थ सेवाओं को लेकर पूछताछ की। इसके बाद उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिसमें डा0 सौम्या श्रीवास्तव बिना सूचना के कई दिन से अनुपस्थित मिली। जिस पर सीएमओ ने उन्हें फोन कर कड़ी फटकार लगाई। उसके बाद फार्मासिस्ट अशोक वर्मा से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी लिया। तथा अस्पताल के अंदर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए डॉ. मुदस्सिर को निर्देशित किया। आपात कालीन कक्ष, वार्ड, पैथोलॉजी टीकाकरण कक्ष आदि की तरफ देखा तक नहीं। निरीक्षण के दौरान डा0 अश्वनी गुप्ता, डा0 अनुज, डा0 अमर सिंह, बीसीपीएम सुरेंद्र यादव, ब्लॉक कार्यक्रम मैनेजर संजय यादव, अर्पण पाण्डेय, रिंकू शुक्ल, विनोद पाण्डेय, अनंत राम मौजूद मिले।



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के ढायकी गांव निवासी आदेश कुमार (52) सोमवार सुबह अपनी 25 वर्षीय पुत्री के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे, तभी फंदपुरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार से आने वाले ट्रक उन्हें रौंद दिया। राय के मुताबिक, टक्कर से आदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी घायल बेटी को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। राय के अनुसार, हादसे के बाद चालक ट्रक को वहीं छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक की तलाश शुरू कर दी है, जबकि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**50 दिवसीय ड्रीमलैंड प्रदर्शनी का शुभारम्भ।**फतेहपुर। शहर के बिंदकी बस स्टॉप के समीप मुस्लिम इंटर कॉलेज की फील्ड में ड्रीमलैंड प्रदर्शनी एवं मेले का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी के संचालक राकेश शुक्ला ने बताया कि यह प्रदर्शनी 50 दिनों के लिए चलाई जाएगी।

## फंदे से लटकता मिला महिला सिपाही का शव

कौशांबी (उप्र) 25 जुलाई (भाषा) कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने कथित तौर पर कमरे के अंदर फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीणा ने बताया कि कानपुर के बर्रा फेस2 निवासी रुचि सचान 2019 बैच की सिपाही थी और वह जिले के कड़ा धाम थाने में तैनात थी। उन्होंने बताया कि वह थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में किराए के कमरे में रहती थी और रविवार को उसकी ड्यूटी थाना क्षेत्र के मां शीतला मंदिर कड़ा धाम में लगी थी लेकिन वह ड्यूटी पर नहीं गई थी।

एसपी ने बताया कि रविवार की शाम को महिला सिपाही के पिता का फोन थानाध्यक्ष के पास आया कि वह फोन नहीं उठा रही है। इस पर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था और उन्होंने कमरे की खिड़की से झांक कर देखा गया तो रुचि सचान (25) कमरे में लगे पंखे के सहारे फंदे से झूलती नजर आई। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष ने महिला सिपाही के परिजनों को सूचना दी और देर रात में परिजनों के आने पर दरवाजा तोड़कर रुचि का शव फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है लेकिन अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सिपाही रुचि का अभी विवाह नहीं हुआ था।

## डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**बांदा।** 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।जनपद में 81 परियोजनायें संचालित हैंए इनमें से 71 परियोजनायें पूर्ण हैंए 09 हस्तान्तरित तथा 48 परियोजनायें प्रगति पर हैं। जनपद बांदा कलेक्टेऊट के अनावासीय भवनों के निर्माण एवं कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महा विद्यालय में टी0बी0सी0सी0 के निर्माण धीमी प्र्रगति होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था सी0एण्डडी0एस0 को प्रगति बढाने के निर्देश दिये। बस स्टेशन बबेरू के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति होने के कारण कार्यदायी संस्था यू0पी0सिडको को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियेए अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण में पिछले माह से कोई प्रगति न होने के कारण व बैठक में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन खण्ड के उपस्थित न होने पर उनका स्पष्टीकरण मांगा। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयए हरदौली में ट्राजिंट हास्टल के निर्माण कार्य हेतु द्वितीय किस्त की मांग हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिलाधिकारी के तरफसे शासन को पत्राचार करने के निर्देश।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयए महुआ में एकेडमिक ब्लाक व हास्टल के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति होने के कारण अधिशाषी अभियंता आवास विकास को चेतावनी जारी करने के निर्देश। अंत में जिलाधिकारी द्वारा समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जो भी कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो गये हैंए उन्हें 15 अगस्त तक अवश्य पूर्ण करा लें।

# आकाशीय बिजली से दस लोगों की मौत

### 24 घंटों के दौरान हुए हादसे में कई लोग झुलसे



**बांदा।** बीते 24 घंटे में भारी बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अलग.अलग स्थानों पर मां. बेटे सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जनपद में बीते 1 सप्ताह के अन्दर अकाशीय बिजली की चपेट में आने से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है ।फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद पंचनामा के लिए भेज दिया है इसके साथ ही प्रशासन द्वारा सभी मृतकों के आश्रितों को दैवी आपदा राहत कोष के तहत 4.4 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगीबांदा में एक बार फिर से आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला है जहां बीते 24 घंटों में भारी बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली कि चपेट में आने से जनपद में अलग.अलग क्षेत्र में माँ.बेटे सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जनपद की नरैनी तहसील क्षेत्र में 3 लोगों की व अतर्रा क्षेत्र में 1 की मृत्यु हुई है। अधिकांश मृतको की खेतों में कृषि कार्य के दौरान तेज बारिश के साथ गिरी आकाशी बिजली की अचानक चपेट में आने से मौत हुई है। सभी मृतकों का पंचनामा करने के बाद उनके सवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मृतको की सूचना मिलने के बाद प्रशासन द्वारा राजस्व टीम के माध्यम से सभी मृतकों के बारे में जानकारी कर जुटाकर आपदा राहत कोष के माध्यम से उनके आश्रितों को मुआवजा देने की बात कही जा रही है। बांदा के जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि बांदा में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जनपद के अलग.अलग स्थानों में 4 लोगों की मृत्यु हो गई है सभी मृतकों के आश्रितों को 4 .4 लख रुपये की आपदा राहत के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी । जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एक सप्ताह के भीतर अब तक 10 लोगों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। बांदा आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से झुलसेए परिजन सभी को लेकर पहुंचे जिला अस्पताल ट्रामा सेंटरए सूचना पर प्रभारी उप जिलाधिकारी सदर ने जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर पहुंचकर बच्चों के उपचार का लिया जायजाए उपचार कर रहे डॉक्टरों को दिए जरूरी निर्देशए मामला सदर तहसील अंतर्गत पथरी गांव का है ।





सोमवार को ताजमहल परिसर में तस्वीरों के लिए पोज देतीं मिस टीन इंटरनेशनल की प्रतिभागी

# विधायक अब्बास अंसारी और उनकी मां की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस खाली हाथ लौटी

**मऊ।** बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां और विधायक पुत्र अब्बास की अलग-अलग मामलों में गिरफ्तारी के लिए मऊ जिले की पुलिस ने सोमवार को गाजीपुर में कई स्थानों पर दबिश दी, मगर उन्हें दोनों में से कोई भी नहीं मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) धनंजय मिश्रा ने बताया कि मऊ पुलिस ने गाजीपुर जिले के यूसुफपुर, मोहम्मदाबाद तथा गाजीपुर शहर में अब्बास और अफशां के आवासों तथा रिश्तेदारों के यहां दबिश दी, हालांकि वे दोनों कहीं नहीं मिले। उन्होंने बताया कि मऊ में स्थित एफसीआई के गोदाम को मुख्तार अंसारी द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति घोषित करते हुए सरकार ने उसे कब्जे में ले लिया है। इस मामले में मुख्तार की पत्नी अफशां, उनके साले और एक अन्य सहयोगी को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुका है, कुर्की की कार्वाई भी हो चुकी है लेकिन अफशां अब तक अदालत में हाजिर नहीं हुई हैं। मिश्रा ने बताया कि मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे और मऊ सदर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से मौजूदा विधायक अब्बास अंसारी पर इस साल की शुरुआत में हुए प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अधिकारियों के प्रति आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में स्थानीय एमपी-एमएलए अदालत उन्हें कई बार समन भेज चुकी है मगर वह पेश नहीं हो रहे हैं, इसीलिए उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

## सोनाक्षी ने हासिल किए 90 फीसदी अंक कहा-हौसला और लगन हो तो कुछ भी संभव

**लखनऊ।** सिटी मांटेसरी स्कूल महानगर की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता ने परिजनों को इतराने का मौका दे दिया। आईएससी इंटर की परीक्षा में सोनाक्षी ने 90 फीसद अंक हासिल किए हैं। सोनाक्षी कहती हैं मम्मी-पापा की मदद से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। सोनाक्षी का मानना है कि अगर हौसला हो और मेहनत की जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। वाणिज्य की छात्रा सोनाक्षी फिलहाल अपने नए टारगेट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। परिजनों ने इस मौके पर मिठाई बांटटकर खुशियां मनाई।



### विश्वविद्यालय परिसर में दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के ग्लोकल विश्वविद्यालय में घुसकर छात्र-छात्राओं के बीच दहशत फैलाने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को पिंजरे में कैद कर लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि एक सप्ताह पहले जंगल से आए तेंदुए को लेकर ग्लोकल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई थी। राय के मुताबिक, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने वन विभाग को तेंदुए के बारे में सूचित किया था, जिसकी टीम ने कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को उसे पिंजरे में कैद कर लिया।

# भारोत्तोलक जेरेमी की नजरें स्वर्ण पदक पर

भाषा। नई दिल्ली




**पिछले साल** तोक्यो ओलंपिक का टिकट कटाने में विफल रहे भारोत्तोलक जेरेमी लालरिननुंगा को यह पता चल गया है कि जूनियर से सीनियर स्तर पर पहुंचना इतना आसान नहीं है लेकिन वह आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर इस निराशा को कुछ हद तक दूर करना चाहते हैं। पिछले साल दो बार चोटिल होने के अलावा वह कोरोना वायरस से संक्रमित भी हो गए थे, जिसका असर 67 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले इस खिलाड़ी के प्रदर्शन पर पड़ा। उन्होंने कहा, यह मेरे पहले राष्ट्रमंडल खेल हैं और मैं शानदार महसूस कर रहा हूं। युवा ओलंपिक के बाद मैं ओलंपिक में भाग लेने में विफल रहा। ऐसे में मेरे लिए यह सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। जेरेमी 2018 में उस समय सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने अर्जेंटीना में युवा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मिजोरम का यह खिलाड़ी युवा वर्ग की सफलता को हालांकि सीनियर स्तर पर नहीं दोहरा सका। मैं समझ गया था कि मुझे ज्यादा मेहनत करनी होगी क्योंकि मैं जो भार उठा रहा था, वह काफी नहीं था। इससे मुझे यह भी अहसास हुआ कि जूनियर से सीनियर स्तर का ओलंपिक कितना कठिन है। इस 19 साल के एशियाई चैम्पियन के लिए पिछले एक साल काफी कठिन रहे। वह एशियाई चैंपियनशिप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे। बाद में यह पता चला कि उनके घुटने में कुछ समस्या है जिससे जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। एशियाई चैम्पियनशिप के समय मेरे घुटने में समस्या थी। और इसकी सर्जरी करानी पड़ी। मेरी रीढ़ के पास, पीठ के ऊपरी हिस्से में समस्या थी लेकिन फिर भी मैंने विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया। इसके बाद 31 दिसंबर को मैं कोविड-19 से संक्रमित हो गया। मेरा वजन घटकर 62-63 किग्रा हो गया। मुझे ठीक होने में समय लगा। मैं 15 दिनों के लिए पृथकवास में था। इस खिलाड़ी ने कहा, इसके बाद मुझे सोचने का समय मिला और अब मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं निश्चित रूप से अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से आगे निकलने का प्रयास करूंगा।

## एक और ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी डोप परीक्षण में विफल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम में शामिल एक खिलाड़ी को प्रतिबंधित ड्रग के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारतीय टीम से बाहर किया जाना लगभग तय है। कोई भी अधिकारी डोपिंग की दोषी पाई गई खिलाड़ी का नाम जाहिर करने को तैयार नहीं है। एक शीर्ष सूत्र ने विस्तार से जानकारी दिए बगैर पीटीआई को बताया, राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जाने वाली रिले टीम की एक सदस्य पॉजिटिव पाई गई है और उसे हटाया जाएगा। डोपिंग के इस नवीनतम नतीजे के बाद महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम में सिर्फ चार सदस्य बची हैं। अगर बाकी बची चार सदस्यों में से कोई चोटिल होता है तो अन्य ट्रैक स्पर्धाओं से किसी को उतारा जा सकता है लेकिन ऐसी स्थिति में टीम का प्रदर्शन प्रभावित होगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शुरुआत में 37 सदस्ईय भारतीय एथलेटिक्स टीम में दुती चंद, हिमा दास, श्रावणी नंदा, एनएस सिमी, एस धनलक्ष्मी और एमवी जिल्ना को चुना था। लेकिन बाद में जिल्ना को टीम से हटा दिया गया क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को सिर्फ 36 खिलाड़ियों का कोटा मिला। धनलक्ष्मी के डोप परीक्षण में विफल रहने पर हालांकि बाद में जिल्ना को टीम में शामिल किया गया। कथित तौर पर डोपिंग की दोषी पाई गई खिलाड़ी को देर से टीम में शामिल किया गया लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।




## नंदी महिला जिम्नास्ट टीम के कोच नियुक्त



**नई दिल्ली।** रियो ओलंपिक 2016 में दीपा कर्माकर को ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले जिम्नास्टिक कोच बिशेश्वर नंदी को विवादास्पद रोहित जायसवाल के स्थान पर बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। जायसवाल को पहले महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था लेकिन जिम्नास्ट अरुणा बुद्धा रेड्डी ने उन पर उनकी अनुमति के बिना वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। नंदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिविर से पीटीआई से कहा, मैंने एक दिन पहले वीजा संबंधी औपचारिकताएं पूरी की और मुझे कल तक वीजा मिलने की उम्मीद है। मैं 29 जुलाई तक टीम से जुड़ जाऊंगा। जायसवाल को हटाए जाने से उनकी शिष्या और भारत की तरफ से पदक की दावेदार प्रणति नायक की संभावनाओं को झटका लगा है लेकिन नंदी ने कहा कि वह टीम के प्रत्एक सदस्य का ध्यान रखेंगे।

### मप्र के पूर्व रणजी कप्तान अशोक जगदाले का निधन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की रणजी टीम के पूर्व कप्तान और हरफनमौला खिलाड़ी अशोक जगदाले का सोमवार को इंदौर में 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। जगदाले के छोटे भाई और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व सचिव संजय जगदाले नें पीटीआई-भाषा को बताया कि उनके बड़े भाई अशोक जगदाले रविवार देर रात नाक से खून बहने के बाद बेसुध हो गए थे और उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। उन्होने बताया कि आंतरिक रक्तस्राव से उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई और डॉक्टर उनकी जान नही बचा सके।

### स्कॉटलैंड क्रिकेट के अधिकारियों को नस्ली प्रकरण में लिप्त पाया गया

**स्टर्लिंग (स्कॉटलैंड)।** स्वतंत्र समीक्षा में स्कॉटलैड के क्रिकेट अधिकारियो को संस्थागत नस्लवाद मे लिप्त पाया गया है जिससे खेल को एक और बड़ा झटका लगा है। इससे पहले इंग्लैड मे भी इसी तरह का प्रकरण सामने आया था। स्कॉटलैड के सबसे सफल गेंदबाज माजिद हक और टीम के उनके पूर्व साथी कासिम शेख के आरोपो पर सात महीने चली जांच के बाद यह समीक्षा सोमवार को प्रकाशित हुई।

### रिकॉर्ड भरे दिन में अमेरिका ने कुल पदकों का भी रिकॉर्ड बनाया

**यूजीन।** सिडनी मैक्लॉघलिन के बेहतरीन प्रदर्शन से अमेरिका ने महिलाओ की चार गुणा 400 मीटर दौड़ मे स्वर्ण पदक जीतकर विश्व एथलेटिक्स चैपियनशिप मे अपने कुल पदको की संख्या 33 पर पहुंचाई जो कि नया रिकॉर्ड है। विश्व चैपियनशिप मे रविवार को दो अन्य रिकॉर्ड भी बने। नाईजीरिया की टोबी अमुसन ने महिलाओ की 100 मीटर बाधा दौड़ मे 12.12 सेकेंड का समय लेकर नया रिकॉर्ड बनाया। इसके 90 मिनट बाद उन्होने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। उनका फाइनल का समय असल मे 12.06 था लेकिन तब तेज हवा चल रही थी इसलिए यह रिकॉर्ड बुक मे दर्ज नही हुआ।

### विलियमसन, बोल्ट और साउदी की वेस्टइंडीज दौरे के लिए कीवी टीम में वापसी

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन की अगुवाई मे न्यूजीलैड की टीम आठ साल मे वेस्टइंडीज के अपने पहले दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की टीम 10 से 21 अगस्त तक होने वाले इस दौरे मे तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगी। विलियमसन ने विश्राम के बाद टीम मे वापसी की है। बल्लेबाज टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे तथा तेज गेंदबाज ट्रेट बोल्ट और टिम साउदी ने भी विश्राम के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज का दौरा न्यूजीलैड के लिए काफी अहम है क्योंकि इससे वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम की तैयारियो का आकलन करना चाहेगा।

### रितिका व अंतिम सफल

**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में 16 से 15 अगस्त तक सोफिया बल्गारिया मेंआयोजित होनेवाली अंडर-20 महिला विश्व प्रतियोगिता के लिए आयोजित सिलेक्शन ट्रायल के क्रम में शेष दो भार वर्ग53 किग्रा और 72 किग्रा के लिए 25 अगस्त सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया। सिलेक्शन ट्रायल के समय ट्यूनीशिया में आयोजित रैकिंग सीरीज़ में भाग लेने गए 53 किग्रा भार वर्ग में आतिम एव 72 किग्रा भार वगग रितिका ने अपने प्रतिद्वदियों से जीत हासिल की

# मेरे कोच को प्रताड़ित किया जा रहा : लवलीना

## ● अभ्यास पर पड़ रहा असर



भाषा। बर्मिंघम

**ओलंपिक कांस्य** पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके कोच को अधिकारियों से लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है जिससे राष्ट्रमंडल खेलों की उनकी तैयारियों में बाधा आ रही है। भारतीय मुक्केबाजी टीम रविवार रात आयरलैंड में अभ्यास शिविर के बाद यहां खेल गांव पहुंची, लेकिन लवलीना की निजी कोच संध्या गुरुंग खेलगांव में प्रवेश नहीं कर सकीं क्योंकि उनके पास एक्रीडिटेशन (मान्यता) नहीं था। लवलीना संभवत: राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान अपने निजी कोच अमेय कोलेकर को अपने साथ रखना चाहती थीं, लेकिन वह भारतीय दल की लंबी सूची में शामिल नहीं थे। उन्होंने ट्विटर पर एक लंबे पोस्ट में अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने ट्वीट किया, आज मैं बहुत दुख के साथ कह रही हूं कि मुझे (मानसिक तौर पर) प्रताड़ित किया जा रहा है। ओलंपिक में पदक लाने में मेरी मदद करने वाले कोच को मेरे अभ्यास और प्रतियोगिता के समय हर बार हटाकर मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने लिखा, इनमें से एक कोच संध्या गुरुंग द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भी है। मेरे दोनों कोच को शिविर में अभ्यास के लिए हजार बार हाथ जोड़ने के बाद बहुत देरी से शामिल किया जाता है। इससे मुझे अभ्यास में बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। और मानसिक प्रताड़ना तो होती ही है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने कहा, अभी मेरी कोच संध्या गुरुंग राष्ट्रमंडल खेल गांव के बाहर है। उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है। इससे मेरा अभ्यास खेल से ठीक आठ दिन पहले रुक गया है। मेरे दूसरे कोच को भी भारत वापस भेज दिया गया है।

### भारतीय दल में मुक्केबाजी सहायक कोच संध्या और मनोचिकित्सक गायत्री शामिल

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेलो (सीडब्ल्यूजी) की शुरुआत से कुछ दिन पहले मुक्केबाजी की सहायक कोच संध्या गुरुंग और खेल मनोचिकित्सक गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संध्या राष्ट्रीय शिविर में सहायक कोच हैं और वह तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन का मार्गदर्शन कर रही है। गायत्री मानसिक अनुकूलन कोच है जिन्होंने मई में भारतीय टेबल टेनिस टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर में काम किया था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक सूत्र ने कहा, संध्या गुरुंग और गायत्री वर्तक को भारतीय दल में शामिल किया गया है। तोक्यो ओलंपिक से पहले लवलीना को मुश्किल मानसिक स्थिति से बाहर निकालने का श्रेय संध्या को जाता है। वह मुक्केबाजी दल के साथ आयरलैंड गई थी, जहां मुक्केबाजों ने 15 दिवसीय शिविर में हिस्सा लिया था। संध्या को भारतीय दल में आखिरी क्षणों शामिल किया गया था, जिसके कारण उनका एक्रीडेशन नही पहुंच सका और बर्मिंघम पहुंचने पर उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। वह इसके बाद उस होटल में रुकी जहां अतिरिक्त अधिकारी ठहरे हुए हैं। गायत्री को अभी भी अपने वीजा का इंतजार है। सूत्र ने बताया, संध्या पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुकी है लेकिन गायत्री अपने वीजा का इंतजार कर रही है जो कल आएगा। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री इन खेलों में मुख्य रूप से टेबल टेनिस खिलाड़ियों की मदद करेंगी। वह अतीत में लक्ष्य सेन और स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल की मदद कर चुकी है। इससे पहले टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने भारतीय दल में उन्हें शामिल नही करने पर निराशा जताई थी।

# भारतीय टेटे टीम के लिए आसान नही होगा बर्मिंघम में गोल्ड कोस्ट की बराबरी करना



भाषा। लंदन

**पिछली बार गोल्ड** कोस्ट में नई ऊंचाइयां हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस टीम यदि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 की बराबरी भी कर लेती है तो यह उसके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। इनमें से दो स्वर्ण सहित आधे पदक मनिका बत्रा ने जीते थे जिसके बाद उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी। दिल्ली की रहने वाली इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने सिंगापुर की ओलंपिक पदक विजेता फेंग तियानवेइ को एक बार नहीं बल्कि दो बार हराकर भारत को व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था। सिंगापुर की 35 वर्षीय खिलाड़ी अब बर्मिंघम में मनिका से बदला लेने के लिए तत्पर होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय थोड़ा बदली हुई नजर आएगी। विश्व में 41वीं रैंकिंग की मनिका के साथ श्रीजा अकुला, रीत ऋष्य और दिया चिताले भारतीय चुनौती पेश करेंगी। अपने पांचवें और आखिरी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे भारत के सर्वश्रेष्ठ टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल, सदाबहार जी साथियान, हरमीत देसाई और सानिल शेट्टी भारतीय पुरुष टीम की चुनौती पेश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने पुर्तगाल में अभ्यास किया और उसके बाद हंगरी में प्रतियोगिता में भाग लिया। भारतीय टेबल टेनिस टीम का गठन करना आसान नहीं रहा क्योंकि तीन खिलाड़ियों ने चयन नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटा दिया था। इनमें से केवल चिताले को ही फायदा हुआ जिन्हें अर्चना कामत की जगह टीम में लिया गया। कामत खेलों में मनिका के साथ युगल जोड़ी बना सकती थी। चार सदस्ईय पुरुष दल में वही खिलाड़ी शामिल है जिन्होंने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था। इन खिलाड़ियों को काफी अनुभव है और उम्मीद की जा रही है कि वह टीम खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। भारत को टीम स्पर्धा में इंग्लैंड और नाइजीरिया के बाद तीसरी वरीयता मिली है। एकल में आखिरी बार 2006 में मेलबर्न में स्वर्ण पदक जीतने वाले 40 वर्षीय शरत ने कहा, इंग्लैंड की टीम नाइजीरिया की तुलना में थोड़ा मजबूत है।

### गेंदबाजों ने श्रीलंका को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**गॉल।** श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को यहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहले टेस्ट में 342 रन के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रहने के कारण आलोचना का सामना कर रहे श्रीलंका के स्पिनरों ने पहली पारी में पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 191 रन कर दिया है। श्रीलंका के पहली पारी के 378 रन से पाकिस्तान की टीम अब भी 187 रन पीछे है। श्रीलंका की ओर से आफ स्पिनर रमेश मेंडिस ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पहले टेस्ट में पदार्पण करने वाले आगा सलमान (62) ही पाकिस्तान की ओर से टिककर खेल पाए।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी और व्यावहारिक हो

## ● बर्मिंघम 2022 सीईओ इयान रीड की राय

भाषा। लंदन



**पिछले 20** साल में सिर्फ एक बार राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन ब्रिटेन या आस्ट्रेलिया से बाहर हुआ है और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के सीईओ इयान रीड का मानना है कि 56 सदस्यों देशों में अधिक मेजबानों के लिए इस बहु खेल प्रतियोगिता का कम खर्चीला और व्यावहारिक होना जरूरी है। पिछले दो दशक में आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के बाहर 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों का आयोजन हुआ था। आस्ट्रेलिया 2026 में विक्टोरिया में एक बार फिर इन खेलों की मेजबानी करेगा। शुरुआत में डरबन को 2022 खेलों की मेजबानी के लिए चुना गया था लेकिन वित्तीय समस्याओं के कारण वह पीछे हट गया और बर्मिंघम मेजबानी के लिए आगे आया। उनके हुई बातचीत के मुख्य अंश इस प्रकार हैं: **सवाल:** पिछले 20 साल में तीसरी बार ए खेल ब्रिटेन में आयोजित हो रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने पिछले सत्र की मेजबानी की और 2026 में भी वह मेजबानी करेगा। यह रुझान कितना चिंताजनक है? **जवाब:** मैं इस चीज की वकालत करता हूं कि इन खेलों का आयोजन अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल देशों में हो और ए सिर्फ कुछ देशों में आयोजित नहीं हों। इसका एक मुद्दा इनका खर्चीला होना है और सुनिश्चित करना होगा कि इनकी मेजबानी सभी देशों के लिए व्यावहारिक हो। **सवाल:** तो क्या हमें खेलों को कम खर्चीला और व्यावहारिक बनाने की जरूरत है? जवाब: सिर्फ रिकॉर्ड के लिए बता दूं तो ये खेल गोल्ड कोस्ट खेलों से काफी कम खर्च में आयोजित होंगे और उम्मीद करते हैं कि इससे चीजें बदलेंगी लेकिन अब भी काफी काम करना बाकी है। **सवाल:** कुछ लोग राष्ट्रमंडल खेलों को औपनिवेशिक बोझा के रूप में भी देखते हैं और इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हैं? आपकी इस बारे में क्या राय है? **जवाब:** हम व्यापक राजनीतिक चर्चा की ओर बढ़ रहे हैं। जैसा कि हम जानते हैं राष्ट्रमंडल, एक ही मिशन और लक्ष्यों तथा मूल्यों के साथ राष्ट्रों का एक पूर्ण स्वैच्छिक परिवार है और खेल उसी की मुख्य अभिव्यक्तियों में से एक हैं। इसके काफी लाभ हैं। यह सदस्यों को एक दूसरे के साथ जोड़ता है और प्रतिस्पर्धा करने वाले लोगों को साथ लाता है।

# शेफाली पीढ़ियों में एक बार आने वाली खिलाड़ी: मिताली



**दुबई।** भारत की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और कप्तान मिताली राज ने सोमवार को कहा कि शेफाली वर्मा पीढ़ियों में एक बार आने वाली खिलाड़ी है जिसमें किसी भी विरोधी टीम के खिलाफ अकेले दम पर मैच जिताने की क्षमता है। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाली मिताली 18 साल की शेफाली के शॉट में जिस तरह की ताकत होती है उससे हैरान हैं। मिताली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 100 परसेंट क्रिकेट पोडकास्ट पर कहा, मैं उसके खेल की बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने देखा है कि वह ऐसी खिलाड़ी है जिसमें किसी भी आक्रमण या किसी भी टीम के खिलाफ भारत को अकेले दम पर जीत दिलाने की क्षमता है। शेफाली ने घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए तुरंत ही मिताली पर छाप छोड़ी दी थी। मैंने शेफाली को भारतीय रेलवे के खिलाफ घरेलू मैच में खेलते हुए देखा था, उसने अर्धशतक जड़ा लेकिन मैं ऐसी खिलाड़ी की झलक देख सकती थी जो अपनी सिर्फ एक पारी से पूरे मैच को बदल सकती थी। जब वह चैलेंजर ट्रॉफी के पहले सत्र में वेलोसिटी के लिए खेली तो वह मेरी टीम की ओर से खेली और मैंने देखा कि उसमें क्षमता और ताकत है जो आपको इस उम्र में बेहद कम देखने को मिलती है। बाउंड्री के बाहर शॉट मारने की क्षमता। अपनी मर्जी से छक्के मारने की क्षमता।

# अक्षर पटेल का धमाल, भारत ने श्रृंखला जीती

## ● दूसरे वनडे में 2 विकेट से हारा वेस्टइंडीज

भाषा। पोर्ट ऑफ स्पेन




**आलराउंडर अक्षर** पटेल की 35 गेंद में 64 रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने रविवार को यहां रोमांच से भरे दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को दो गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत के सामने 312 रन का बड़ा लक्ष्य था लेकिन अक्षर ने अपनी पारी में पांच छक्के और तीन चौके जड़कर टीम को शानदार जीत दिलाई। भारतीय टीम की शुरूआत धीमी रही लेकिन पहले श्रेयस अय्यर (63 रन) और संजू सैमसन (54 रन) ने चौथे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके जिम्मेदारी संभाली जबकि बाद में अक्षर ने धमाल मचाया। अक्षर के छक्के से टीम ने 49.4 ओवर में आठ विकेट पर 312 रन बनाए। उन्होंने 40 रन देकर एक विकेट भी झटका। इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप (115 रन) के शानदार शतक और कप्तान निकोलस पूरन (74 रन) के छह छक्के जड़ित अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 311 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। भारत ने पहले वनडे में तीन रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा और अंतिम मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा। बारिश की बाधा के बाद 11वें ओवर में भारत ने कप्तान शिखर धवन (13) का विकेट गंवा दिया। रोवमैन शेपर्ड की गेंद पर काइल मेयर्स ने डीप थर्ड मैन पर शानदार कैच लपककर धवन की पारी का अंत किया। शुभमन गिल (43 रन, 49 गेंद, पांच चौके) भी कुछ ही देर बाद पवेलियन पहुंच गए। 16वें ओवर में मेयर्स की शार्ट पिच गेंद को जल्दी खेल गए और इसी गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए।

### अय्यर अर्धशतक को शतक में नही बदल पाने से निराश

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के वर्तमान दौरे मे शानदार फॉर्म मे है लेकिन वह अपने अर्धशतकों को शतक में नही बदल पाने से निराश है। अय्यर ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 71 गेंदो पर 63 रन बनाए और भारत की दो विकेट से रोमांचक जीत मे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संजू सैमसन के साथ चौथे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। सैमसन ने 54 रन बनाए जबकि बाद मे अक्षर पटेल ने नाबाद 64 रन बनाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। अय्यर ने मैच के बाद कहा, मैने आज जो स्कोर किया उससे मै खुश हूं लेकिन जिस तरह से मै आउट हुआ उससे नाखुश हूं।

### भारत में हेडन की सफलता दोहराने के लिए स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ सुधार करो : बार्डर

भाषा। मेलबर्न

**हेड को सलाह**

**पूर्व कप्तान** एलेन बॉर्डर ने बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को सलाह दी है कि अगर वह अगले साल भारत के चार टेस्ट मैच के दौरे के दौरान मैथ्यू हेडन की सफलता को दोहराना चाहते हैं तो उन्हें स्पिनरों के खिलाफ अपनी तकनीक में सुधार करना होगा। हेड को पिछली एशेज श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था लेकिन उप महाद्वीप में खेलते हुए (पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ) उनकी फॉर्म में गिरावट आई और वह कुल 91 रन ही बना सके जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 26 रन रहा। क्रिकेट.कॉम.एयू ने उनके हवाले से कहा, यह तो तय है कि उसे (हेड को) बैठकर अभी से बेहतर तकनीक हासिल करने के लिए काम करना होगा। बॉर्डर ने कहा कि उन्होंने स्पिन के अनुकूल विकेटों पर बल्लेबाजी को लेकर हेड से बात की है।

### एक्स स्टूडेंट ने मैच जीता, हारा विजय क्लब



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में एक्स स्टूडेंट ने अपना मैच जीत लिया। पहले मैच में एक्स स्टूडेंट्स क्लब ने विजय क्लब को 2-0 से हराया। एक्स स्टूडेंट्स की ओर से अतीफ ने 18वे मिनट मेंए सद्दाम ने 43 वे मिनट में गोल किया। दूसरा मैच ममता स्पोर्टिंग क्लब और ए डी ए क्लब के बीच में हुआ जिसमें यह मैच 0-0 से ड्रा रहा। कल पहला मैच न्यू ब्वॉयज क्लब और पुलिस यंग ब्वॉयज क्लब व दूसरा मैच टी जी एफसी क्लब और अवध क्लब के बीच होगा।

### मुसेटी ने अलकारेज को हराकर जीता हैम्बर्ग ओपन

**हैम्बर्ग।** लोरेंजो मुसेटी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकारेज को 6-4, 6-7 (6), 6-4 से हराकर हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इटली के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो घंटे 47 मिनट तक चले मैच में अलकारेज के पिछले चार टूर्नामेंट से फाइनल में चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाई और दूर स्तर पर अपना पहला खिताब जीता। अलकारेज ने इस साल मैड्रिड, बार्सिलोना, मियामी और रियो डी जनेरियो में खिताब जीते थे। स्पेन के इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करके मुकाबले को तीसरे और निर्णायक सेट तक पहुंचाया लेकिन मुसेटी ने इसके बाद उन्हें मौका नहीं दिया।